
जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 306
जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित
जयपुर, शनिवार, 27 सितंबर, 2025
www.mahanagartimes.com

facebook YouTube X twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


12



नवरात्र के पांचवे दिन आज स्कंदमाता की पूजा की जाएगी। स्कंद का अर्थ भगवान कार्तिकेय है, अतः इनके नाम का अर्थ ही स्कंद की माता है। देवासुर संग्राम के सेनापति भगवान स्कन्द की माता होने के कारण मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जानते हैं।

**शुभदास्तु सदा देवी**
**स्कन्दमाता यशस्विनी।**

स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. योगेश शर्मा के अनुसार इनकी दाहिनी तरफ की ऊपर वाली भुजा में भगवान स्कंद गोद में हैं। इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है। बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी है, उसमें भी कमल पुष्प हैं। इनका वर्ण पूर्णतः शुभ्र है। ये कमल के आसन पर भी विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है। इनकी पूजा करने से सुख, ऐश्वर्य और मोक्ष प्राप्त होता है। इसके अलावा हर तरह की इच्छाएं भी पूरी होती है। ऐसी मान्यता है कि देवी स्कंदमाता को सफेद रंग बेहद ही पसंद है, जो शांति और सुख का प्रतीक है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार देवी स्कंदमाता बुध ग्रह को नियंत्रित करती हैं। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होना चाहिए, जिससे कि ध्यान, चित्त और वृत्ति एकाग्र हो सके। यह शक्ति परम शांति व सुख का अनुभव कराती है।

## मिग-21 ने भरी अंतिम उड़ान, 62 साल बाद रिटायर

# अब यादों में रहेगा दुश्मनों का दिल दहलाने वाला जांबाज




महानगर संवाददाता

**चंडीगढ़।** अनुशासन, शौर्य-साहस के समन्वय के प्रतीक और तीन जंगों में दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त करने वाले मिग-21 को शुक्रवार को विदाई दी गई। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने देश के सबसे ऐतिहासिक लड़ाकू विमानों में से एक मिग-21 की अंतिम उड़ान पूरी कर भारतीय वायुसेना के इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने मिग-21 के टेल नंबर 2777 के साथ एयरबेस पर सुरक्षित लैंडिंग की। इस मौके पर पूरा वायुसेना परिवार गर्व और भावनाओं से भरा नजर आया। विदाई से पहले मिग-21 को वॉटर कैनन सैल्यूट दिया गया। इसी दौरान सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने अपनी प्रस्तुति शुरू की। मिग-21 की अंतिम उड़ान को देखकर इन्हें उड़ाने वाले पूर्व वायु सैनिक भावुक हो गए। चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित विदाई समारोह के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तीनों सेनाओं के प्रमुख गवाह बने। ठीक उसी तरह, जब 62 वर्ष पहले भारत में मिग लाने में उस वक्त के रक्षा मंत्री वीके कृष्ण मेनन का बड़ा रोल था।




### वीरता की यात्रा में मिग-21 का अहम योगदानः सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'आज मैं सबसे पहले भारतीय वायुसेना के वीरों को नमन करता हूं। आजादी से लेकर अब तक भारत की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शौर्य पराक्रम का परिचय दिया है। वीरता की अब तक की यात्रा में मिग-21 का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज मिग-21 की ऑपरेशनल जर्नी से विदाई हो रही है तो यह अध्याय भारतीय वायुसेना के इतिहास के साथ-साथ हमारी सैन्य टीम की जर्नी में गोल्डन लेटर से लिखा जाएगा।

### अनुशासन, समन्वय और साहस का प्रतीक

उड़ान पूरी करने के बाद एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि मिग-21 सिर्फ एक विमान नहीं, बल्कि भारतीय वायुसेना के अनुशासन, समन्वय और साहस की जीवंत पहचान है। यह विमान दशकों से हमारे वीर पायलटों का साथी रहा है और हर कठिन परिस्थिति में उसने अपनी विश्वसनीयता साबित की है। मिग-21 न केवल भारतीय वायुसेना के युद्धों में योगदान देने वाला विमान रहा, बल्कि यह पायलटों के प्रशिक्षण और साहस का प्रतीक भी रहा। छह दशकों तक सेवा देने के बाद, यह विमान अब इतिहास का हिस्सा बन गया।

### मिग-21 का गौरवशाली इतिहास

सोवियत संघ से मिले इस विमान ने 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में प्रवेश किया था। 1965 और 1971 के युद्ध से लेकर करगिल संघर्ष तक, मिग-21 ने कई अहम अभियानों में अपनी ताकत दिखाई। इसे 'टाइप-77' के नाम से भी जाना जाता है। लंबे समय तक भारतीय आसमान की सुरक्षा का प्रहरी बने रहने वाले मिग-21 के स्थान पर अत्याधुनिक तेजस एलसीए मार्क 1ए, सुखोई-30 और राफेल जैसे आधुनिक विमान वायुसेना की ताकत बन चुके हैं।

### मिग-21 की कमी खलेगी

थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मिग-21 बहुत ताकतवर था। यह पल भावुक करने वाला है। पूर्व वायुसेना अध्यक्ष बीएस धनोआ ने कहा कि मिग की ताकत का लोहा दुश्मन भी मानता था और आज तक घबराता था। मिग-21 की कमी जरूर खलेगी, लेकिन अब नए जंगी जहाज ताकत बढ़ाएंगे।

# 'राजस्थानियों ने दुनियाभर में फैलाई अपने प्रदेश की मिट्टी की महक'




## हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी मीट समारोह में बोले सीएम भजन लाल शर्मा, 'राजस्थान इज रेडी, राइजिंग एंड लीडिंग'

## प्रवासी राजस्थानी दिवस के लिए किया प्रवासी राजस्थानियों को आमंत्रित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी जहां भी जाते हैं, वहां अपनी मेहनत और ईमानदारी से काम करते हैं, जिसके कारण वे सूबे की संस्कृति, विचार और मिट्टी की खुशबू बिखेरते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में निवेश के लिए सही वातावरण तैयार किया है, जिसके कारण वे राज्य में उपलब्ध असीमित अवसरों में निवेश कर प्रदेश के विकास में साझेदार बनें, जिससे एक नए तथा विकसित राजस्थान का निर्माण हो।

सीएम भजनलाल शर्मा शुक्रवार को हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले साल दिसंबर में राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। उन्होंने सभी प्रवासी राजस्थानियों को इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया।

### प्रवासी राजस्थानियों के लिए बनेगा विशेष विभाग

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान देगी और विभिन्न अवसरों पर भी सराहनीय कार्य करने वाले प्रवासियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के व्यावसायिक और सामाजिक प्रयासों में सहयोग के लिए एक विशेष विभाग का गठन किया जाएगा।

### प्रवासी राजस्थानियों के लिए हर जिले में बना सिंगल प्वॉइंट कॉन्टेक्ट

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान फाउंडेशन को मजबूत करते हुए पिछले एक साल में 14 नए चैप्टर खोले हैं तथा पूर्व के 12 चैप्टर्स में भी अध्यक्षों को मनोनीत कर सभी 26 चैप्टर्स को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के न्यूयॉर्क, लंदन, रियाद जैसे कई बड़े शहरों में राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर सुचारु रूप से चल रहे हैं।

### ऊर्जा-पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरकार ले रही अभूतपूर्व निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजस्थान के माही-बांसवाड़ा में 2 हजार 800 मेगावाट क्षमता की 42 हजार करोड़ रुपए लागत वाली न्यूक्लियर पावर परियोजना का शिलान्यास किया है। बैटरी स्टोरेज, पंप स्टारेज, रूफटॉप सोलर, पीएम कुसुम के तहत विकेंद्रीकृत सोलर प्रोजेक्ट सहित ऊर्जा के हर क्षेत्र में राज्य ने एक नई पहल की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन निवेश में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार ने भूमि आवंटन के लिए न्यूनतम निवेश को 100 करोड़ रुपए से घटाकर 50 करोड़ रुपए कर दिया है। इस संशोधन से हेरिटेज, वेलनेस और हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र के साथ-साथ घरेलू निवेशकों को भागीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमने रिप्स-2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव के लिए पर्यटन में निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपए से घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दी है। राजस्थान खनिज नीति तथा राजस्थान एम-सैंड पॉलिसी लॉन्च की है। उन्होंने कहा कि जयपुर और जोधपुर में अत्याधुनिक टियर-4 डाटा सेंटर स्थापित किए गए हैं तथा शीघ्र ही नई सेमीकंडक्टर पॉलिसी भी आने वाली है। प्रदेश में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, वस्त्र, चिकित्सा उपकरण, रक्षा उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण सहित सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए बेहतरीन अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया तथा राजस्थानी फाउंडेशन चैप्टर मेंबरशिप की भी लॉन्चिंग की। इससे पहले प्रवासी राजस्थानियों पर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर उद्योग राज्यमंत्री केके बिश्नोई, श्रम विभाग के शासन सचिव पी. रमेश, राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त मनीषा अरोड़ा, प्रवासी समुदाय से ऑल इंडिया मारवाड़ी युवा मंच के नेशनल प्रेसिडेंट सुरेश एम. जैन, हैदराबाद चैप्टर प्रेसिडेंट पवन बंसल, सीआईआई तेलंगाना के पूर्व चेयरमैन साई डी प्रसाद सहित बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी, उद्यमी मौजूद रहे।

### अति. जिला कलेक्टर को बनाया नोडल ऑफिसर

उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के परिवारजन के लिए प्रदेश के हर जिले में सिंगल प्वॉइंट कॉन्टेक्ट बनाया गया है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक जिले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान आज विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। राइजिंग समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू में से लगभग 7 लाख करोड़ रुपए के एमओयू धरातल पर उतर भी चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य देश में मौजूदा हाईवेज का तीसरा एवं रेलवे का पांचवां सबसे बड़ा नेटवर्क है। राजस्थान में सात प्रमुख हवाई अड्डे हैं और दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर का सबसे बड़ा हिस्सा हमारे प्रदेश से गुजरता है। पचपदरा की रिफाइनरी भी इसी वर्ष शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1 हजार 232 निवेशकों को भूमि उपलब्ध करवाई गई है तथा 17 गीगावाट की अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 34 हजार हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है जो निवेश को धरातल पर उतारने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

## दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

### सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन क्रैकर्स बना सकेंगे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दीपावली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए नीरी और पेसो का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें।'

## जस्टिस एसपी शर्मा बने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शुक्रवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया कि 27 सितंबर को मौजूदा सीजे केआर श्रीराम के सेवानिवृत्त होने के चलते जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया जाता है। फिलहाल जस्टिस एसपी शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट में वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। जस्टिस शर्मा 26 सितंबर, 2026 को रिटायर होंगे।

## तुर्किये के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

- **कहा- यूएन के मुताबिक हो समाधान**
- **राष्ट्रपति एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र**

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** तुर्किये के कश्मीर मुद्दा उठाने के जवाब में भारत ने भी साइप्रस का मुद्दा उठाया है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) नियमों के मुताबिक हल करने की बात कही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। दरअसल तुर्किये ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है। भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है।

भारत ने मोदी-पुतिन को लेकर नाटो चीफ का बयान खारिज किया

जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन वॉर मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है।

जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है। उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं।

## आईएसआई जासूस रिमांड पर, इंटेलिजेंस करेगी पूछताछ

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस ने अरेस्ट किए आईएसआई जासूस को शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किए जासूस हनीफ खान (47) पुत्र मीर खान निवासी बासनपीर जुनी सदर हाल मोहनगढ़, जैसलमेर को कोर्ट ने चार दिन के रिमांड पर भेजा है। अब सीआईडी इंटेलिजेंस के साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियां आरोपी जासूस से संयुक्त पूछताछ करेंगी। जैसलमेर से पकड़ा जासूस पैसों के लालच में इंडियन आर्मी की जासूसी कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर की भी जानकारी उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भेजी थी। आईजी (सीआईडी सिक्योरिटी) डॉ. विष्णुकांत ने बताया कि राजस्थान की सीआईडी इंटेलिजेंस टीमों की ओर से राज्य में जासूसी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# सोनम वांगचुक को जोधपुर सेंट्रल जेल में किया शिफ्ट



- **लद्दाख से कड़ी सुरक्षा में लाए गए**
- **सरकार ने लेह में हुई हिंसा का जिम्मेदार माना था**

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार को अरेस्ट कर लिया गया। उन्हें लद्दाख से कड़ी सुरक्षा में जोधपुर सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया।


सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को लेह से गिरफ्तारी के बाद सिक्योरिटी एजेंसियां वांगचुक को पहले दिल्ली ले गई। वहां से विशेष व्यवस्था के तहत जोधपुर लाया गया। जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन से कड़ी सुरक्षा में उन्हें सीधे सेंट्रल जेल पहुंचाया गया।

जेल सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर 3 बजे से ही जोधपुर सेंट्रल जेल में विशेष तैयारियां शुरू कर दी गई थी। तब तक जेल में सिर्फ यही कहा जा रहा था कि किसी वीआईपी को लाया जा रहा है। रात करीब 8.30 बजे एक के बाद एक पुलिस और सेना की गाड़ियां लाल फाटक से जेल परिसर में दाखिल हुई। यहां सेंट्रल जेल के मुख्य गेट पर लाने के बाद जेल प्रशासन से पहले औपचारिकताएं पूरी की गई। इसके बाद वांगचुक को जेल में एक अलग वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

# 'कोई बहन रोजगार करती है, तो उसके सपनों को पंख लग जाते हैं'

## बिहार की 75 लाख महिलाओं को बड़ी सौगातः सभी के खाते में पीएम मोदी ने भेजे 10-10 हजार रुपए

महानगर संवाददाता



**दिल्ली।** दशहरा और दीपावली के त्योहार से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी राज्य बिहार की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की। इस स्कीम के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 10,000 रुपए की रकम ट्रांसफर की गई, जिसकी कुल राशि 7,500 करोड़ रुपए है। सीएम नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इस योजना को बड़ा गेम चेंजर माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने योजना को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा, 'नवरात्र के इन पावन दिनों में मुझे बिहार की महिलाओं की खुशी में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। मैं स्क्रीन पर लाखों महिलाओं को देख रहा हूं और उनका आशीर्वाद हम सभी के लिए बहुत बड़ी शक्ति है। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।'

### 75 लाख महिलाओं को भेजी गई रकम

उन्होंने आगे कहा, 'आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ हो रहा है। अब तक 75 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़ चुकी हैं और इन सभी महिलाओं के बैंक खातों में 10,000 रुपए की रकम ट्रांसफर की जा चुकी है।' पीएम मोदी ने कहा कि जब यह प्रक्रिया चल रही थी, तब मैं सोच रहा था कि आज नीतीश जी की सरकार ने बिहार की बहनों-बेटियों के लिए कितना बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जब कोई बहन या बेटी रोजगार या स्वरोजगार करती है, तो उसके सपनों को नए पंख लग जाते हैं और समाज में उसका सम्मान और भी बढ़ जाता है।

### अगर खाते न खुलवाते तो कैसे भेज पाते रुपए

पीएम मोदी ने कहा कि दूसरी बात जो मेरे मन में आई, वो ये थी कि अगर हमने 11 साल पहले, जब आपने मुझे प्रधान सेवक के रूप में सेवा का अवसर दिया, तब जनधन का संकल्प न लिया होता और जनधन योजना के तहत बहन-बेटियों के बैंक खाते न खुलवाए होते और बैंक खाते को मोबाइल से न जोड़ा होता तो क्या आज हम ये पैसे आपके बैंक खाते में भेज पाते? पहले एक प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से अगर एक रुपया भेजा जाता है, तो सिर्फ 15 पैसा पहुंचता है, 85 पैसे कोई पंजा मार लेता है। आज ये जो 10-10 हजार रुपए भेजे गए हैं, इन्हें कोई लूट नहीं सकता।

### 2 लाख रुपए तक की मिलेगी सहायता

बिहार मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। सरकार की तरफ से 10,000 रुपए की शुरुआती सहायता दी जा रही है। वहीं, रोजगार शुरू होने के बाद 2 लाख रुपए तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार और आजीविका के मौके देने के लिए शुरू की गई है।

### शिक्षक संगठन इसके पक्ष में नहीं: मुख्य शिक्षा सचिव ने अधिकारियों से किया मंथन

# पहले भी विफल रहा एक अप्रेल से शिक्षा सत्र का प्रयोग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयी शिक्षा का आगामी सत्र 1 अप्रेल से शुरू करने की मंशा पर मंथन शुरू किया जा रहा है। इस खबर ने ही शिक्षक संगठनों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विद्वानों को फिर से एक नया मुद्दा दे दिया है। दूसरी ओर शिक्षा विभाग के ही विभिन्न खण्डों से इस बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करके राय भी मांगी गई है।



### शिक्षा सचिव ने बैठक में अधिकारियों से जानी जमीनी हकीकत

सत्र शुरू करने के लिए शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने हाल ही एक बैठक भी ली है, जिसमें राज्य परियोजना निदेशक और आयुक्त अनुपमा जोरवाल और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक और आयुक्त सहित चुनिंदा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक के दौरान वर्तमान सत्र का छोटा कर अगले सत्र के लिए समय निकाला जाएगा। इसके साथ ही इस बार होने वाली परीक्षाओं के परिणामों सहित अन्य परेशानियों पर भी मंथन हुआ।

### नई शिक्षा नीति के अनुसार होगा सत्र

दरअसल नई शिक्षा नीति 2022 के अनुसार शैक्षिक सत्र 1 अप्रेल से शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में देश भर के शिक्षा विभागों की ओर से इस आश्य के लिए बैठकों का दौर शुरू किया गया है। यह अभी मंथन स्तर तक है। नई शिक्षा नीति के अनुसार 1 अप्रेल से शिक्षा सत्र की शुरुआत की जाना प्रस्तावित है, जो 15 मई तक चलेगा इसके बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश आ जाएंगे। जुलाई में फिर सत्र की शुरुआत होगी, तब तक पुस्तकों का आंवटन भी शुरू कर दिया जाना निश्चित किया गया है।

### शिक्षक संगठनों की राय

#### पहले भी हो चुका यह फ्लॉप शो

शिक्षक संगठन अरस्तु ने प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने कहा कि पहले भी दो बार प्रयोग हो चुका है, जोकि पूरी तरह से निराशा जनक रहा। अग्रवाल ने बताया कि तत्कालीन शिक्षा मंत्री गुलाब चंद कटारिया और घनश्याम तिवाड़ी ने ऐसा प्रयोग किया था, लेकिन यह अव्यावहारिक है। इसी कारण ये दोनों मंत्री भी तमाम प्रयासों के बाद भी इस लक्ष्य को पाने में असफल रहे। अग्रवाल ने कहा कि मार्च में ही बोर्ड की परीक्षा होगी, परिणाम कब दोगे, जबकि 1 अप्रेल से सत्र की शुरुआत करना चाहते हैं।

#### पुस्तकें ही वितरित नहीं हुई

शिक्षक संगठन शेखावत ने कहा कि सत्र शुरू होने के बाद लंबे समय पर तक पुस्तकों का वितरण नहीं किया जाता है। वर्तमान में भी वितरण समय पर पूरा नहीं हो पाया था। ऐसे में पाठ्यपुस्तक मण्डल में पुस्तक प्रिंट का आर्डर आएगा, तभी वे छाप पाएंगे, जबकि सभी कक्षाओं के लिए ऑर्डर का निर्धारण होने में ही समय लगा दिया जाता है।

#### इनका कहना है

विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन के लिए नई शिक्षा नीति के अनुसार यह मंथन किया जा रहा है। इसमें कई अन्य नवाचार शामिल होंगे, करने से ही कार्य होगा। एक अप्रेल से सत्र की शुरुआत के बारे में अधिकारियों के साथ सभी कोणों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

**- कृष्ण कुणाल,** मुख्य शिक्षा सचिव राजस्थान

#### प्रवेशोत्सव सहित अन्य कार्य होंगे प्रभावित

शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से महामंत्री महेन्द्र ने कहा कि एक अप्रेल से सत्र की शुरुआत करना उचित नहीं है। मई में ही शिक्षक प्रवेशोत्सव में शामिल होते हैं, तब जाकर जुलाई तक प्रवेश होते हैं। ऐसे में अप्रेल से सत्र शुरू करने के लिए प्रवेशोत्सव का कैसे समावेश किया जा सकेगा। दूसरी बात यह भी है कि इस सत्र का भी समापन कब किया जा सकेगा। कई अन्य शासकीय और प्रशासनिक पेचिदगियां आएंगी।

## 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, एस.एम.एस. अस्पताल मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू



एस.एम.एस. अस्पताल, आईपीडी टावर, एस.एम.एस. स्टेडियम, शासन सचिवालय और चार दीवारी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति होगी मजबूत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर शहर वासियों को अच्छी गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विद्युत प्रसारण निगम ने 132 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, एस.एम.एस. अस्पताल मेडिकल कॉलेज, जयपुर का संचालन शुरू कर दिया है।

यह ग्रिड सब-स्टेशन नवीनतम गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) टेक्नोलॉजी पर आधारित है तथा इस ग्रिड सब-स्टेशन के बनने में लगभग 86 करोड़ रुपए की लागत आई हैं। इस जीआईएस के चालू होने से अब 132 केवी जीएसएस जवाहर नगर, एसएमएस स्टेडियम और चम्बल से बार-बार होने वाली विद्युत आपूर्ति में व्यवधानों से छुटकारा मिलेगा। अब इन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति स्थिर, निरन्तर और निर्बाध होगी तथा एस.एम.एस. अस्पताल, आईपीडी टॉवर, एस.एम.एस. स्टेडियम, शासन सचिवालय और आस-पास के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विद्युत सेवा का भरोसेमंद संचालन सुनिश्चित होगा।

## शहरी सेवा शिविर: 20 साल बाद मिले आवंटन सह आरक्षण पत्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए में स्थित नागरिक सेवा केंद्र एवं जनसुनवाई केंद्र में शुक्रवार को आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन आए। जेडीए के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही प्राप्त 165 आवेदनों का निस्तारण किया गया। जेडीसी आनन्दी ने बताया कि सेंट्रल स्पाइन योजना में आवंटन से शेष रहे कुछ काश्तकारों या खातेधारकों को विभिन्न कारणों से गत 20 वर्षों से विकसित भूमि के आरक्षण पत्र एवं आवंटन पत्र नहीं मिल पा रहे थे। शहरी सेवा शिविर में 20 काश्तकारों एवं खातेधारकों को आवंटन सह आरक्षण पत्र जारी किए गए। सेंट्रल स्पाइन योजना ब्लॉक जी में लगभग 120 बीघा भूमि समर्पित करवाकर उनको आरक्षण पत्र व आवंटन सह मांग पत्र जारी किए गए। शुक्रवार को जोन 7 में 1 पट्टा, 4 अपंजीकृत पट्टे पुनर्वैध, 5 नाम हस्तांतरण, 1 उपविभाजन एवं पुनर्गठन, जोन 8 में 5 पट्टे, 4 नाम हस्तांतरण, 2 उपविभाजन एवं पुनर्गठन, जोन 11 में 91 पट्टे, 1 नाम हस्तांतरण, 2 उपविभाजन एवं पुनर्गठन, जोन 13 में 11 पट्टे, 3 नाम हस्तांतरण और जोन 14 में 35 पट्टे जारी किए गए।



### हेरिटेज निगम की कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव का फिर बढ़ा कार्यकाल

**जयपुर (मसं)।** हेरिटेज नगर निगम की मेयर कुसुम यादव का फिर से सरकार ने कार्यकाल 60 दिन या फिर अग्रिम आदेश तक बढ़ा दिया है। निर्दलीय पार्षद कुसुम यादव को कांग्रेस की तत्कालीन मेयर मुनेश गुर्जर के भ्रष्टाचार के कथित मामले में निलंबन के बाद कार्यवाहक मेयर बनाया गया था। उन्होंने 25 सितम्बर 2024 को पदभार संभाला था। इसके बाद कई बार उनका कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है। अब संभवतः आगामी निकाय चुनावों तक वे ही जयपुर हेरिटेज निगम की महापौर रहेंगी।

### हंगामे के बीच डेढ़ घंटे ही चली साधारण सभा की बैठक

# निगम की साधारण सभा में लगे वोट चोरी, पप्पू-पप्पू के नारे

महानगर संवाददता

**जयपुर।** ग्रेटर निगम की शुक्रवार को हुई 8वीं साधारण सभा हंगामेदार रही। कांग्रेस पार्षद हाथों में तख्तियां लेकर टेबल पर चढ़ गए और जमकर नारेबाजी की। हंगामे के चलते एक बार सभा को 10 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। स्थगन के बाद जब फिर सभा शुरू हुई, तो सभा में अपना पक्ष रखने को लेकर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

साधारण सभा की यह विशेष बैठक थी, जिसमें जीएसटी सुधार और वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा होनी थी, लेकिन बैठक में चर्चा से ज्यादा हंगामा हुआ और इसके चलते डेढ़ घंटे बाद ही बैठक को स्थगित करना पड़ा। बैठक का समय सवा 12 बजे तय था, लेकिन सभा करीब एक बजे शुरू हुई। पौन घंटा देरी से शुरू सभा में शुरुआती दौर में पहले बोलने का मौका देने की बात को लेकर कांग्रसी पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया।



### विकास के मुद्दे गौण, केंद्र की योजनाओं का बकान

नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी ने साधारण सभा के आयोजन को लेकर सवाल खडे किए और कहा कि क्या निगम की साधारण सभा की बैठक में केंद्र की योजनाओं का बखान किया जाना चाहिए, यह सभा शहर के विकास के मुद्दे को लेकर बुलाई जानी चाहिए। सिर्फ नम्बर बढ़ाने के लिए महापौर ने साधारण सभा बुलाकर फालतू का खर्चा कर दिया। राजीव चौधरी ने कहा कि जीएसटी पर चर्चा करनी ही है तो आप कहीं पार्क, दुकान और आमजन के बीच जाकर कीजिए। सदन में शहर के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करो, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। इस बात पर बीजेपी के पार्षद सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। भाजपा पार्षदों की नारेबाजी के बाद कांग्रेस पार्षद भी वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाने लगे। हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस के पार्षद अपनी टेबलों पर चढ़ गए और जोर-जोर से नारे लगाने। दोनों तरफ से हंगामा बढ़ता देख मेयर सौम्या गुर्जर ने सदन को 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। हंगामे के दौरान कांग्रेसी पार्षदों की ओर से काला कपड़ा भी लहराया गया, हालांकि बाद में काला कपड़ा छीन लिया गया। 10 मिनट बाद बैठक फिर शुरू हुई और भाजपा पार्षदों ने एक-एक करके बोलना शुरू किया। तीन पार्षदों के बोलने के बाद कांग्रेस के पार्षदों ने उन्हें नहीं बोलने देने की बात को लेकर हंगामा किया। इस दौरान कांग्रेस से पार्षद करण शर्मा इतने नाराज हुए कि उन्होंने प्रस्ताव की प्रति ही फाड़ दी। कांग्रेस के सभी पार्षदों का आरोप है कि अगर बीजेपी के ही पार्षदों को बोलने दिया जा रहा है तो हमें सदन में क्यों बुलाया है। सदन में बोलने नहीं देने के मुद्दे पर एक बार फिर कांग्रेसी पार्षद गुस्सा हो गए। उन्होंने सदन में वापस हंगामा करते पेपर लहराए और टेबल कुर्सी पर खड़े हो गए। वहीं दूसरी और बीजेपी पार्षदों की ओर से पप्पू गांधी और पप्पू-पप्पू के नारे लगाए गए है। हंगामा बढ़ता देख मेयर ने बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

### कांग्रेसी पार्षद ने फाड़ी प्रस्ताव की प्रति

बैठक में जीएसटी को लेकर भाजपा पार्षद अपना पक्ष रख रहे थे और लगातार भाजपा के अलग-अलग पार्षदों को बोलने का मौका दिया जा रहा था। इसी बीच सभा में नहीं बोलने देने से नाराज होकर कांग्रेसी पार्षद और उपनेता प्रतिपक्ष करण शर्मा ने प्रस्ताव की प्रति फाड़ दी और सभा छोड़कर बाहर जाने लगे। इस पर कांग्रेसी पार्षदों ने उन्हें रोककर सभा में बैठने के लिए समझाइश की, जिसे वे मान भी गए।



#### पहले पीएम, जिन्होंने जो संकल्प लिया वो पूरा किया: वर्मा

साधारण सभा की कार्रवाई के शुरू होने से पहले बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने सदन में बैठक की प्रस्तावना रखी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले पीएम हैं, जिन्होंने जो संकल्प लिया, वो पूरा किया है। देश की 1.40 करोड़ जनता ने संकल्प को पूरा होता देखा है। जीएसटी का लाभ अंतिम पक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रतिनिधि वोट की ताकत से विकल्प को पूरा करने का माद्दा रखते हैं।

#### पहली बार किसी निगम की साधारण सभा में जीएसटी पर चर्चा

उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने साधारण सभा में कहा कि जीएसटी बदलते भारत का सबसे बड़ा सुधार है। जीएसटी को लेकर पहली बार किसी निगम की साधारण सभा की बैठक में चर्चा की जा रही है। जीएसटी काउंसिल में सभी राज्यों का प्रतिनिधि होता है। जीएसटी को मोदी सरकार ने गुड्स एंड सिम्पल टैक्स का रूप दिया है। पूर्व में लाए गए जीएसटी में खामियां और आमजन के साथ व्यापारियों के लिए परेशानी का काम किया है। जीएसटी से 2.5 लाख करोड़ का लाभ आमजन नागरिकों आगामी दिनों में मिलेगा।

#### कांग्रेस पार्षद काम ही नहीं करना चाहते: महापौर

साधारण सभा के बाद मीडिया से बातचीत में महापौर ने कहा कि हमने बिना मांगे ही विकास को लेकर कांग्रेसी पार्षदों को बजट दिया है। सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेसी पार्षद सो रहे हैं, वे काम ही नहीं करना चाहते है। महापौर ने एक निगम बनाने को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

## हेरिटेज निगम: किशनपोल जोन में पांच जर्जर भवन अस्थाई सीज





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज के किशनपोल जोन क्षेत्र में जर्जर भवनों पर कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी के नेतृत्व में भवन निर्माण शाखा और सतर्कता दस्ते ने पांच जर्जर भवनों को अस्थाई सीज कर दिया है। जोन कार्यालय की ओर से सभी पांच भवन मालिक को जर्जर भवन के तुरंत मरम्मत के निर्देश दिए गए थे।

**इन भवनों को किया अस्थाई सीज**

4319, नथमल जी का चौक
4310, नथमल जी का चौक
4356, नथमल जी का चौक
3952 मोतीसिंह भोमिया जी का रास्ता
2305 मोतीसिंह भोमिया जी का रास्ता

नोटिस के बाद भी जर्जर भवन का मरम्मत कार्य शुरू नहीं करने पर जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने पांच जर्जर भवनों को अस्थाई सीज किया है। सभी जर्जर भवन जौहरी बाजार के मोती सिंह भोमिया जी के रास्ते में हैं।

## जेडीए ने मालवीय नगर में सड़क सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जेडीए द्वारा जोन-4 में मॉडल टाउन के पास, विष्णुपुरी कॉलोनी में रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-4 स्थित मॉडल टाउन के पास विष्णुपुरी कॉलोनी में 40 फीट रोड पर 5 फीट 6 इंच तक अतिक्रमण कर बने 3 मकान, 2 दुकानें, अत्यधिक लम्बाई में बनाए गए चबूतरे, सीढ़ियां, बाउण्ड्रीवाल, लोहे के गेट, जालियां, दीवार से निर्मित एनकलोजर सहित अन्य अतिक्रमणों को हटाया गया।





### पुलिस महानिदेशक ने जारी किया आदेश

## जिलों से आने वाले आईपीएस अधिकारियों को लगानी होगी पुलिस मुख्यालय में हाजरी

### आईजी रेंज और पुलिस अधीक्षकों को डीजीपी के अलावा डीजी इटेंलिजेस, एडीजी क्राइम और लॉ एंड आर्डर से मिलना होगा

मोहम्मद अहमद

**जयपुर।** अपने जिलों से जयपुर आए पुलिस रेंज आईजी और पुलिस अधीक्षकों को यहां सिर्फ पुलिस महानिदेशक ही नहीं, बल्कि डीजी इटेंलिजेस, एडीजी क्राइम और लॉ एंड आर्डर से भी मुलाकात करनी होगी। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने जिलास्तर के नियमित फीडबैक के लिए यह आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि रेंज आईजी और पुलिस अधीक्षक किसी भी सरकारी या गैर सरकारी काम से राजधानी में आते हैं, तो पुलिस महानिदेशक को जिले का पूरा इनपुट देगे। इसके अलावा डीजी इटेंलिजेंस, एडीजी क्राइम और एडीजी कानून व्यवस्था को भी उनके विषय से जुड़ी पूरी जानकारी दे कर जाएंगे, ताकि हर जिले के बारे में पुलिस मुख्यालय में बैठे अधिकारी पूरी तरह से अपडेट रहें।

#### डीजी इंटेलिजेंस से मिलना होगा

राजधानी आने पर रेंज आईजी को पूरी रेंज का इनपुट और जिला पुलिस अधीक्षक को अपने जिले की राजनीतिक हलचल, साम्प्रदायिक मामलों के अलावा सभी तरह का इनपुट देना होगा।

#### एडीजी कानून व्यवस्था

इसके बाद एडीजी कानून व्यवस्था से मिल कर उन्हें जिले में कानून व्यवस्था, जाातिगत तनाव और सम्प्रदायिक तनाव की पूरी जानकारी देनी होगी।

#### एडीजी क्राइम

अपराधिक वारदातें, गैंगवार, जातीय तनाव, महिलाओं से जुडे अपराध और सभी तरह के क्राइम के बारे में रेंज आईजी और जिला पुलिस अधीक्षक एडीजी क्राइम को जानकारी देनी होगी।

# पांच नए संस्कृत विद्यालय खोले, 8 स्कूल क्रमोन्नत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के अनुसार कोटा जिले की विधानसभा रामगंजमंडी की पंचायत समिति खैराबाद की ग्राम पंचायत सातल खेड़ी के गांव सातलखेड़ी खान सहित पांच जिलों में नए संस्कृत विद्यालय खोले जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। इसी के साथ तीन प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा पांच उच्च प्राथमिक विद्यालय को वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से क्रमोन्नत करने की भी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति सरकार ने जारी कर दी है।

संस्कृत शिक्षा विभाग के शासन उप सचिव रेखा सांवरिया द्वारा जारी आदेश अनुसार स्वीकृत पांच नवीन संस्कृत प्राथमिक विद्यालय में कोटा जिले के खैराबाद पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सातलखेड़ी के गांव सातल खेड़ी खान, ब्यावर जिले की मसूदा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति मसूदा की ग्राम पंचायत शिखरानी में गांव शिखरानी, टोंक जिले की निवाई विधानसभा में पंचायत समिति निवाई की ग्राम पंचायत लालवाड़ी के गांव विजय गोविंदपुरा में, डूंगरपुर जिले की विधानसभा आसपुर की पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत बोड़ीगामा के गांव बोड़ीगामा तथा भीलवाड़ा जिले की विधानसभा सहाड़ा की पंचायत समिति रायपुर की ग्राम पंचायत नाथडीयावास के गांव भील बस्ती शामिल है।

वहीं बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालन में तीन प्राथमिक विद्यालयों अजमेर संभाग के नागौर जिले के राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय डोडू, जोधपुर संभाग के जालौर में राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, पुनमाजी, रेबारी का बेरा दादाल तथा भरतपुर संभाग के धौलपुर जिले में राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, पुरानी छावनी को उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमोन्नत करने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है।

पांच उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालयों को वरिष्ठ उपाध्याय स्तर पर क्रमोन्नत किया गया है। इसमें कोटा संभाग के बारां जिले का राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कुंज विहार, गणेश मंदिर, अटरू रोड तथा कोटा संभाग के ही झालावाड़ जिले का राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय नंदपुर, पनवाड़, खानपुर, बीकानेर संभाग में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा का राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, 3 एमओडी, अजमेर संभाग के जैतारण जिले के ब्यावर का मातु श्रीमती रुकमा बाई रणछोड़ सिंह राजपुरोहित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय मोहराई तथा अजमेर संभाग के अजमेर जिले के पीसांगन का राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, पुष्कर शामिल है।

### एक छत के नीचे मिलेगा घर की हर जरुरत का सामान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर के पत्रकार कॉलोनी के नजदीक शुक्रवार को एक प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। इस प्रतिष्ठान में खाने-पीने से लेकर भवन निर्माण से जुड़ी हर जरुरत का सामान आमजन खरीद सकेंगे। यहां पर आमजन को जीएसटी के अलावा अन्य छूट भी मिलेगी। शुक्रवार को पत्रकार कॉलोनी में स्थित सैक्रोज बाथवेयर एवं द फैमिली शॉप खोली गई है। इस संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अरुण कुमार सिंह एवं अमित खंडेलवाल है।

# सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग की अनुमति से ही मिलेगा डेपुटेशन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी विभागों में एक से दूसरे विभाग में प्रतिनियुक्ति कराना अब आसान नहीं रहेगा। इसके लिए पहले कर्मचारी या अधिकारी के मूल प्रशासनिक विभाग से अनुमति लेनी होगी। इसकी अनुमति के बाद ही प्रतिनियुक्ति हो सकेगी।

प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से इस बारे में जारी आदेश के अनुसार बिना सहमति के प्रतिनियुक्ति आदेश जारी किए गए तो वे स्वतः प्रभावहीन माने जाएंगे और संबंधित विभागीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे। यदि किसी कारणवश आपात स्थिति में आदेश जारी करना आवश्यक हो, तो तुरंत प्रशासनिक विभाग को सूचना देकर उसकी सहमति लेनी होगी।

दरअसल कई बार ऐसा देखा गया है कि जयपुर या किसी अन्य बडे शहर या अपने गृह जिले में बने रहने के लिए कर्मचारी और शिक्षक जिला प्रशासन या किसी अन्य विभाग में प्रतिनियुक्ति करा लेते हैं। बाद में मूल विभाग इन्हें वापस आने के लिए कहता रहता है, लेकिन कर्मचारी मूल विभाग में नहीं लौटते हैं। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा विभाग ने ही कई बार अपने शिक्षकों और कर्मचारियों को मूल विभाग में लौटने के आदेश जारी किए हैं, लेकिन इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिला। इस स्थिति को रोकने के लिए ही अब प्रतिनियुक्ति से पहले मूल विभाग की सहमति की शर्त अनिवार्य की गई है।

## ढाई महीने चली बारिश से 90 प्रतिशत से ज्यादा भरे बांध

# इस बार लबालब हुए बांध, 5 फीसदी ज्यादा आया पानी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इस बार लम्बे और भरपूर बरसे मानसून ने प्रदेश के बांधों को लबालब कर दिया है। प्रदेश के बांधों में इनकी भराव क्षमता का 90.75 प्रतिशत पानी आ गया है, जो पिछले बरस के मुकाबले 5.11 प्रतिशत ज्यादा है। बांधों में आए भरपूर पानी से इस बार गर्मियों में जल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है।



प्रदेश में इस बार मानसून की शुरुआत से पहले बांधों में इनकी कुल भराव क्षमता का 43.33 प्रतिशत पानी था। यह स्थिति 15 जून की थी और इस बार प्रदेश में इसके आस-पास ही बारिश का दौर शुरू हो गया था, जो अभी सितम्बर की शुरुआत तक जारी था। ऐसे में करीब ढाई से पौने तीन महीने तक चले बारिश के दौर ने बांधों लगभ्ग उतना ही पानी और ला दिया, जो बारिश की शरुआत से पहले था। पिछले वर्ष की बात करें तो उस समय भी बारिश अच्छी हुई थी, लेकिन अवधि इस बार के मुकाबले कम थी, ऐसे में पिछले वर्ष 85.64 प्रतिशत आया था। इस बार अवधि ज्यादा थी और बारिश भी ज्यादा हुई। ऐसे में बांधों में पांच प्रतिशत अधिक पानी आया है।

प्रदेश में छोटे-बडे कुल 693 बांध हैं और इनमें से 457 पूरी तरह भर गए है, जबकि 130 आंशिक भरे हुए हैं। इस तरह प्रदेश के 587 बांधों में इस बार पानी है।

### कोटा सम्भाग में सबसे ज्यादा, भरतपुर में कम

सम्भागवार स्थिति देखें तो भरतपुर को छोड़कर सभी सम्भाग के बांधों में 80 प्रतिशत से ज्यादा पानी आया है। कोटा सम्भाग के बांधों में सबसे ज्यादा 98.68 प्रतिशत आया है। वहीं बांसवाड़ा में 98.22 प्रतिशत पानी आया है। आमतौर पर सूखाग्रस्त रहने वाले पश्चिमी राजस्थान जोधपुर सम्भाग के बांधों में भी इस बार 80.96 प्रतिशत पानी आया है, जो पिछली बार के मुकाबले आठ प्रतिशत ज्यादा है। जयपुर की बात करें, तो यहां के 186 बांधों में 85.34 प्रतिशात पानी आया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत अधिक है।

### बढ़ेगा भूजल स्तर

बांधों में पानी की आवक अच्छी होने का सीधा असर आस-पास के कुओं और भूजल स्तर पर पड़ता है। पिछली बार अच्छी बारिश के असर से भूजल स्तर में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिली थी। माना जा रहा है कि इस बार भी मानसून के बाद होने वले भूजल स्तर के अध्ययन में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

# आरपीएससीः शिक्षा विभाग की डीपीसी बैठक में 12,193 पदों पर बंपर पदोन्नति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण डीपीसी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक में विभाग के विभिन्न संवर्गों में कुल 12,193 पदों पर पदोन्नति के लिए अनुशंसा की गई है।

आयोग सदस्य प्रो. अय्यूब खान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कुल 11,959 पदों की नियमित डीपीसी की गई है। इस नियमित डीपीसी के तहत 11,959 अधिकारियों को पदोन्नति मिली है। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा उप प्राचार्य के पदों का है, जिनमें चयन वर्ष 2023-24 के 8,167 और 2024-25 के 3,719 अधिकारियों की पदोन्नति की अनुशंसा की गई है। इसके अलावा, उच्च प्रशासनिक पदों पर भी पदोन्नति के लिए प्राप्त प्रकरणों पर विचार किया गया। इनमें उपनिदेशक के 53 पद, संयुक्त निदेशक के 18 पद और अतिरिक्त निदेशक के 2 पद पर 2025-26 चयन वर्ष के अंतर्गत पदोन्नति के लिए अनुशंषा दी गई।

### रिव्यू डीपीसी कुल-234 पद

रिव्यू डीपीसी के तहत 234 पदों पर पदोन्नति के लिए प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा की गई, जिसमें प्राध्यापक (इतिहास) में सर्वाधिक 52 पद, प्राध्यापक (हिन्दी) में 44 पद और प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) में 37 पद एवं अन्य विषयों के प्राध्यापक पदों में रसायन के 15, अंग्रेजी के 14, भूगोल के 9, संस्कृत के 9, गणित के 7, जीव विज्ञान के 6, भौतिकी के 4, समाजशास्त्र के 3, वाणिज्य के 3 और उर्दू के 2 पद शामिल हैं। इसके अलावा उप जिला शिक्षा अधिकारी से प्रधानाचार्य के 1 पद तथा प्राध्यापक के 14 और प्रधानाचार्य के 12 छाया पदों पर भी पदोन्नति की अनुशंसा प्रदान की गई है। बैठक में निदेशक माध्यमिक शिक्षा सीताराम जाट, संयुक्त सचिव शिक्षा (ग्रुप-2) विभाग मनीष गोयल, कार्मिक विभाग प्रतिनिधि सिराज अली जैदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजमेर सोनिया शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**तकनीक, नवाचार व स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा**

## मुख्यमंत्री ने हैदराबाद में हाईटेक सिटी का किया दौरा, बोले राजस्थान में 429 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित

# ‘आईटी और आईटीईएस का ‘राइजिंग हब’ बना जयपुर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर आईटी और आईटीईएस का ‘राइजिंग हब’ बन चुका है। देश-विदेश की प्रमुख कंपनियां आईटी पार्क जयपुर, उदयपुर और महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रिप्स-2024 के तहत आईटी और आईटीईएस प्रोजेक्ट्स को एसेट-क्रिएशन इंसेंटिव के तीन विकल्प दिए जा रहे हैं। इसके तहत 7 वर्षों तक 75 प्रतिशत एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति, 20 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी या 1.4 प्रतिशत टर्नओवर-लिंक्ड इंसेंटिव में से किसी एक का लाभ लेने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि एक बार विकल्प चुनने पर यह लाभ 10 वर्षों तक लागू रहता है।

शर्मा ने शुक्रवार को हैदराबाद में हाइटेक सिटी का दौरा कर टी-हब की नवाचार-उन्मुख क्षमताओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा



कि राज्य में 429 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा चुके हैं, जिनमें उद्योगों के लिए सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा रीको की नई डायरेक्ट लैंड अलॉटमेंट नीति के तहत राइजिंग राजस्थान योजना के अंतर्गत एमओयू धारकों को विशेष क्षेत्रों में औद्योगिक भूखंड आरक्षित दरों पर प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष भूमि आवंटन का पांचवां चरण वर्तमान में प्रगतिरत है, जिसमें 79 औद्योगिक क्षेत्रों में 7 हजार भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। रीको द्वारा अब तक 1 हजार 232 उद्यमियों को भूमि उपलब्ध कराई गई है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान 33 गीगावॉट की सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता के साथ देश में प्रथम स्थान पर है। साथ ही, राज्य में लगभग 27 लाख करोड़ रुपए के नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट्स भी विभिन्न चरणों में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की नवीकरणीय ऊर्जा नीति निवेशकों को क्लीन एनर्जी, बैटरी स्टोरेज और ग्रीन टेक्नोलॉजी में निवेश करने के लिए प्रेरित करती है।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान न केवल निवेशकों के लिए अनुकूल राज्य है, बल्कि आईटी, नवाचार और उद्योग सहित हर क्षेत्र में समृद्धि और विकास की दिशा में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान में सभी उद्यमियों, निवेशकों और स्टार्टअप्स का स्वागत करते हैं।

इस दौरान शर्मा ने आईटी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में तकनीक, नवाचार और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग पर भी चर्चा हुई। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों और निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि वे राज्य के विकास, तकनीकी नवाचार और सामाजिक प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम 2025

# आज से जयपुर में दो दिन खुशियों की बातें!



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुलाबी नगरी में ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम जयपुर 2025 का आयोजन हो रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 27-28 सितंबर को आयोजित हो रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन में भारत और विदेशों से आए लगभग 600 से अधिक प्रतिभागी और 20 से अधिक विशिष्ट वक्ता, विचारक और वेलनेस विशेषज्ञ एक मंच पर विचार साझा करेंगे।

आयोजक विक्रम रस्तोगी ने बताया कि फोरम का आयोजन वर्ल्ड हैप्पीनेस फाउंडेशन इंडिया चैप्टर और एसटी फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। इस बार का मुख्य विषय है ‘गेटवे टू ग्लोबल हैप्पीनेस’ है, इसका उद्देश्य है जीवन के हर पहलू, चाहे वह व्यक्तिगत, व्यावसायिक और संस्थागत हो, उसमें खुशी स्थापित करना, खुशी के विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

पहले दिन उद्घाटन सत्र में डॉ. सुधीर भंडारी प्रो-चांसलर, जेएनयू इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज मुख्य अतिथि होंगे और मेजर जनरल अनुज माथुर अध्यक्षता करेंगे, जबकि 28 सितंबर को समापन सत्र में राजेश्वर सिंह, पूर्व आईएएस और राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न थीमैटिक ट्रैक होंगे, जैसे आध्यात्मिक कल्याण, शारीरिक एवं बौद्धिक स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण, शिक्षा में खुशी, और कार्यस्थल एवं समाज में खुशी का भविष्य।

कार्यक्रम में अमेरिका, कोस्टारिका, यूके) सहित भारत के भी विद्वान भी शामिल रहेंगे। रस्तोगी ने बताया कि 2026 से ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम जयपुर और ग्लोबल हैप्पीनेस फेस्टिवल का विलय कर दिया जाएगा और इसे एकीकृत वार्षिक आयोजन ग्लोबल हैप्पीनेस फोरम एंड फेस्टिवल के रूप में मनाया जाएगा। इसका आयोजन वर्ल्ड हैप्पीनेस फाउंडेशन इंडिया चैप्टर के तहत होगा, जिसमें कोगता फाउंडेशन सहयोगी होगा और स्टोन टेक्नोलॉजी फाउंडेशन, जयपुर इसे प्रोमोट करेगा।

### शहरी सेवा शिविरः 850 लोगों ने कराया समस्याओं का निस्तारण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा जारी शहरी सेवा शिविर में आमजन अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए लगातार आ रहे हैं। शुक्रवार को हेरिटेज निगम की ओर से वार्ड तीन और चार के निवासियों के लिए जाजोलाई की तलाई में तेजाजी महाराज के मंदिर में कैंप लगाया गया, जिसमें 850 से अधिक लोगों ने समस्याओं का निस्तारण कराया। हवामहल आमेर जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि ज्यादातर शिकायत सीवर, सड़क, पेचवर्क, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, फायर एनओसी, विवाह प्रमाण पत्र के आए थे। वहीं अन्य विभागों में पानी, बिजली, जेडीए, चिकित्सा, रसद विभाग के अधिकारियों ने भी जन समस्याओं का निस्तारण किया। 29 सितंबर को वार्ड 57,58,59 का कैंप कायस्थों की बगीची और वार्ड 13,14 का कैंप तेजाजी का मंदिर, वार्ड 14 में लगेगा।

# ‘एक दिन, एक घंटा, एक साथ’ थीम पर चला जन आंदोलन

महानगर संवाददाता

**जयपुर/अलवर।** सेवा पखवाड़े के तहत अलवर के होप सर्कस पर शुक्रवार को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अगुवाई में स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ। ‘एक दिन, एक घंटा, एक साथ’ थीम पर आयोजित इस अभियान में 40 से अधिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भागीदारी कर स्वच्छ अलवर का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्रियों ने आमजन को स्वच्छता की शपथ दिलाई और विकसित भारत क्विज व स्वच्छता थैले का विमोचन किया। साथ ही विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026 के पोस्टर भी लॉन्च किए। शहर को चार जोन में बांटकर सफाई की गई। इसमें लायंस क्लब, स्काउट-गाइड, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन, गुरुद्वारा समिति, व्यापारिक संगठन, योग संस्थान और कई सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान मंत्री ने स्वयं ऑटो टिपर चलाकर कचरा इकट्ठा किया और लोगों को निर्धारित स्थल पर ही कचरा डालने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि शहर में 125 ऑटो टिपर संचालित हैं, जिनमें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालना जरूरी है।



### स्वच्छता ही सेवाः भूपेन्द्र यादव

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा और राष्ट्र निर्माण का मूल आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ने देश की तस्वीर बदली है। उन्होंने कहा कि अलवर को लीगेसी वेस्ट मुक्त करने और शहर को सुंदर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं। जिले के 16 सरकारी स्कूलों को स्वच्छता मॉडल बनाने की दिशा में प्रशासन कार्य कर रहा है।

### अलवर की रैंकिंग में सुधारः संजय

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि अलवर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में 364 वें स्थान से 54 वां स्थान हासिल किया है, वहीं स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देशभर के 130 शहरों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### सांगानेर में बिजली चोरी का खुलासा, 11.26 लाख का जुर्माना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम की सतर्कता शाखा ने सांगानेर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल. शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेंद्रकुमार शर्मा के निर्देशन में सहायक अभियंता (सतर्कता-जयपुर शहर) व तकनीकी टीम ने शुक्रवार को सचिवालय विहार, कल्याणपुरा में जांच की।

जांच में पाया गया कि एक घरेलू उपभोक्ता ने मीटर टर्मिनल में छेद कर मीटर से छेड़छाड़ की और परिसर में गैर-घरेलू श्रेणी में धड़ल्ले से बिजली चोरी कर रहा था। मौके पर वीसीआर भरी गई, उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया गया तथा अवैध तार और बिजली मीटर जब्त कर लिए गए। अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) ने बताया कि इस उपभोक्ता पर 11.26 लाख का जुर्माना लगाया गया है। यदि निर्धारित समयावधि में जुर्माना राशि जमा नहीं करवाई जाती है तो विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# सिविल लाइंस के अशोकपुरा में 75 लाख की लागत से डलेगी नई सीवरेज लाइन

## विधायक गोपाल शर्मा ने वार्ड 46 में किया शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 46, अशोकपुरा में शुक्रवार को विधायक गोपाल शर्मा ने 75 लाख रुपए की लागत से नई सीवरेज लाइन के निर्माण कार्य शुभारंभ किया। 30 वर्षों से अधिक पुरानी और जर्जर हो चुकी सीवरेज लाइन को प्रतिस्थापित कर यह नया प्रोजेक्ट क्षेत्रवासियों को सीवरेज जाम और ओवरफ्लो की समस्याओं से स्थायी राहत दिलाएगा। यह परियोजना पूर्ण होने पर अशोकपुरा के निवासियों को स्वच्छता और बेहतर बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगी, साथ ही सिविल लाइंस को विकास और स्वच्छता के मॉडल के रूप में स्थापित करेगी।



इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राजस्थान सरकार विकास और स्वच्छता के लिए कटिबद्ध है। सेवा पखवाड़े के तहत यह नई सीवरेज लाइन सिविल लाइंस को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनता की सुविधा और क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जन-केंद्रित नीतियों के मार्गदर्शन में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच और समर्पण को जाता है।

शुभारंभ समारोह में हेरिटेज नगर निगम पार्षद एवं चेयरमैन ज्योति चौहान, पार्षद प्रत्याशी मीना मीणा, अजमेर रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल बागड़ा, श्याम नगर मंडल महामंत्री गौरव विजयवर्गीय, मानवेंद्र सिंह, ओमप्रकाश बागड़ा, ओमप्रकाश कुमावत, दीपक शर्मा, चंद्र प्रकाश नायक, प्रथम कुमावत सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगी परिक्षाओं में सिर्फ शिक्षकों की ड्यूटी क्यों?

## जिला स्तरीय शिक्षक संगठनों का शैक्षिक सम्मेलन शुरू

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी में शुक्रवार को शिक्षक संगठनों के जिला स्तरीय सम्मेलनों में शिक्षकों की 12 घंटों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में लगाई जाने वाली ड्यूटी और तबादला नीति छाई रही। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों ने समस्याओं और समाधान के साथ सरकार के सामने रखी जाने वाली बातों व मांगों पर विचार विमर्श किया। यह सम्मेलन शनिवार को भी जारी रहेगा।




अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ अरस्तु का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन गोपालपुरा देवरी स्थित शहीद अशोक कुमार यादव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता विष्णुदत्त गुप्ता ने कहा कि शिक्षक भगवान बना भी सकता है और अपने सद्गुणों से स्वयं भगवान बन भी सकता है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एमएल बुडानिया ने कहा कि संगठनों में अपनी बात को रखने का माद्दा होना चाहिए, संख्या मायने नहीं रखती है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष देवकरण गुर्जर ने कहा कि हाल ही में नवरात्र के व्रत में महिला शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगाई गई, जबकि वहां 12 घंटे तक खड़ा ही रहना होता है। ऐसा हमारे साथ ही क्यों? सरकार के पास अन्य कर्मचारी भी तो हैं। इस सम्मेलन में कर्मचारी महासंघ एकीकृ त के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे। अरस्तु के प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल ने कहा कि सरकार जानबूझकर तबादला नीति लागू नहीं करना चाहती, शिक्षकों को विरोध के लिए तैयार रहना चाहिए।

### शिक्षकों पर ही विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं का भार क्यों?

दूसरी ओर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला जयपुर प्रथम के जिला शैक्षिक सम्मेलन में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सिर्फ शिक्षकों की ही ड्यूटी लगाने पर रोष प्रकट किया गया। यह सम्मेलन गांधी नगर स्थित लेफ्टिनेंट शहीद अभय पारीक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख रमा चोपड़ा रहीं, मुख्य वक्ता पर्यवेक्षक सोमकांत शर्मा अभय सिंह राठौड़ रहे। कार्यक्रम में सभाध्यक्ष कमल सिंह शेखावत, अध्यक्ष शंकरलाल बुटोलिया, मंत्री जुगराज सिंह नाथावत, महिला मंत्री सपना राठौड़, कोषाध्यक्ष श्याम बहादुर शर्मा, सभी उप शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री, महिला मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारीगण सहित अन्य शिक्षकों ने भाग लिया।

### दो आईएएस को अतिरिक्त जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्था स्टेट पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन रवि कुमार सुरपुर और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव संदेश नायक को कार्मिक विभाग की ओर से अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदेश के अनुसार सुरपुर को सूचना एवं प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सचिव के पदभार के साथ-साथ विभाग का आयुक्त भी बनाया गया है। इसके साथ ही सुरपुर को राजकॉम्प इंफो सर्विस का मैनेजिंग डायरेक्टर का भी अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। दूसरे आंदेश में मुख्यमंत्री के विशेष सचिव संदेश नायक को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग राजस्थान के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

# आईएएस अर्चना सिंह एपीओ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी अर्चना सिंह को एपीओ कर दिया है। अर्चना सिंह सूचना प्रौद्योगिकी सचिव के पद पर कार्यरत थीं। कार्मिक विभाग की ओर से उन्हें एपीओ किए जाने के आदेश में प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया गया है, हालाकि सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बांसवाड़ा में गुरुवार को आयोजित सभा के दौरान सामने आई तकनीकी खामी के कारण की गई है।

बांसवाड़ा में आयोजित इस सरकारी कार्यक्रम के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे तो वीडियो स्क्रीन आउट हो गई थी और सिर्फ आवाज सुनाई दे रही थी। यहां वीडियो फीड नहीं चल रहा था। बताया जा रहा है कि किसानों के साथ हुए संवाद के दौरान भी ऑडियो और वीडियो की समस्या आ रही थी। कार्यक्रम के तकनीकी संचालन की जिम्मेदारी सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की थी, इसी के चलते विभाग की सचिव अर्चना सिंह को एपीओ किया गया है।

## शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षा और पेशेवर मुद्दों पर हुई चर्चा



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षकों ने शिक्षा और अपने पेशेवर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन में प्रमोशन, ट्रांसफर, नई शिक्षा नीति और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर सुझाव और मांगें रखी गईं। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि रहे। वहीं भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, समाजसेवी भंवर सिंह पलाड़ा व अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। शिक्षकों ने सरकार से अपेक्षा जताई कि वे डीपीसी और अन्य लंबित मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई करें। सम्मेलन में यह भी जोर दिया गया कि शिक्षक छात्रों में विश्लेषणात्मक सोच व राष्ट्र प्रथम के भाव विकसित करें और नए भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## 'आस्था से कीर्तन करते-करते भक्त को होती है संकीर्तन की प्राप्ति'

### श्रीजड़खोर गोधाम में भागवत कथा सुनने आए श्रद्धालुओं को स्वामी राजेन्द्र दास महाराज ने दिए प्रवचन

महानगर संवाददाता

**डीग।** कीर्तन में श्रवण, स्मरण व जिवाह से त्रिगुण आराधना होती है, इसलिए कीर्तन अवश्य करना चाहिए। यह प्रवचन रैवासा धाम के अग्रपीठाधीश्वर व वृंदावन धाम के मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास महाराज ने श्रीजड़खोर गोधाम में आयोजित श्रीकृष्ण–बलराम गो–आराधन महोत्सव में भागवत कथा सुनने आए श्रद्धलुओं को दिए। उन्होंने कहा कि कीर्तन की ध्वनि जहां तक पहुंचती है, वहां के सब प्राणियों को भगवन नाम का दान प्राप्त होता है। ऐसे में कीर्तन करने से श्रद्धालु स्वयं और जगत का कल्याण करते हैं। आस्था से कीर्तन करते–करते भक्त को



संकीर्तन की प्राप्ति होती है। संकीर्तन को चैतन्य महाप्रभु के शब्दों में बखान करते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रभु नाम के उच्चारण से शरीर रोमांचित हो उठे, हृदय व कंठ भर आएं और नेत्रों से अविरल अश्रुओं की धारा बहने लगे तो वहीं संकीर्तन की अवस्था है। भक्त जब कण से भी छोटा होने, वृक्ष जैसे सहनशील व अमानी भाव मन में लिए, किसी से आदर-सम्मान की कामना से रहित रहे और फिर भी सभी प्राणियों का आदर मन में धारण करके जब कोई कीर्तन करे तो वह संकीर्तन बन जाता है। महाराज का का कहना है की गो भूमि पर किए गए पुण्य कर्म अनगिनत गुणा फल देते हैं। ऐसे में शारदीय नवरात्र में यहां आराधन करने से भक्तों को भी अनंत आध्यात्मिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कथा श्रवण को आए भक्तों से कहा की यह सत्संग अपने आप में भी उच्चतम फल है।

#### यूडीएच मंत्री खर्रा व विधायक श्रीकांत ने की शिरकत

डीग के श्रीजड़खोर गोधाम में कथा के पाचवें दिन यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शिरकत की। यहां उन्होंने स्वामी राजेन्द्र दास महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान खर्रा ने संतों व महात्माओं की उपस्थिति में गो संरक्षण व संवर्धन के लिए आयोजित महोत्सव की प्रशंसा की। इसके अलावा उन्होंने श्रीकृष्ण–बलराम गो–आराधन महोत्सव के आयोजनों के प्रकल्पों व संकल्पों की भी सराहना की। वहीं मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा ने श्रीजड़खोर गोधाम पहुंचकर महाराज का वंदन किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर दोनों ने ही श्रीजड़खोर गोधाम का जायजा लिया और गो वंश के लिए किए जा रहे प्रयासों व कार्यों की प्रशंसा की।

#### श्रद्धालुओं को गो संरक्षण अभियान से जुड़ने का आह्वान

महाराज ने अपनी सुन्दर वाणी में अनेक भजनों व पौराणिक कथाओं का वाचन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। साथ ही भक्तों के लिए अपना चित भूल गोविन्द आराधना में लीन होने का मार्ग प्रशस्त किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में साधू-सन्यासी भी शामिल रहे। इनमें हनुमानगढ़ी से आए महंत गौरीशंकर दास ने इस आयोजन के लिए स्वामी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्रद्धालुओं से गो संरक्षण के अभियान से जुड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सम्मलित रुप से गो माता के अपराधी है। दूध के लालच में गाय से दुराचरण हो रहा है। कुछ लोग तो दूध दोहने के लिए चारा डालते हैं और दोहने के बाद खुला छोड़ देते हैं। यह व्यवहार दुखदाई है। हम सबको मिलकर गो संरक्षण, संवर्धन और गो सेवा के लिए मिलकर कार्य करना होगा।

## प्रधानमंत्री जनधन योजना शिविर का आयोजन आज

महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** अग्रणी जिला प्रबंधक नंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन शनिवार को नीमकाथाना उपखंड व तहसील पाटन क्षेत्र के डोकन में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र व राज्य सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 सितम्बर तक विभिन्न पंचायत स्तरों पर चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन खाता खोलना, पीएमजेडीवाई खातों में नामांकन, पीएमजेडीवाई खातों में पुनः कार्यवाही, पीएमजेजेबीवाई नामांकन, पीएमएसबीवाई नामांकन, पीएमएपीवाई नामांकन व साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित किया जाएगा।

## 'शिक्षक समाज की आत्मा और शिक्षा से ही राष्ट्र का निर्माण'

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का भव्य शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**सीकर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय सीकर की ओर से जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को खण्डेला के खण्डेलवाल वैश्य तीर्थ स्थान में गरिमामयी वातावरण में हुआ। उद्घाटन सत्र में अतिथियों के विचारों ने सम्मेलन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। इस दौरान गोपालजी का बड़ा मन्दिर पलसाना के महन्त मनोहर शरण शास्त्री महाराज ने आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की आत्मा है और शिक्षा से ही संस्कृति का पोषण और राष्ट्र का निर्माण होता है। यदि शिक्षक संस्कारवान और जागरूक होंगे तो आने वाली पीढ़ी स्वतः ही आदर्श और राष्ट्र निष्ठ होगी। खंडेला विधायक सुभाष मील ने कहा कि राजस्थान की धरती सदैव शिक्षा और संस्कार की भूमि रही है। शिक्षक समाज ही वह शक्ति है, जो आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ता है।



#### 'शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षक ही मुख्य आधार'

सम्मेलन में प्रधानाचार्य डाइट सीकर किरण सैनी ने कहा कि विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षक ही मुख्य आधार हैं। एडीपीसी राकेश लाटा ने कहा कि यदि प्रत्येक शिक्षक अपने कार्य को निष्ठा से करें तो सरकारी विद्यालय भी देश में आदर्श बन सकते हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री कल्याण सिंह ने विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष हमीर सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज आवश्यकता है कि शिक्षक समाज एकजुट होकर शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाए। सह-संयोजक मनमोहन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त जिला मंत्री सनत कुमार शर्मा व कोषाध्यक्ष बिहारी सिंह कविया ने किया। संयोजक नरपत सिंह के स्वागत भाषण से उद्घाटन सत्र की शुरुआत हुई।

विगत बीस महीनों में शिक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। सरकार निरंतर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शिक्षक हितों को सुदृढ़ करने के प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जयपुर प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक विशाल ने कहा कि शिक्षक संगठन का उद्देश्य केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि शिक्षक समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण की धुरी बनाना है। संगठन में शक्ति से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। संघ के शताब्दी वर्ष में शिक्षक समाज 'पंच परिवर्तन' ला सकता है, क्योंकि समाज में शिक्षक का सम्मान सर्वोच्च है।

#### 'शिक्षा में सुधार संगठन की भूमिका के बिना संभव नहीं'

प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज का दर्पण है और शिक्षक उस दर्पण को उज्ज्वल बनाने वाले कारीगर हैं। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्री सदैव राष्ट्रीयता की भावना और शिक्षा सुधारों के लिए अनवरत कार्य करता रहा है। नई शिक्षा नीति जैसे बड़े सुधार संगठन की सक्रिय भूमिका के बिना संभव नहीं होते। प्रदेश महिला मंत्री सुशीला कस्वा ने कहा कि संगठन की शक्ति से ही शिक्षक हितों की रक्षा और शिक्षा में नवाचार संभव है। इसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी है। शिक्षक संघ राष्ट्रीय का उद्देश्य हर शिक्षक को संगठन से जोड़कर समाज में उसकी प्रतिष्ठा बढ़ाना है।

## सेवा शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** बाय ग्राम पंचायत में सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण करते हुए प्रधान दिनेश सुंडा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व सुविधाएं प्राप्त कीं। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया। शिविर में बाय सरपंच तारा देवी पूनिया, नायब तहसीलदार ब्रजलाल मीणा, विकास अधिकारी कमल सांखला, सहायक विकास अधिकारी देवीदत्त शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। इस शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और प्रशासनिक सेवाएं सीधे उनके द्वार तक पहुंची।

## शहर व ग्रामीण सेवा शिविरों का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** राज्य सरकार के आदेश और जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप संचालित शहर व ग्रामीण सेवा शिविरों का अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ शाख ने औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त कलेक्टर साख ने श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत कोटड़ी सिमारला, पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत बुर्जा की ढाणी व सांवलपुरा तंवरान में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का दौरा किया। निरीक्षण में सुविधा संसाधनों के साथ विभिन्न परिवेदना पत्रावलियों के निस्तारण की जानकारियां प्राप्त की और लापरवाही पर विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कड़े दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने नगरपालिका नीमकाथाना में आयोजित शहरी सेवा शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में लगी संबंधित विभागों की स्टालों पर जाकर व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि शिविरों में आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शिविर में लाभार्थियों को पट्टे और जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर पोस्टर का विमोचन




महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना/पाटन।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्ट की ओर से खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में फार्मासिस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर डॉ. हरीश यादव खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर डॉ. यादव ने बताया कि चिकित्सा विभाग में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका होती है। फार्मासिस्ट की मेहनत से ही मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम के दौरान फार्मासिस्ट ब्लॉक अध्यक्ष संदीप बबेरवाल के श्रेष्ठ कार्य को देखते हुए सभी फार्मासिस्टों ने उन्हें तीसरी बार भी निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें अपने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी। ब्लॉक अध्यक्ष संदीप बबेरवाल ने कहा कि फार्मासिस्टों ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, उसे मैं पूर्व की तरह करूंगा। अध्यक्ष संदीप का सभी फार्मासिस्टों ने माला व साफा पहनकर स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान डॉक्टर महेंद्र कुमार सैनी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय के स्टोर इंचार्ज फार्मासिस्ट कैलाश सैनी, महेंद्र खटाना सहित संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर राजकीय उप जिला चिकित्सालय खेतड़ी में भी मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के स्टोर इंचार्ज कैलाश सैनी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## शिविर में नगर परिषद ने 32 लाभार्थियों को बांटे पट्टे व चेक

महानगर संवाददाता

**सीकर।** नगर परिषद सीकर में चल रहे शहरी सेवा शिविर के दौरान शुक्रवार को 32 लाभार्थियों को कृषि भूमि, स्टेट ग्रांट सहित विभिन्न श्रेणियों में पट्टे और चेक वितरित किए गए। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इसके अलावा पीएम आवास योजना की अंतिम किस्त के रूप में



6 लाभार्थियों को 50 हजार व 30 हजार रुपए के चेक भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी, पवन मोदी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला महामंत्री राजेश रोलन, उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत व तेजप्रकाश सैनी उपस्थित रहे। आयुक्त शशिकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण व पौधा भेंट कर स्वागत किया। आगन्तुक अतिथियों ने अपने संबोधन में नगर परिषद आयुक्त व उनकी टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित यह शिविर आमजन को योजनाओं से सीधा लाभ पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के अधिकाधिक लोगों से शिविरों में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। आयुक्त शशिकांत शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी आम नागरिक शिविरों में आएं और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करवाएं। यदि किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो निसंकोच सीधे संपर्क करें। इस दौरान नगर परिषद के कार्मिक व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## 'सकारात्मक सोच और विकास के संकल्प को करेंगे साकार'

### शेखावाटी फाउंडेशन की झुंझुनूं इकाई का शपथ ग्रहण व स्थापना कार्यक्रम




महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्यमी विनोद गोयल ने कहा कि शेखावाटी फाउंडेशन सकारात्मक सोच और विकास के संकल्प के साथ स्थापित किया गया ऐसा संगठन है, जिसकी मूल भावना शेखावटी को विकसित और स्मार्ट बनाना है। इसके लिए पूरे देश में प्रवास करने वाले शेखावाटी के लोगों एक मंच के नीचे लाया जाएगा और शेखावाटी के विकास को सरकार के साथ मिलकर नए आयाम दिए जाएंगे। गोयल फाउंडेशन की झुंझुनूं इकाई के शपथ व स्थापना कार्यक्रम में बोल रहे थे। जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए कार्यक्रम में राष्ट्रीय मुख्य संयोजक पशुपति कुमार शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक हरिशंकर शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर भाटी, गिरधारीलाल शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल व राष्ट्रीय सचिव प्रवीण बलौदा, फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, महासचिव राकेश कुमार लाटा व कोषाध्यक्ष महावीर अग्रवाल आदि मौजूद थे। इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने कहा कि शेखावाटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों व सदस्य की सोच को देखते हुए यह तय है कि ये वो वर्ग है, जो समाज को कुछ देने के इरादे से आए हैं। कार्यक्रम का संचालन संयोजक परमेंद्र कुल्हार ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्कूली छात्रा 19 वर्ष सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। विद्यालय की शारीरिक शिक्षक मीरा खर्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में 14 टीमों की 180 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मूंडरू,



द्वितीय स्थान मऊ और तृतीय स्थान प्रिंस स्कूल सीकर ने प्राप्त किया। समापन समारोह में भाजपा नेता डॉ. माधव सिंह ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए और प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए शारिरिक शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। टूर्नामेंट के सफल संचालन में शारीरिक शिक्षक मीरा खर्रा, श्याम जाखड़, सत्यनारायण, बंशीधर यादव, रोशन लाल का सहयोग रहा। प्राचार्या डॉ. मधु चौधरी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और शारीरिक शिक्षक मीरा खर्रा ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन पढ़ा। प्रतियोगिता में आई छात्राओं की भोजन व्यवस्था भी भामाशाहों द्वारा की गई और समापन समारोह में उनका भी आभार व्यक्त किया गया।

## प्रिंस एकेडमी ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम पंचायत रायपुर जागीर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 19 वर्षीय जिलास्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रिंस एकेडमी और एसबीएस के बीच हुआ, जिसमें प्रिंस एकेडमी ने एसबीएस को 41 रनों से शिकस्त दी। प्रिंस एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के



नुकसान पर 137 रन बनाए, जिसके जवाब में एसबीएस 97 रन बनाकर निर्धारित 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर ऑल आउट हो गई। इस अवसर पर विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मॉमेंटो व प्रशस्ति-पत्र दिए गए। कॉमेन्ट्री के माध्यम से प्रकाश चन्द्र ओसवाल व उनके सहयोगी दीपक बुनकर ने आंखों देखा हाल सुनाया। त्रिवेणी धाम के संत शिरोमणि रिछपाल दास महाराज के सान्निध्य, ग्राम प्रशासक उगन्ता देवी प्रजापत की अध्यक्षता व अजीतगढ़ पंचायत समिति प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित प्रतियोगिता के समापन पर समारोह का सम्मान हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की।

## रामलीला में चारों भाइयों की शादी की लीला का मंचन



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के दिनों में सूर्य मंडल रामलीला मैदान में आयोजित की जा रही है। समिति के प्रवक्ता मुरली मनोहर चौबदार ने बताया कि रामलीला के चौथे दिन की रामलीला में अतिथि के रूप में अनिल पारीक, मुकेश चोखानी, अनुप पाटोदिया, सुनील मिश्रा ने भगवान की पूजा-अर्चना कर लीला की शुरुआत की। रामलीला में चारों भाइयों की शादी की लीला, केकई-मंथरा संवाद और दशरथ-केकई संवाद की लीला का मंचन हुआ। रामलीला देखने के लिए समिति के अध्यक्ष शिवरतन मुरारका, भरत मुरारका, महेंद्र जैन, महेश गुरु, रामप्रसाद जांगिड़, प्रकाश परशुरामपुरिया, अखिलेश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में धर्म प्रेमी आए।

## 'बच्चों के लिए बेहद कारगर साबित होगा नेहरू बाल भवन'

### इनडोर गेम्स व आर्ट क्राफ्ट रूम जैसी मिलेंगी सुविधाएं, विधायक और पूर्व सभापति ने किया निरीक्षण

महानगर संवाददाता

**सीकर।** सीकर के बच्चों को जल्द ही नई सौगात मिलने वाली है। सीकर में नेहरू पार्क के पास अब जल्द ही नेहरू बाल भवन की शुरुआत होगी। 3.73 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुए नेहरू बाल भवन में जल्द ही इंटीरियर का कार्य शुरू होगा।

मीडिया से बातचीत में विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है। करीब 3.73 करोड़ रुपए की लागत से यह भवन पूर्ण रूप से बनकर तैयार होगा।

कंस्ट्रक्शन का काम पूरा हो चुका है। अब इंटीरियर का काम पूरा होने के बाद इसे शुरू कर दिया जाएगा। इस भवन में बच्चों को इनडोर गेम्स, आर्ट क्राफ्ट रूम जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस भवन का सीकर विधायक राजेंद्र पारीक और निवर्तमान सभापति जीवण



खां सहित कई स्थानीय नेताओं ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हम देखते हैं कि शहरी क्षेत्र में नौकरी की व्यस्तता के कारण माता-पिता बच्चों को समय नहीं दे पाते। बच्चा मोबाइल में ध्यान ज्यादा देता है। कई बार तो बच्चे अवसाद तक में चले जाते हैं। ऐसे में इस तरह के बाल भवन उनके लिए बेहद कारगर साबित होंगे। इस भवन में बच्चों के लिए लाइब्रेरी, आर्ट क्राफ्ट रूम और कंप्यूटर लैब जैसी सुविधा रहेगी।

ऐसे में उनका मानसिक विकास भी होगा, साथ ही बच्चों को राहत देने के लिए यहां पर इनडोर गेम्स भी होंगे। इस भवन में स्टाफ की भी नियुक्ति की जाएगी, जो यहां की पूरी गतिविधियों पर मॉनिटरिंग रखेगा। इसके पास ही नेहरू पार्क है।

यदि कोई माता-पिता पार्क में घूमने के लिए आते हैं तो वह अपने बच्चों को बाल भवन में छोड़ सकते हैं।

सभापति जीवन खान कहा कि कांग्रेस शासन काल में जो घोषणाएं हुई, उन्हीं कार्यों को लेकर भाजपा आगे बढ़ रही है। वह केवल अपना हित साध रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस हमेशा से ही जनता की पक्षधर रही है और विकास कार्यों में हमेशा आगे रही है इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने भरे विकसित भारत में रंग, जीते पुरस्कार

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर की ओर से नवीन विद्याधरनगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 25) के अंतर्गत विकसित भारत के रंग कला के संग थीम आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम प्रभारी दिनकर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 900 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्कृति मंत्रालय से संबद्ध सीसीआरटी के फील्ड ऑफिसर अभीक सरकार, सुनील भंडारी, सीबीईओ झोटवाड़ा सिटी संतोष वर्मा, जयपुर क्षेत्र समन्वयक राजेंद्र शर्मा हंस ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए चित्रों का अवलोकन किया। सीसीआरटी की एक्सपर्ट टीम ने पेंटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यार्थियों का चयन किया। प्रथम स्थान कक्षा 6 की छात्र यशस्वी मुंडोतिया ने प्राप्त। उसे दस हजार रुपए की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। सभी सहभागी विद्यार्थियों को कलर किट एवं प्रमाण पत्र दिए गए।



## ग्रह गोचरः अक्टूबर में होगी ग्रहों की उथल-पुथल

**महानगर संवादाता**

**जयपुर।** अक्टूबर का महीना ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। इस महीने कई बड़े ग्रह अपना स्थान बदलेंगे। इसका असर सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा। कुछ ग्रह अपने स्वयं की राशि में प्रवेश करेंगे तो कुछ अन्य राशियों में गोचर करेंगे। ऐसे में करियर, धन, स्वास्थ्य और संबंधों पर इसका सीधा प्रभाव दिखाई देगा।

ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि अक्टूबर की शुरुआत बुध ग्रह के उदय से होगी। दो अक्टूबर की शाम 5:25 बजे बुध कन्या राशि में उदित होंगे। चूंकि कन्या का स्वामी स्वयं बुध है, इसलिए यह स्थिति विशेष रूप से व्यवसाय, शिक्षा और संचार के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ साबित होगी। इस समय निर्णय क्षमता मजबूत होगी और नए कार्यों की शुरुआत का अनुकूल समय रहेगा।

**बुध का तुला में प्रवेश तीन अक्टूबर को :** तीन अक्टूबर को बुध तड़के 3:36 बजे तुला राशि में प्रवेश करेंगे। तुला का स्वामी शुक्र है, जो सौंदर्य, कला और संबंधों का कारक है। बुध का यहां आना वैवाहिक जीवन और पार्टनरशिप में सामंजस्य बढ़ा सकता है। जो लोग कला, मीडिया और कूटनीति से जुड़े हैं, उन्हें इसका लाभ मिलेगा।

### मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, सूर्य बदलेंगे चाल



**ये गोचर भी होंगे खास :** 9 अक्टूबर की सुबह 10:38 बजे शुक्र कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। कन्या में शुक्र नीच के होते हैं, इसलिए इस समय प्रेम संबंधों और वैवाहिक जीवन में कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं। हालांकि, आर्थिक दृष्टि से यह समय खर्च बढ़ाने वाला हो सकता है, इसलिए वित्तीय योजना बनाकर चलना लाभकारी रहेगा। इसी कड़ी में 17 अक्टूबर की दोपहर 1:36 बजे सूर्य तुला राशि में प्रवेश करेंगे। तुला में सूर्य नीच का होता है, इसलिए यह स्थिति अहंकार, विवाद या आत्मविश्वास की कमी ला सकती है। इस समय आत्म नियंत्रण और धैर्य की आवश्यकता होगी। नौकरीपेशा लोगों को अपने वरिष्ठों के साथ तालमेल बनाकर रखना होगा।

19 अक्टूबर को दोपहर 12:57 बजे गुरु ग्रह कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। यह स्थिति गुरु के उच्च स्थान की है, इसलिए यह बेहद शुभ मानी जाती है। धन, शिक्षा, संतान और भाग्य से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी। बुध का वृश्चिक में प्रवेश 24 अक्टूबर को दोपहर 12:25 बजे वृश्चिक राशि में होगा। इस दौरान लोगों की संवाद शैली गहरी और रहस्यमय होगी। शोध, अनुसंधान और गुप्त विद्या से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। 27 अक्टूबर की दोपहर 2:43 बजे मंगल अपने स्वगृही वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे और 7 दिसंबर तक यहीं रहेंगे। यह स्थिति ऊर्जा, साहस और पराक्रम को बढ़ाने वाली है।

## अग्रवाल राजस्थान प्रदेश उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के महासचिव नियुक्त

**महानगर संवाददाता**



**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुकुल गोयल के आदेशानुसार दामोदर अग्रवाल को राजस्थान प्रदेश उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ का महासचिव नियुक्त किया। दामोदर अग्रवाल को कांग्रेस सेवादल का राष्ट्रीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही संगठन में वार्ड, जिला एवं प्रदेश स्तर पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। अग्रवाल की नियुक्ति पर समाज के प्रबुद्ध जनों एवं जिला पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है। साथ ही इनकी नियुक्ति से संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का संचार हुआ है।

## घर-घर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** टीम- 39 जहां चाह वहां राह जन कल्याण ट्रस्ट की ओर से शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में पानीपेच के घर-घर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ के कार्यक्रम में स्थानीय लोग श्रद्धाभाव से शामिल हो रहे हैं। प्रधान ट्रस्टी विष्णु बियानी और मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि पिछले दो वर्ष से यह आयोजन किया जा रहा है।

## झुग्गी-झोपड़ियों में किया नाश्ता वितरित

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** वैष्णवी फाउंडेशन, जयपुर के तत्वावधान में जीरो हंगर अभियान के अंतर्गत फाउंडेशन की मुख्य सलाहकार/ट्रस्टी रिद्धिमा रूपानी, कार्यकर्ता राकेश शर्मा, मनोज सोनी, वंदना सहित अन्य लोगों ने शुक्रवार को कालवाड़ रोड स्थित विभिन्न झुग्गी बस्तियों में बच्चों को नाश्ते के पैकेट वितरित किए। फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी निशा हीरानन्द रूपानी ने बताया कि यह कार्यक्रम मातारानी के नवरात्रि महोत्सव को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया।

# खाक होकर भी दशानन रावण देगा पर्यावरण संरक्षण-गौरक्षा का संदेश

### -प्रतापनगर में जलेगा गोकाष्ठ से बना रावण

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** विजयादशमी पर प्रताप नगर के कुंभा मार्ग स्थित भैंरू सर्किल पर गोकाष्ठ (गौवंश के गोबर से निर्मित पर्यावरण हितैषी लकड़ी) से तैयार 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। प्रताप नगर विकास समिति के तत्वावधान में होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। आयोजकों का दावा है कि गोकाष्ठ से रावण का दहन पहली बार जयपुर में होगा। मेला संयोजक चेतन जैन ने बताया कि गोकाष्ठ से रावण दहन का उद्देश्य केवल परंपरा निभाना नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देना भी है। जिस प्रकार मृत्यु के बाद लोग अंगदान कर समाज को नया जीवन देते हैं, उसी प्रकार यह रावण भी जलकर संदेश देगा कि पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा हर नागरिक का धर्म है। रावण दहन से पूर्व शस्त्र पूजन किया जाएगा और विजय रैली निकाली जाएगी। विकास समिति के महासचिव ओमप्रकाश बाहेती ने बताया कि दशहरा मेले महोत्सव में समाजसेवी अनिल जैन बनेठा वाले और प्रसिद्ध गायक राजीव विजयवर्गीय को सम्मानित किया जाएगा। शुक्रवार को भट्टारक जी की नसियां में दशहरा मेले के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर ओम प्रकाश बाहेती, विनोद जैन कोटखावदा, चेतन जैन निमोडिया, प्रेम चन्द दफ्तरी, गुलाब चन्द कोरानी, योजन शर्मा, मुकेश डांगरी, सुभाष शर्मा सहित बड़ी संख्या में गण मान्य लोग उपस्थित थे।



### ऐसे हुई थी शुरूआत

सन् 2000 में प्रताप नगर में बढ़ती आबादी को देखते हुए समिति ने दशहरा मेले की शुरुआत सेक्टर-11 स्थित आवासन मंडल की भूमि पर की थी। समय-समय पर मेले को विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ा। यहां तक कि न्यायालय में स्टे आदेश लेकर आयोजन रोकने की कोशिशें भी हुईं, परंतु समिति के कार्यकर्ताओं के जज्बे ने हर बार विजय पाई और मेला सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। वर्तमान में यह मेला भैंरूजी सर्किल, सेक्टर-16 में आयोजित होता है। वर्ष 2021 में कोविड प्रतिबंधों के चलते मेला नहीं हो सका। केवल प्रतीकात्मक रूप से रावण दहन का निर्णय लिया गया था। परंतु पुलिस ने रावण के पुतले को जप्त कर थाने ले गई। न्यायालय ने रावण का पुतला वापस करने का आदेश दिया। अगले वर्ष रावण को विधिवत दहन किया गया।

### 25 साल में सांस्कृतिक उत्सव बना दशहरा मेला:

दशहरा मेला प्रताप नगर विकास समिति के पदाधिकारियों ने दावा किया कि दक्षिण जयपुर का यह सबसे बड़ा दशहरा मेला है जो पिछले 25 वर्ष से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। मेला एक छोटे स्वरूप से प्रारंभ हुआ था जो आज एक विशाल सांस्कृतिक उत्सव बन चुका है। हर साल लाखों लोग सम्मिलित होकर सनातन संस्कृति से रूबरू होते हैं। यह मेला समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक सशक्त माध्यम है। यहां सभी वर्ग एवं जाति के लोग, विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि एक साथ जुड़ते हैं।

### बनेंगे तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड

गोमाया के फाउंडर डॉ. सीताराम गुप्ता ने बताया कि गोमय समिधा से रावण का पुतला दहन होने के कारण तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बनेंगे। इसका सत्यापन करने के लिए तीन अलग-अलग टीम मौके पर उपस्थित रहेगी। गुप्ता ने बताया कि रावण दहन के दौरान देसी नस्ल की गाय का घी और हवन सामग्री भी डाली जाएगी।

### मेला आयोजन समिति

मेला प्रताप नगर विकास समिति एवं प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित होगा। पूर्व विधायक गोपीचंद गुर्जर समिति के अध्यक्ष हैं। ओमप्रकाश बाहेती महासचिव, प्रेमचंद दफ्तरी उपाध्यक्ष हैं। इनके अलावा बाबूलाल शर्मा, मनोज शर्मा, जगदीश पटेल, के.एल. शर्मा, पी.डी. गुप्ता, विकास सोमानी, एन.डी. शर्मा, सुभाष शर्मा, अमित शर्मा, अनिल शर्मा, योजन शर्मा, हेमराज राजोरा, गुलाब कोरानी, राजेंद्र अग्रवाल भी समिति के पदाधिकारी के रूप में मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

### पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलनः

पूर्व संध्या पर एक अक्टूबर को विशाल दशहरा मेला आयोजित होगा। संस्कृति, मनोरंजन और एकता का संगम होगा। इसमें अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे। खान-पान के लिए अनेक स्टॉल होंगी। रोशनी से जगमगाते मैदान में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन मुख्य आकर्षण होगा। देशभर के ख्यातनाम कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

## सीकर हाउस में आज सजेगा श्याम प्रभु का दरबार

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** श्री श्याम मित्र मंडल सीकर हाउस समिति का 37वां वार्षिकोत्सव 27 सितंबर को सीकर हाउस में मनाया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। संस्थापक सदस्य रोहित अग्रवाल ने बताया कि उत्सव में देशभर से ख्यातनाम भजन गायक कलाकार कोलकाता से राज पारीक एवं विवेक शर्मा, जयपुर से मनीष गर्ग घी वाला, निशा गोविंद शर्मा, राकेश अंजान, अजय शर्मा, अमित नामा, गोपाल सेन, मयूर रस्तोगी, सोमेश जैन, राहुल खंडेलवाल, मनोज शर्मा, महेश परमार, पार्थ ब्रह्म शर्मा अपनी मधुर प्रस्तुतियों से बाब को रिझाएंगे। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया।



## जिला स्तरीय टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** इन्द्र पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में जयपुर जिला स्तरीय एसजीएफआई टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों एवं अभिभावकों का सम्मान किया गया। टूर्नामेंट में कराटे में सिल्वर मेडलिस्ट वेदिका तथा ताइक्वांडो में ब्रॉन्ज मेडलिस्ट नमन एवं दिव्यांशु सोनी तथा गोल्ड मेडलिस्ट प्रतिज्ञा चौधरी तथा अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक दीप सिंह रावत ने कोच राहुल डागर को माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल निशा रावत ने खिलाडियों को स्पोर्ट्समैन स्पिरिट से खेलों में भाग लेकर देश तथा प्रदेश का नाम रोशन करने का सन्देश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## कलाकारों ने दी देवानंद की फिल्मों के गीतों की दिलकश प्रस्तुति



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** हिंदी सिनेमा के अमर अभिनेता देव आनंद–जिनकी मुस्कान पर दिल धड़क उठते थे और जिनके नगमे आज भी शोखी से सराबोर हैं, उनकी जयंती इस बार भी सुरमयी यादों से जगमगाई। न्यू आतिश मार्केट स्थित होटल रेनसेट में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन और संयोजन सोसायटी के संस्थापक और देव आनंद के हार्डकोर फैन रवि कामरा ने अपने साथियों के साथ किया। महफिल में देव आनंद की अदाएं, गीतों की खनक और उनकी शोख मुस्कान का जादू दर्शकों के दिलों पर वही असर छोड़ गया, जैसा वे स्क्रीन पर करते थे। कलाकारों ने अपने-अपने अंदाज में देव साहब को याद किया। अनिल जैन प्रिया बोथरा, ममता झा, किशोर सराओगी ने गीतों में दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मनोहर ने बांसुरी पर दिल आज शायर है, गम आज नगमा है प्रस्तुत किया। मनोज श्रीमाली ने माउथ ऑर्गन पर दिल ने कहां हो तुम याद किया। राजकुमार लोता ने नवनीत के साथ की गल हैर कोई नहीं और नवनीत ने सोलो में तेरा मेरा प्यार अमर, फिर क्यों मुझको लगता है डर पेश किया। अंत में अनिल जैन और किशोर सराओगी ने कई गानों का मेडले प्रस्तुत कर महफिल को यादगार बना दिया।

## बैंक परिसर में लगाए पौधे



**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत सीकर रोड पर श्री भवानी निकेतन परिसर स्थित एक बैंक की ओर से पौधरोपण किया गया। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक निधिर कांत, मुख्य प्रबंधक कौशलेन्द्र झा, सुदर्शन सिंह रमाकान्त बड़गुजर ने बैंक परिसर में अलग-अलग किस्म के पौधों का रोपण कर सेवा पखवाड़ा में अपना योगदान दिया।

## लाइट एंड साउंड शो
## मानस रामलीला में साकार होगी मर्यादा पुरुषोत्तम की गाथा

### जेकेके में दशहरा नाट्य उत्सव 1 व 2 अक्टूबर को

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र मे 1 और 2 अक्टूबर कों दशहरा नाट्य उत्सव के अंतर्गत मानस रामलीला का मंचन किया जाएगा। इस लाइट एंड साउंड शो में अभिनय और नवीन तकनीक का संगम देखने को मिलेगा। एक शो में ही श्रीराम की पूरी जीवन गाथा का वर्णन होगा। निर्देशक अरु स्वाति व्यास ने बताया कि रामचरित मानस के अध्ययन के बाद वरिष्ठ रंगकर्मी, उपन्यासकार और मोटिवेशनल स्पीकर अयोध्या प्रसाद गौड़ ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी है। इसे तैयार करने में 4 साल का समय लगा है। केवट इस शो के सूत्रधार होंगे। इसमें श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक के प्रसंग मंच पर साकार होंगे। प्रस्तुति में 5 से 7 गीत, 30 चौपाइयां हैं जिनमें प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सुरेश वाडकर और दिव्य कुमार ने अपनी आवाज दी है। रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल राम के संवादों को अपनी आवाज देंगे। सुरेश शर्मा ने दशरथ, भानु प्रिया भाटिया ने सीता, ईश्वर दत्त माथुर, मनोज स्वामी, श्याम बिहारी शर्मा, डॉ. मुकेश सैनी ने केवट, रेणु शर्मा ने मंथरा, वर्तिका ने सरस्वती, सर्वेश व्यास ने हनुमान, विनोद कृष्ण भट्ट ने रावण, उमेश पंत ने कुंभकरण, सौरभ भट्ट, वासुदेव भट्ट और विशाल भट्ट ने क्रमशः मेघनाथ, जामवंत और विभीषण के किरदार में अपनी आवाज दी है। अन्य जिलों के लगभग 80 कलाकार मुख्य रूप से भूमिका निभा रहे हैं।

## अधिमास : विक्रम संवत 2083 में होंगे दो ज्येष्ठ माह

### पूजा-पाठ, व्रत-उपवास, जप पर रहेगा जोर

**महेन्द्र भौमियां**

**जयपुर।** विक्रम संवत् 2083 में हिंदी महीना जेठ दो माह का होगा। वर्ष 2023 में अधिमास सावन में था। आगामी 2026 में यह खिसककर जेठ में होगा। ज्येष्ठ मास में 17 मई 2026 से अधिमास का आरंभ होगा, जो 15 जून 2026 तक चलेगा। यह विशेष स्थिति अधिमास के कारण उत्पन्न होगी। भारतीय काल गणना पद्धति से संचालित हिंदू पंचांग में प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार अधिमास लगता है। इसे मलमास अथवा पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। इस माह का धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। इस दौरान श्रद्धालु पूरे मास पूजा-पाठ, व्रत-उपवास, जप तथा योग आदि धार्मिक कार्य करते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार भारतीय काल गणना सिद्धांत सौर एवं चंद्र गणना पर आधारित है।

वर्ष का व्यवहार सौर गणना से, मास का चंद्र गणना से तथा दिन का व्यवहार सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक के काल से निर्धारित होता है। प्रत्येक तीसरे वर्ष अधिमास आता है। यह सूर्य वर्ष और चंद्र वर्ष के बीच के अंतर का संतुलन स्थापित करता है। सूर्य वर्ष 365 दिन और लगभग छह घंटे का होता है, जबकि चंद्र वर्ष 354 दिनों का माना जाता है। इस प्रकार दोनों में प्रतिवर्ष लगभग 11 दिनों का अंतर हो जाता है, जो हर तीन वर्ष में एक मास के बराबर हो जाता है। इसी अंतर को पाटने के लिए अधिमास जोड़ा जाता है।

### अधिमास की गणनाः

एक चांद्र मास का मान 29 दिन, 31 घंटी 50 पल और एक सौर मास 30 दिन, 26 घटी, 17 पल, 31 विपल का होता है। इनके मध्य का अंतर प्रत्येक मास में लगभग 54 घटी 27 पल के समीप होता है, जो क्रमशः बढ़ते-बढ़ते तीसरे वर्ष में एक अतिरिक्त मास के रूप में सामने आता है। यदि किसी चंद्रमास में सूर्य की संक्रांति नहीं होती है, तो उसका नामकरण संभव नहीं होता और वह अधिमास कहलाता है।

### यह है पौराणिक महत्व :

पौराणिक मान्यता के अनुसार दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त किया था कि चैत्रादि 12 महीनों में वह नहीं मरेगा। तब भगवान विष्णु ने विशेष रूप से अधिमास का सृजन कर नृसिंह अवतार में उसका वध किया। कार्य पूर्ण होने के बाद अधिमास ने जब अपने महत्व की चिंता प्रकट की तो भगवान विष्णु ने उसे पुरुषोत्तम मास की उपाधि देकर विशेष धार्मिक महत्व प्रदान किया।

# बिना दहेज लिए शादी करने वाले जोड़ों का सम्मान करेगी रैगर महासभा

### रैगर समाज का महिला सम्मेलन कल
### राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर होगा मंथन

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** अखिल भारतीय रैगर महासभा, महिला प्रकोष्ठ, राजस्थान के तत्वावधान में रविवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान सभागार में रैगर समाज की महिलाओं का प्रथम सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। महासभा की प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) एवं कार्यक्रम संयोजक तारा बेनीवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली होंगे, जबकि अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एल. नवल (सेवानिवृत्त आईएएस) करेंगे। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस.के. मोहनपुरिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, विधायक निवाई रामसहाय वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत एवं पूर्व विधायक गंगादेवी शामिल होंगी। सम्मेलन में देशभर से रैगर समाज की महिलाओं की व्यापक भागीदारी होगी। समाज और राट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका, संगठन की भावना, सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी, सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों का उन्मूलन तथा पारिवारिक सुसंस्कारों के संवर्धन जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी।अखिल भारतीय रैगर महासभा, महिला प्रकोष्ठ, राजस्थान इस सम्मेलन के माध्यम से दहेज मुक्त विवाह की परंपरा को प्रोत्साहित करने की विशेष पहल करने जा रही है। इस अवसर पर उन विवाहित जोड़ों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने बिना दहेज लिए विवाह किया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संकल्प भी दिलाया जाएगा कि वे अपने पुत्र-पुत्री का विवाह बिना दहेज करेंगे और समाज में इस परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। शुक्रवार को रैगर समाज के छात्रावास में अखिल भारतीय रैगर महासभा के पदाधिकारियों ने पोस्टर का विमोचन किया। अखिल भारतीय रैगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएल नवल, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसके मोहनपुरिया, तारा बेनीवाल, नीरज तोनगरिया, शकुंतला सिकरीवाल एवं अन्य ने पोस्टर का विमोचन किया।



### प्रतिभाओं का होगा सम्मान

सम्मेलन में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं, अखिल भारतीय व राज्य सेवा में चयनित युवाओं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों तथा आयोजन में सहयोग करने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

# लड़कों की तुलना में लड़कियां कम क्यों!

## समाज की दकियानूसी सोच के कारण बिगड़ रहा लिंगानुपात

**आजादी** के सात दशक बाद भी लगता है हमारा पितृ सत्तात्मक समाज अपनी सोच बदलने को तैयार नहीं है। हम अभी भी पुरातन मानसिकता को ढोए जा रहे हैं जिसमें 'बेटे के हाथों ही सद्गति'को सबसे अहम बताया जाता है। लड़के-लड़की के हर क्षेत्र में बराबर से कंधा मिलाकर काम करने के बावजूद भी लड़की को कमतर आंकने का सोच सार्वजनिक जीवन में भी देखा जा सकता है। ताजा उदाहरण पर गौर करें तो हरियाणा इसका ज्वलंत प्रमाण कहा जा सकता है। हरियाणा में लड़के और लड़कियों की संख्या में समानता लाने की दिशा में प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। इसका कारण समाज के एक बड़े हिस्से की सोच में बदलाव नहीं आना तो है ही, साथ ही सरकारी महकमों का लापरवाह रवैया भी इसके लिए उतना ही जिम्मेदार है। नतीजा यह कि राज्य कई वर्षों से लिंगानुपात में असंतुलन की समस्या से जूझ रहा है। निस्संदेह जब तक लड़के-लड़कियों में भेदभाव खत्म नहीं होगा, तब तक स्थिति बदलने वाली नहीं। हालांकि राज्य सरकार के कुछ सुधारात्मक कदमों से लिंगानुपात में थोड़ा सुधार हुआ है। इस वर्ष 1 जनवरी से 22 सितंबर तक राज्य में लिंगानुपात एक हजार लड़कों पर 907 लड़कियां हो गया है, जो कि पिछले वर्ष इसी अवधि में 904 था। मगर चिंता की बात यह है कि राज्य के 11 जिलों की तस्वीर अब भी नकारात्मक है। इससे यह भी पता चलता है कि राज्य में भ्रूण परीक्षण की पाबंदी पर सख्ती से अमल नहीं हो पा रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। सवाल यह है कि लिंगानुपात में असंतुलन क्यों है! दरअसल, इसकी जड़ें सामाजिक सोच और पुरानी मान्यताओं में दबी हैं। इससे समाज आज तक उबर नहीं पाया है। नब्बे के दशक में भ्रूण का पता लगाने की तकनीक का जो दुरुपयोग शुरू हुआ, वह बढ़ता चला गया। इसे रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए, लेकिन उन पर सख्ती से अमल नहीं हुआ। 2001 की जनगणना में हरियाणा में लिंगानुपात 861 तक गिर गया था। हालांकि राज्य में लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बाद स्थिति थोड़ी सुधरी। 2019 में यह अनुपात 923 तक तक पहुंच गया। मगर पिछले वर्ष यह फिर घट गया। इससे स्पष्ट है कि सरकार के सामने चुनौतियां कम नहीं हुई हैं। इस दिशा में जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है। परिवारों की उस सोच को भी बदलना होगा, जो बेटियों को आज भी बोझ मानते हैं। आज जरूरत है बेटियों के जन्म को सम्मान और समानता के नजरिए से देखने की। भारतीय समाज में, विशेषकर हरियाणा में, पुरुष बच्चों को श्रेष्ठ मानने की पुरानी और पितृसत्तात्मक सोच हावी है। इसी सोच के चलते लोग बेटियों की भ्रूण हत्या करवाते हैं या पैदा होने के बाद उनके साथ भेदभाव करते हैं, जिससे लिंगानुपात असंतुलित हो जाता है। दहेज जैसी सांस्कृतिक प्रथाएं भी बेटियों के प्रति माता-पिता की चिंता को बढ़ाती हैं और उन्हें बोझ के रूप में देखने पर मजबूर करती हैं, जिससे लिंग चयन का प्रचलन बढ़ता है। गरीबी और सामाजिक-आर्थिक दबाव भी इन प्रथाओं के पीछे के प्रमुख कारण हैं। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा का जन्म के समय लिंगानुपात 910 था, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। लिंगानुपात में सुधार के लिए सामाजिक सोच में बदलाव लाना, बेटियों के जन्म को सम्मान से देखना, और भ्रूण परीक्षण पर कड़े कानूनों का सख्ती से पालन करना आवश्यक है। लोगों की सोच को बदलने और बेटियों के महत्व को समझाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। ध्यान रहे, केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्य करके इन प्रथाओं को समाप्त करना होगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने से भी इस दिशा में मदद मिलेगी। हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर और बंगाल ये आठ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां लिंगानुपात में गिरावट दर्ज की गई है। बिहार और चंडीगढ़ में लिंगानुपात 900 से नीचे पहुंच गया है। वहीं केरल में प्रति 1000 लड़कों पर 968 लड़कियों का जन्म हुआ है, वहीं छत्तीसगढ़ का लिंगानुपात 957 है और राजस्थान का 946 है। मध्य प्रदेश में भी लिंगानुपात 940 से घटकर 929 रह गया है। केरल और छत्तीसगढ़ को छोड़ दें तो लगभग सभी राज्यों में बेटियों की तुलना में बेटे को प्राथमिकता दी जाती है। यह लोगों के सोच को दर्शाता है। भारतीय समाज में ज्यादार परिवारों में लड़कियों को बोझ माना जाता है। इसकी एक बड़ी वजह दहेज प्रथा भी है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। भारत में बाल लिंग अनुपात में गिरावट की दूसरी वजह अल्ट्रासाउंड जैसी सस्ती तकनीक का उपयोग करके लिंग चयन करना है। जिसकी वजह से लोग सिर्फ लड़कों को चुनते हैं। हालांकि भारत में लिंग निर्धारण अवैध है, फिर भी पंजाब, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में लिंग निर्धारण का अवैध काम अब भी कई जगहों पर हो रहा है। अतः अब हमारे समाज में अगर बच्चियों के जन्म दर की गिरती संख्या को सुधारना है तो सबसे पहले महिला शिक्षा और आर्थिक समृद्धि बढ़ाने की आवश्यकता है। क्योंकि जब तक आर्थिक स्थिति में बदलाव नहीं होगा तब तक बेटियों को पढ़ाने या दहेज से बचने के लिए लोग उन्हें जन्म देने से पीछे हटेंगे। युवा लोगों तक सरकारी लैंगिक सुधार कार्यक्रमों की पहुंच से जनसंख्या वृद्धि को कम करने और जन्म के समय लिंग-अनुपात सुधारने में मदद मिलेगी। लगभग सभी राज्यों से सामने आ रहे ये आंकड़े पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है, इसे हमने समय रहते नहीं सुना तो भविष्य में बेहद जटिल परिस्थितियों का सामना करना पड़ जाएगा। सामाजिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए महिला-पुरुष रूपी दोनों पाए बेहद जरूरी हैं। इसकी अनदेखी करने पर जिस तरह का असंतुलन और सामाजिक विकृतियां सामने आएंगी हमने उसकी कल्पना भी नहीं की होगी। अतः सभी पूर्वाग्रहों और दकियानूसी सोच का परित्याग कर सृष्टि का संतुलन बनाने के लिए सभी को मिल जुलकर पहल करनी होगी तभी समाज की मौजूदा तस्वीर बदल पाएगी।



**हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर और बंगाल ये आठ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां लिंगानुपात में गिरावट दर्ज की गई है। बिहार और चंडीगढ़ में लिंगानुपात 900 से नीचे पहुंच गया है। वहीं केरल में प्रति 1000 लड़कों पर 968 लड़कियों का जन्म हुआ है, वहीं छत्तीसगढ़ का लिंगानुपात 957 है और राजस्थान का 946 है। मध्य प्रदेश में भी लिंगानुपात 940 से घटकर 929 रह गया है। केरल और छत्तीसगढ़ को छोड़ दें तो लगभग सभी राज्यों में बेटियों की तुलना में बेटे को प्राथमिकता दी जाती है।**

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष

# 100 साल का संघ और इतिहास की साक्षी अयोध्या

**आशीष कुमार 'अंशु'**

**27 सितंबर, 1925** को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। यह संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है। स्थापना के दिन के रूप में दशहरा का दिन चुना गया। विजयदशमी का पर्व सदैव अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक रहा है। यह वह दिन था जो भारत की सांस्कृतिक चेतना में समाहित है।

एक साधारण शाखा से प्रारंभ हुआ यह संगठन आज भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हम उस शताब्दी वर्ष के द्वार पर खड़े हैं, जब विजयदशमी (2 अक्टूबर 2025) संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने का ऐतिहासिक क्षण होगा। यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक परिपक्व संगठन की यात्रा का प्रमाण है, जहां एक व्यक्ति के सौ वर्ष बुढ़ापे का संकेत देते हैं, वहीं एक संगठन के सौ वर्ष परिपक्वता और दृढ़ता का प्रतीक होते हैं।

संघ की स्थापना के समय डॉ.हेडगेवार का उद्देश्य स्पष्ट था कि हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को मजबूत बनाना। उन्होंने कहा था- हिंदू राष्ट्र की रक्षा के लिए स्वयंसेवकों का निर्माण आवश्यक है। यह दृष्टि आज भी प्रासंगिक है। विजयदशमी का उद्बोधन सरसंघचालक का वार्षिक संदेश स्वयंसेवकों के लिए दिशानिर्देशिका का कार्य करता है। पूरे वर्ष यह वक्तव्य संघ के कार्यों को दिशा प्रदान करता है, सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता जैसे मुद्दों पर प्रकाश डालता है। स्वयंसेवक इसे अत्यंत ध्यान से ग्रहण करते हैं, क्योंकि यह केवल भाषण नहीं, बल्कि संघ की वैचारिक यात्रा का सार है।


विज्ञान भवन में हाल ही में हुए सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के उद्बोधनों ने इस परंपरा को मजबूत किया है। अगस्त 2025 में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला शताब्दी वर्ष की शुरुआत का प्रतीक बनी। डॉ. भागवत ने विभिन्न क्षेत्रों के हजारों प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया, जहां उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन अभियान पर जोर दिया। व्यक्तिगत परिवर्तन, पारिवारिक परिवर्तन, सामाजिक परिवर्तन, पर्यावरणीय परिवर्तन और राष्ट्रीय परिवर्तन। उन्होंने कहा- संघ का लक्ष्य केवल शाखाओं का विस्तार नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ना है।

यह श्रृंखला इंटरएक्टिव थी, जहां राजनीति, शिक्षा, विज्ञान और समाज के प्रतिनिधियों ने प्रश्न रखे। डॉ. भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ की शताब्दी केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का माध्यम है। पिछली विज्ञान भवन श्रृंखला (2018 में भारत का भविष्यः संघ की दृष्टि) ने भी इसी प्रकार स्वयंसेवकों को दिशा दी, जहां उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और सांस्कृतिक पुनरुत्थान पर बल दिया। ये उद्बोधन स्वयंसेवकों के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ सिद्ध हुए, जो संघ की वैचारिक गहराई को प्रतिबिंबित करते हैं। शताब्दी वर्ष का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह संघ की यात्रा का आकलन करने का अवसर प्रदान करता है। 1925 से 2025 तक, संघ ने असंख्य चुनौतियों का सामना किया-विभाजन की विभीषिका, आपातकाल का अंधेरा, प्राकृतिक आपदाओं का संकट। फिर भी, यह संगठन बढ़ता गया। आज संघ की शाखाएं 68,000 से अधिक हैं, और शताब्दी वर्ष में लक्ष्य है एक लाख शाखाओं तक पहुंचना। देशभर में पथ संचलन की तैयारियां जोरों पर हैं। नागपुर में पारंपरिक पथ संचलन 27 सितंबर को होगा, जिसमें 10,000 स्वयंसेवक भाग लेंगे–जो शताब्दी की भव्यता दर्शाएगी।

### राम की नगरी बनेगी साक्षी और इतिहास में दर्ज होगा क्षण

अयोध्या में पहली बार विजयदशमी का कार्यक्रम आयोजित होगा, जहां राम पथ पर हजारों स्वयंसेवक मार्च करेंगे। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले मुख्य उद्बोधन देंगे। यह स्थानांतरण प्रतीकात्मक है। अयोध्या, राम जन्मभूमि का प्रतीक, संघ की हिंदू एकता की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नागपुर के मुख्य अतिथि होंगे, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस आयोजन को गरिमा प्रदान करेगा। देशभर में यह विशेष अवसर ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां चल रही हैं। संघ ने 1,500 से 1,600 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया है, जो हर क्षेत्र में सांस्कृतिक केंद्र बनेंगे। इनमें संत, विद्वान, युवा, महिलाएं और कारीगर शामिल होंगे। 'सामाजिक समरसता' अभियान के तहत एक लाख हिंदू सम्मेलन और घर-घर संपर्क अभियान चलेगा, जो विभिन्न हिंदू समुदायों को जोड़ेगा। बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में डॉ. भागवत के व्याख्यान होंगे, जो शताब्दी की वैचारिक यात्रा को मजबूत करेंगे। ये कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं, बल्कि संघ के मूल्यों-अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति-को पुनः प्रतिपादित करने का माध्यम हैं।






पिछले सरसंघचालकों के विजयदशमी उद्बोधनों ने संघ की वैचारिक नींव रखी। द्वितीय सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर (गुरुजी) ने 1956 के उद्बोधन में हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया। वे कहते हैं- हिंदू राष्ट्र की अवधारणा जाति-भेद से ऊपर उठकर समग्र समाज को मजबूत बनाती है। उनके समय में संघ ने विभाजन के घावों को भरने का कार्य किया। तृतीय सरसंघचालक बालासाहेब देवरस ने 1973 के बाद के उद्बोधनों में सामाजिक समानता को संघ का मुख्य लक्ष्य बताया। वे आरक्षण और दलित उत्थान पर कहते हैं- 'संघ जातिवाद का विरोधी है, लेकिन सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध। शताब्दी वर्ष में पथ संचलन का विशेष महत्व है। यह संघ की शारीरिक और वैचारिक शक्ति का प्रदर्शन है। नागपुर का पथ संचलन 5,000 से बढ़कर 10,000 स्वयंसेवकों का होगा, जो अनुशासन और एकता का संदेश देगा। अयोध्या में राम पथ पर मार्च राम जन्मभूमि के प्रति संघ की निष्ठा को साकार करेगा। ये संचलन केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि समाज को प्रेरित करने वाले आयोजन हैं। पूर्व सरसंघचालकों के समय से पथ संचलन संघ की पहचान बने, जो आज शताब्दी में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।

संघ की शताब्दी यात्रा भारत के उत्थान की कहानी है। डॉ. हेडगेवार की दृष्टि से प्रारंभ होकर गुरुजी की वैचारिक मजबूती, बालासाहेब की सामाजिक समरसता और वर्तमान नेतृत्व की समावेशी पहुंच तक, संघ ने राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया। आपातकाल में जेल यात्राएं, आपदा राहत में सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य में योगदान ये सब संघ की परिपक्वता दर्शाते हैं। शताब्दी वर्ष में सामाजिक सद्भाव पर फोकस होगा, जहां गुजरात, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे क्षेत्रों में स्थाई परियोजनाएं शुरू होंगी। विजयदशमी 2025 संघ के लिए नया अध्याय खोलेगा। सरसंघचालक का उद्बोधन स्वयंसेवकों को नई दिशा देगा, जो राष्ट्र को मजबूत बनाने का संकल्प लेगा। जैसा कि डॉ. भागवत कहते हैं- संघ की शाखा अपरिहार्य है। यह शताब्दी न केवल संघ की, बल्कि पूरे भारत की परिपक्वता का उत्सव होगी। स्वयंसेवक, समाज और राष्ट्र सब मिलकर अधर्म पर विजय प्राप्त करेंगे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल

# गीत रूपी जल से परिपक्व होती वैचारिक फसल

**विजय कुमार,** वरिष्ठ प्रचारक, रा.स्व.संघ

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के काम का आधार दैनिक शाखा तथा उसके शारीरिक और बौद्धिक कार्यक्रम हैं। इनमें गीत का भी प्रमुख स्थान है। प्रायः शाखा समाप्ति से पूर्व कोई सामूहिक गीत बोला जाता है। इनसे प्राप्त देश, धर्म और समाजसेवा के संस्कार स्वयंसेवकों के मन पर अमिट हो जाते हैं। ये गीत कई प्रकार के हैं। प्रायः शाखा में एक स्वयंसेवक पहले बोलता है, बाकी उसे दोहराते हैं। इन्हें 'गणगीत' कहते हैं। इसे याद करके जब सब मिलकर बोलते हैं, तो वह 'समूहगान' हो जाता है। किसी विशेष कार्यक्रम में बौद्धिक वर्ग से पूर्व एक स्वयंसेवक अकेले ही गीत बोलता है, उसे 'एकल गीत' कहते हैं। यह गीत उस बौद्धिक के विषय से संबंधित होता है। संचलन में उपयोगी गीत 'संचलन गीत' कहलाते हैं। खेलकूद प्रतियोगिता के बाद ताली बजाकर मस्ती भरे गीत गाने से थकान और मनोमालिन्य मिट जाता है। इन गीतों के अनेक संकलन संघ के विभिन्न प्रकाशनों ने छापे हैं। यद्यपि उनमें गीत तो अधिक हैं; पर लोकप्रिय वही होते हैं, जिनके शब्द और भाव सरल हों। साथ ही वे छोटे हों और लय भी अच्छी हो।

गहन बौद्धिकता वाले गीत अधिक नहीं चलते। इन गीतों की एक विशेषता यह भी है कि इन्हें कब और किसने लिखा या किसने लय बनाई, यह पता नहीं लगता। किसी स्वयंसेवक को कहीं कोई अच्छा गीत मिले, तो वह उसे शाखा में गा देता है। यदि वह व्यापक रूप से चल जाए, तो किसी संकलन में छपकर देशव्यापी हो जाता है। कई प्रतिभाशाली लोग इनका स्थानीय भाषा में अनुवाद तथा कुछ संशोधन भी कर देते हैं।

अधिकांश गीत दो-तीन साल ही चल पाते हैं, तो कुछ की यात्रा कई पीढ़ियों तक चलती रहती है। कुछ गीत प्रख्यात गायकों और संगीतकारों के प्रयास से अमर हो गए हैं। संघ के गीत समयानुकूल होते हैं। अतः संगठन, समर्पण, वीरता, सेवा भाव आदि को इनमें स्थान मिलता रहा है। देश की स्वाधीनता और विभाजन, चीन और पाकिस्तान के आक्रमण, संघ पर प्रतिबंध, आपातकाल और सत्ता परिवर्तन, एकात्मता यज्ञ यात्रा, गोरक्षा अभियान, राम मंदिर आंदोलन आदि पर बने गीत खूब लोकप्रिय हुए। संघ में प्रचलित छह उत्सवों तथा डॉ.हेडगेवार और श्रीगुरुजी पर भी सैकड़ों गीत लिखे गए हैं। संघ का काम महाराष्ट्र से शुरू हुआ, इसलिए तब के गीतों में मराठी और संस्कृतनिष्ठ शब्द होते थे। विभाजन के बाद पंजाब और सिंध के लोग उत्तर भारत में आए, तो गीतों में उर्दू के शब्द आ गए। उनमें वीरभाव, बलिदान, देश और धर्म के संकट आदि का प्रभाव होता था। आपातकाल के बाद सेवा और समरसता पर जोर दिया जाने लगा, तो गीत भी ऐसे ही बनने लगे। अर्थात् समय की धारा के साथ गणवेश और कार्यक्रमों की तरह गीत भी बदले। यह संघ की जीवंतता का लक्षण है।



यहां एक रोचक प्रसंग याद आता है। मैं आपातकाल में चार महीने मेरठ जेल में रहा। वहां इंदिरा विरोधी राजनेता, नक्सली, आनंदमार्गी तथा जयप्रकाश गुट के सर्वोदयी भी थे। प्रतिदिन सुबह बिना ध्वज और प्रार्थना की शाखा के अंत में एक 'गणगीत' होता था। वहां कई गीतकार स्वयंसेवक थे। अतः हर सप्ताह एक नए गीत का नंबर आ जाता था। सर्वोदय वाले बुजुर्ग थे और सज्जन भी। वे भी गीत के समय वहां आ जाते थे।

एक सप्ताह जो गीत हुआ, उसमें कुछ पंक्तियां इस प्रकार थीं– 'नेत्र तीसरा पल भर को यदि, शंकर क्रोधी खोलेंगे रौद्र रूप धर चंद्रहास ले, असुर शक्ति को तोलेंगे। शत्रु रक्त को पीकर अपनी, पूर्ण प्रतिज्ञा कर लेंगे तांडव नृत्य दिखाएंगे, स्वयं काल बन जाएंगे। मां की रक्षा हित हम शत-शत, हिंदू बलि हो जाएंगे।।'

इस दौरान सर्वोदय वाले पूरे हफ्ते नहीं आए। उन्होंने कहा कि अहिंसावादी होने कारण वे इसे नहीं गा सकते। जब गीत बदला, तो वे फिर आने लगे। यद्यपि इस गीत के उग्रभाव के कारण कई दिन तक नक्सली वहां आते रहे। 1983 में बरेली में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का संघ शिक्षा वर्ग लगा था। संघ स्थान सड़क के पास था। एक शाम वहां विशाल खेल हुआ। उसमें भरपूर उत्साह और संघर्ष भी था। इससे सड़क से गुजरते लोगों को लगा कि यहां झगड़ा हो गया है। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।

जब तक पुलिस आई, तब तक खेल समाप्त हो चुका था। सब मिलकर गीत गा रहे थे, 'शुद्ध सात्विक प्रेम अपने कार्य का आधार है।' पुलिस वालों ने सिर पीट लिया। संघ में हजारों ऐसे स्वयंसेवक हैं, जिन्हें संघ के विचार तो मालूम हैं, पर वे उसे व्यक्त नहीं कर पाते; लेकिन उन्हें बचपन के शाखा गीत आज भी प्रेरणा देते हैं। तृतीय सरसंघचालक श्री बालासाहब देवरस संघ कार्य के लिए बंगाल गए थे। वहां का एक ग्राम्य गीत (धन धान्य पुष्पे भरा) उन्हें बहुत पसंद था। आगे चलकर संघ के घोष ने भी इसे अपना लिया।

जब बालासाहब ने 11 मार्च, 1994 को सरसंघचालक की जिम्मेदारी रज्जू भैया को दी, तो शाम को नागपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम हुआ। समापन के बाद मंच के पास आकर घोषदल ने बहुत देर तक यह गीत बजाया। इस दौरान बालासाहब अति प्रसन्न दिखाई दिए। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जब वरिष्ठ प्रचारक या कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय में अपना कोई प्रिय गीत सुनने की इच्छा व्यक्त की। वरिष्ठ प्रचारक एवं पत्रकार भानुप्रताप शुक्ल जब अस्पताल में भर्ती थे, तो श्री सुदर्शन उनसे मिलने गए।

सुदर्शन जी ने उन्हें एक गीत और फिर प्रार्थना सुनाई। इससे उनके चेहरे पर चमक आ गई। गीत में लय, शब्द और विचार का समन्वय होता है। वे लंबे समय तक मन और मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। गीत रूपी जल की सिंचाई से ही वैचारिक फसल परिपक्व होती है। इसलिए शाखा में हर दिन गीत होना जरूरी है।

## राशिफल

**आज दिनांक 27 सितंबर, 2025, शनिवार, विक्रम संवत् 2082, आश्विन माह शुक्ल पक्ष पंचमी, अनुराधा नक्षत्र, बालव करण, प्रीति योग, राहुकालः सुबह 9:19 से 10.48 बजे, सूर्योदय सुबह 6:21 बजे, सूर्यास्त सायं 6:14 बजे, चंद्रोदय सुबह 10:53 बजे, चंद्रास्त रात 9:35 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:54 बजे से 12:41 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:45 से 5:33 बजे तक, चंद्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।**




किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई–बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक–5–8–9




अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक–5–6–7




परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक–1–2–5




स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक–1–8–9




लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग–दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख–सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक–5–6–8




स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन–भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन–भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक–6–8–9




प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद–प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक–4–5–6




स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन–देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक–5–6–9




शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक–6–7–8




लेन–देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक–5–6–8




अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक सोच और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक–1–6–7




प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करे। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक–3–5–7

## क्या भगवान का अस्तित्व है?

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। नाई और उस व्यक्ति के बीच में ऐसे ही बातें शुरू हो गई और वे लोग बातें करते-करते भगवान के विषय पर बातें करने लगे। तभी नाई ने कहा: मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा।

नाई ने कहा: बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? क्या दुनिया में इतनी हिंसा होती? क्या कष्ट या पीड़ा होती? मैं ऐसे निर्दयी ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता जो इन सबकी अनुमति दे। व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था इसलिए चुप रहा और नाई की बातें सुनता रहा। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा: क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा: तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे हैं। व्यक्ति ने कहा: नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा: अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

व्यक्ति ने कहा: तुम बिल्कुल सही कह रहे हो, यही बात है। भगवान भी होते हैं लेकिन कुछ लोग भगवान पर विश्वास ही नहीं करते तो भगवान उनकी मदद कैसे करेंगे। विश्वास ही सत्य है! अगर भगवान पर विश्वास करते हैं तो हमें हर पल उनकी अनुभूति होती है। और अगर हम विश्वास नहीं करते तो हमारे लिए उनका कोई अस्तित्व नहीं।

## सुडोकु 2043

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 1 | | | | | | |
| | | 8 | | 7 | | 6 | | |
| | | | | | 1 | 2 | | 7 |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | | | 5 | | 9 | | | |
| | | | | | | | 8 | 6 |
| | | | | | | 8 | | |
| | | 6 | 8 | | 2 | 1 | | 9 |
| | | 2 | | 3 | 5 | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 2042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 |
| 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 |

# 'बदलते तकनीक दौर में अध्यापन की गुणवत्ता सुधारना समय की मांग'

## पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा सवाई माधोपुर का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन पंचायत समिति सवाई माधोपुर सभागार में प्रोफेसर सीएल वर्मा के मुख्य आथित्य व रामकेश मीना प्रधान प्रतिनिधि सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में शुरू हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि, अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथियों का साफा, शॉल व माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर, प्रदेश संयुक्त महामंत्री गिर्राज प्रसाद वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी व प्रदेश प्रचार मंत्री अर्जुन लाल बैरवा ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर ने संगठन की रीति नीति से अवगत कराते हुए शिक्षक समस्याओं पर प्रकाश डाला। अधिवेशन में संगठन के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर सीएल वर्मा ने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की मूल भावना समझाने पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को स्थानीय भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जोड़कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी परिवेश में डिजिटल साधनों का उपयोग कर अध्यापन की गुणवत्ता में सुधार लाना समय की मांग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान प्रतिनिधि रामकेश मीणा ने कहा कि शिक्षकों की जो समस्याएं हैं, उनके निस्तारण के लिए हम सदैव पंचायती राज शिक्षक संघ के साथ खड़े हैं।




संगठन व पंचायत स्तर पर समन्वय के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है। शिक्षकों की समस्याओं का कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा से निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राजावत ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और शिक्षक उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। वे शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा तत्पर है और शिक्षकों की उचित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निस्तारण किया जाएगा। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक संतोष मीना ने कहा कि शिक्षा विभाग शिक्षक हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षक का दायित्व और अधिक बढ़ गया है, क्योंकि वही बच्चों को नैतिक मूल्यों, व्यवहारिक ज्ञान व तकनीकी दक्षता से परिपूर्ण कर सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने कहा कि पंचायती राज शिक्षक संघ सदैव शिक्षकों की आवाज बुलंद करने वाला अग्रणी संगठन है। संगठन ने समय-समय पर शिक्षकों की समस्याओं को मुखरता से उठाया है और उनके समाधान के लिए संघर्ष किया है। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि लाली देवी गुर्जर, संयुक्त महासंघ जिलाध्यक्ष लड्डू लाल लोधा, महामंत्री हनुमान सिंह नरूका, मंजूर आलम शिरवानी, जिलाध्यक्ष मोहम्मद जाकिर, प्रदेश सलाहकार हरिशंकर गुर्जर ने संबोधित करते हुए शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला।

# 'अगले साल फिर मिलेंगे' वादे के साथ राविरा-2025 का रंगारंग समापन

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्त्री शक्ति महिला समूह की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राविरा-2025 का रंगारंग समापन द राजघराना रिसॉर्ट में अगले साल फिर आने के वादे के साथ हुआ। इस मौके पर इस बार से शुरू किया गया द रश्मिका अवॉर्ड जिला मुख्यालय की जानी मानी युवा चिकित्सक डॉ. अन्नुश्री को दिया गया, जो ना केवल बतौर रेडियोलॉजिस्ट महिलाओं की सेवा कर रही है, बल्कि सामाजिक सरोकार निभाते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी लगातार काम कर रही है। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं ने अपने परिवार के साथ डांडिया व गरबा खेला। इसके बाद तीन दिन तक चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ



महासिंह मांठ, पृथ्वी–मोनिका राव, सुशील नेहरा, अजय वर्मा, डॉ. कार्तिकेय–एडवोकेट पूजा शर्मा, अलका शर्मा आदि ने किया। आरजे कविश ने एंकरिंग कर मौजूद लोगों को गानों पर जमकर मस्ती करवाई। इस मौके पर दो लक्की ड्रॉ निकाले गए। एक लक्की ड्रॉ महालक्ष्मी ज्वैलर्स की ओर से निकाला गया, जिसमें झुंझुनूं शहर की आशा राणासरिया को डायमंड रिंग दी गई। इसके अलावा रामेश्वरम नगर रेजीडेंसी की ओर से निकाले गए लक्की ड्रॉ में रिया गाडिया को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी दी गई। अंत में ललित राठौड़, डॉ. मीना शेखावत, रविता चौधरी, डॉ. शालू टीबड़ा आदि ने आयोजन के सहयोगियों का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. मीना शेखावत, ललित राठौड़, सुमन मील, रविता चौधरी, डॉ. शालू टीबड़ा, सुनिता टीबड़ा, सुनिता चौधरी, प्रियंका भार्गव, ज्योति मांजू, आकांक्षा लोयल, डॉ. कीर्ति आदि मौजूद थी।

# डूंगरी महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए दिया डेढ़ लाख रुपए का सहयोग



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** डूंगरी महादेव मंदिर मिर्जापुरा के निर्माण कार्य के लिए भामाशाह गिर्राज प्रसाद शर्मा ढोलावास की ओर से डेढ़ लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। लालसोट उपखंड क्षेत्र के मिर्जापुरा गांव में 1100 साल पुराने डूंगरी महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए ढोलावास निवासी भामाशाह गिर्राज प्रसाद शर्मा ने लालसोट विधायक रामबिलास डूंगरपुर के हाथों मन्दिर निर्माण कमेटी के सचिव कांजी राणा को डेढ़ लाख रुपए का चेक भेंट किया। मंन्दिर निर्माण कमेटी के ख्यालीराम मीणा ने बताया कि मिर्जापुरा डूंगरी के ऊपर 1100 साल पूर्व भगवान शिव की स्वयंभू मूर्ति थी, जिसका अब जीर्णोद्धार व नवीकरण किया जा रहा है, जिसमें सवा करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मन्दिर निर्माण में कई भामाशाह बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान विधायक रामबिलास डूंगरपुर, भामाशाह गिर्राज प्रसाद शर्मा, जिला परिषद सदस्य श्रीनारायण मीणा, कमलेश शर्मा, जयप्रकाश ढोलावास, पूरण खाड्या, मुकेश प्रजापत सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 'बच्चों को मनचाहे सांचे में ढालकर कुशल बना सकता है शिक्षक'

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन शुरू

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन उपखंड मुख्यालय स्थित दा प्रभू कौशल रिसॉर्ट में आयोजित किया गया।

ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सैन व संयोजक नवीन शर्मा सुकार ने बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता प्रांतीय संरक्षक प्रह्लाद शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि विधायक रामबिलास मीना व मुख्य वक्ता प्रांतीय घोष मनोज शर्मा, विभाग प्रचारक सवाईमाधोपुर दीपक शर्मा रहे। जिलाध्यक्ष अवधेश शर्मा ने संगठन के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला मंत्री राजकुमार शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



इस दौरान विधायक रामबिलास मीना ने कहा कि शिक्षक एक ऐसा कारीगर होता है, जो बच्चों को मनचाहे सांचे में ढालकर उन्हें कुशल बन सकता है। लालसोट विधायक ने ब्लॉक में रिक्त चल रहे पदों को भरवाने का आश्वासन देते हुए संगठन की समस्याओं का निराकरण करने का विश्वास दिलाया। समारोह में एडीओ तेजकरण शर्मा, एडीपीसी गिर्राज मीना, विभाग संगठन मंत्री कालूराम मीना, संभाग संगठन मंत्री परीक्षित शर्मा, उपशाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बदराम मीना, मुन्ना लाल मीना, लालूराम बैरवा, भरतलाल मीना, राजेश शर्मा, शिवदयाल शेखावत, ज्ञानचंद मीना, मनोज सोनी सहित अनेक शिक्षक बंधु उपस्थित रहे। शैक्षिक सम्मेलन के दौरान हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन नवीन शर्मा सुकार व विमल गुप्ता ने किया।

**दुर्गा पूजा महोत्सव**

# विधायक ने किया डांडिया महोत्सव के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़/मुकुंदगढ़।** मंडी बाईपास रोड पर स्थित नृसिंह दास बालाजी मंदिर में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में डांडिया महोत्सव के पोस्टर का विमोचन विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किया। इस मौके पर डूंडलोद के बोनी बना, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, गौवंश व पुजारी अधिकार रक्षा मंच के संस्थापक भास्कर दूलर, जगदीश मीणा, समाजसेवी रामकुमार सैनी मौजूद थे। युवा पार्षद अजय सैनी ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। मंदिर परिसर में 30 सितंबर को शाम को डांडिया महोत्सव होगा, जिसकी तैयारियो में कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

# 'दुर्जन लोगों के लिए माताओं और बहनों को बनना होगा मां काली'

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद के मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी आयाम की ओर से सार्वजनिक बाल दुर्गा पूजा समिति के पण्डाल में दुर्गा पूजा व शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड उपाध्यक्ष लक्ष्मण स्वामी ने प्रणवोच्चार, एकात्मकता मंत्र व विजय महामंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मातृशक्ति व दुर्गावाहिनी की स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा दुर्गा पूजा व शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए दुर्गावाहिनी कार्यकर्ता सपना आशीवाल ने महिलाओं व



बालिकाओं में 'आत्मविश्वास व हिम्मत कैसे बढ़े' विषय पर प्रभावशाली प्रबोधन दिया। सपना ने कहा कि माताओं व बहनों को दुर्जन लोगों के लिए मां काली बनना होगा। उन्होंने कहा कि माताओं व बहनों को सिर्फ चौके-चूल्हे तक सीमित ना रहकर रानी लक्ष्मीबाई की तरह शक्तिशाली व निडर बनना चाहिए। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखण्ड अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया ने पंच परिवर्तन को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। खण्ड प्रचारक अभिषेक कुमार ने नशा मुक्ति विषय पर अपने विचार रखे। नगर कार्यवाह कमल किशोर पंवार ने शस्त्र पूजन का महत्व बताया।

# शिक्षक हितों के लिए एकजुटता बनाए रखने का आह्वान

### शिक्षक संघ सियाराम के शैक्षिक सम्मेलन में प्रधानाचार्यों के तबादलों का विरोध

महानगर संवाददाता

**सुजानगढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय चूरू जिला शैक्षिक सम्मेलन शुक्रवार को सुजानगढ़ शहर की राजकीय पीसीबी स्कूल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद सूरज कुमारी गाड़ोदिया आदर्श विद्या मंदिर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। मोदी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वागत नृत्य पेश किया। पूसाराम स्वामी ने स्वागत भाषण दिया। वहीं नारायण सिंह शेखावत ने जिला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने हाल ही में



हुए प्रधानाध्यापकों के जंबो तबादलों का विरोध भी किया। कार्यकम को संबोधित करते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि वर्तमान युग के परिदृश्य में शिक्षा में बदलाव और शिक्षकों की भूमिका के बारे में मंथन की जरूरत है। पूर्व मंत्री खेमाराम ने कहा कि वो शिक्षकों की समस्याओं और जायज मांगों को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। सीबीईओ सुनीता पूनिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान राज्य पुरस्कार मिलने पर शिक्षक विनोद कुमार व पवन कुमार शर्मा का सम्मान किया गया। साथ ही नवाचार करने वाले प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। अंत में जिलाध्यक्ष आनंद कुमार डांगी ने संघ की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए धन्यवाद दिया। शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को शिक्षा नीति-2020 पर चिंतन मनन किया जाएगा सम्मेलन में विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, प्रधान मनभरी देवी, सीबीईओ सुनीता पूनिया, एसीबीओ मंजू पंवार, भामाशाह पवन मौसूण, जिलाध्यक्ष आनंद कुमार डांगी, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 'ताकत का अंदाजा लगाया जा सकता है, हौंसले का नहीं'



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय के राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ़ पचवारा में नोडल प्राचार्य प्रोफेसर सुभाष पहाड़िया के निर्देशन व राकेश कुमार मीना के संयोजन में रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र द्वारा 'छात्राओं को मानसिक रूप से सशक्त कैसे बनाएं' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता सहायक आचार्य डॉ. रवीन्द्र सिंह यादव ने अपने संबोधन में छात्राओं को भारत की बहादुर महिलाओं रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होल्कर, भीकाजी कामा, इंदिरा गांधी, बछेंद्री पाल के जीवन संघर्ष और उनके बुलन्द इरादों की प्रेरणादायक कहानी सुनाकर प्रेरित किया और कहा कि व्यक्ति की ताकत का अंदाजा लगाया जा सकता, लेकिन हौंसले का नहीं, हमें सदैव मानसिक रूप से मजबूत और सशक्त रहना चाहिए। किसी भी तरह के खतरे को भांप कर पहले अपने आपको कहें कि आप लड़ने के लिए तैयार और मजबूत हैं। शारीरिक शक्ति से ज्यादा मानसिक शक्ति बेहद महत्वपूर्ण है। अति सूचनाओं के इस दौर में युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, अतः हमें अपनी मानसिक शांति व स्वास्थ्य के लिए योग व प्राणायाम का सहारा लेना चाहिए और फेंक न्यूज से सतर्क रहना चाहिए, तभी आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। इस दौरान संकाय सदस्य रामजीलाल मीना, डॉ. अमृतलाल मीना, डॉ. लालचन्द डंडिया, अनिता यादव, सोनू मीना सहित छात्राएं उपस्थित रही।

# बार एसोसिएशन ने मनाया नवरात्र व गरबा महोत्सव

महानगर सवांददाता

**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से सिविल न्यायालय परिसर में नवरात्र उत्सव व गरबा महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजपाल सिंह अपर जिला न्यायाधीश चाकसू उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से आध्यात्मिक व मानसिक शांति का संचार होता है और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वाति व्यास अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 15 ने की। कार्यक्रम में जयश्री मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 19 चाकसू व शिव चरण शर्मा पूर्व उपखंड अधिकारी चाकसू भी उपस्थित रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष एनएल शर्मा, महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर और पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक पूर्व महासचिव लोकेश शर्मा ने बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, रमेश चौधरी, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, जीएल प्रजापत, विष्णु सैनी, दिनेश शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने ली स्वच्छता की शपथ

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों व एनसीसी की स्थानीय इकाई के कैडेट्स का एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि जिला युवा केंद्र अधिकारी हर्षित खंडेलवाल ने स्वच्छता के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए, साथ ही माय भारत पोर्टल पर चल रहे 'यंग लीडर डायलॉग 2026 माय भारत क्विज' के तहत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय




के प्राचार्य डॉ. गोपाल सिंह ने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों और कैडेट्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस की सभी इकाइयों के स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी हंसराज गुर्जर, डॉ. धनराज मीणा और एनएसएस अधिकारी डॉ. मुस्सविर अहमद के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सहायक आचार्य प्रशांत राव ने किया।

# शहीद इंद्रसिंह सैनी के सम्मान में 151 युवाओं ने किया रक्तदान

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर के प्रथम शहीद इन्द्रसिंह सैनी की 12वीं शहादत पर शुक्रवार को 151 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ चंचलनाथ टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, कांग्रेस के प्रदेश सचिव ताराचंद सैनी, पार्षद बुधराम सैनी, शहीद की माता चावली देवी, शहीद वीरांगना शारदा देवी, भाई राजेंद्र कुमार, सैनी मंदिर कमेटी अध्यक्ष संतोष सैनी के सानिध्य में शहीद पुत्र और पुत्रवधू राकेश-प्रियंका ने रक्तदान करके किया। इस दौरान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। शिविर में 151 रक्तवीरों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहीद को झुंझुनूं विधायक, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा, भाजपा के रामकरण सैनी जगीरा, इंद्राज सिंह कायस्थपुरा, ताराचंद सैनी, दलीप सिंगोदिया, किशोरीलाल सैनी सहित सैकड़ों लोगों ने शहीद को पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान गायक शीशराम सैनी व पुरुषोत्तम कुमावत ने देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए। शहीद के पुत्र दलीप सैनी व बेटी पूजा ने आभार जताया।



# ग्रामीणों को प्रॉपर्टी कार्ड व आवासीय पट्टों का वितरण

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की ग्राम पंचायत अमराबाद व गोपालपुरा में एक छत के नीचे 16 विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों ने भाग लेते हुए ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया। सहायक विकास अधिकारी प्रभु लाल बैरवा ने बताया कि ग्राम पंचायत अमराबाद में पुराने 9 आवासीय पट्टों का नवीनीकरण किया गया, वहीं उपखंड अधिकारी बद्री लाल मीणा ने लाभार्थियों को 22 नए पट्टे और प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। ग्राम पंचायत अमराबाद में ग्रामीण सेवा शिविर दौरान राजस्व विभाग के कार्मिकों ने 41 किसानों को गिरदावरी एप के बारे में जानकारी दी और 15 मूल निवास, 16 जाति प्रमाण पत्र व चार शुद्धिकरण




सहित चार का निस्तारण किया। शिविर के दौरान सहकारी विभाग के कार्मिकों द्वारा 3 सदस्य बनाए गए, वहीं जन आधार योजना अंतर्गत 8 संशोधन किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 72 आवेदनों में से 40 का मौके पर निस्तारण किया गया।

वहीं दूसरी ओर पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की ग्राम पंचायत गोपालपुर में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी बद्रीलाल मीणा ने शिविर का जायजा लेते हुए लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड बांटे।

अतिरिक्त विकास अधिकारी फैली राम मीणा ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर दौरान लाभार्थियों के आठ पुराने पट्टों का नवीनीकरण किया गया, वहीं 9 नए पट्टे लाभार्थियों के नाम जारी किए गए, साथ ही 17 प्रॉपर्टी कार्ड लाभार्थियों को बांटे गए।

# स्वामी टेऊंराम महाराज का चौथ पर्व आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक स्वामी टेऊंराम महाराज का चौथ पर्व (मासिक जन्म दिवस) शनिवार को एमआई रोड स्थित श्री अमरापुर स्थान में मनाया जाएगा। सुबह 6 बजे मंगला दर्शन के बाद 7 से 8:30 बजे नित्य नियम प्रार्थना, संत-महात्माओं द्वारा भजन-संकीर्तन, आचार्यश्री की महिमा का गुणगान, गुरु प्रार्थना का कार्यक्रम होगा। शाम 4 बजे महिला मंडल द्वारा सामूहिक चालीसा एवं जन्म सखी पाठ होंगे। संतों द्वारा स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रचित ग्रंथ ब्रह्म दर्शनी का संगीतमय पाठ होगा।

### जेडीए को कार्रवाई के निर्देश : महानगर टाइम्स में खबर छपने के बाद प्रशासन ने लिया संज्ञान

# कोर्ट स्टे के बावजूद अवैध निर्माण पर प्रशासन सख्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जमवारामगढ़ तहसील के टीकमपुरा गांव में कोर्ट के स्थगन आदेश (स्टे) के बावजूद अवैध निर्माण के मामले में प्रशासन अब सख्त हो गया है। उपखंड अधिकारी ललित मीणा ने इस संबंध में गंभीर रुख अपनाते हुए जेडीए जोन-13 के उपायुक्त और तहसीलदार, जमवारामगढ़ को निर्माण रुकवाने और विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई उस समय शुरू हुई जब 10 सितंबर 2025 को इस अवैध निर्माण को लेकर खबर महानगर टाइम्स में प्रकाशित हुई। खबर के अनुसार, टीकमपुरा गांव के खसरा नंबर 437, रकबा 4.9948 हैक्टेयर कृषि भूमि पर बिना कन्वर्जन के धर्म कांटे का निर्माण किया जा रहा था, जो पूरी तरह नियम विरुद्ध है। खास बात यह है कि उक्त भूमि पर सहायक कलेक्टर (फास्ट ट्रैक कोर्ट), जमवारामगढ़ द्वारा पूर्व में स्टे आदेश जारी किया जा चुका था। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि उक्त भूमि पर कोई भी बेचान, हस्तांतरण या निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता तथा यथास्थिति बनाए रखना अनिवार्य है। आदेश की प्रतिलिपि तहसीलदार, उप-पंजीयक एवं थाना अधिकारी को भी भेजी गई थी ताकि सुनिश्चित हो सके कि इसका पालन हो। बावजूद इसके, संबंधित पक्षों द्वारा रात्रि के समय गुपचुप तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जो सीधे तौर पर न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि किसी भी भूमि पर, जिस पर कोर्ट का स्टे है, वहां निर्माण कार्य करना अवैध है। यह न केवल न्यायालय की अवमानना है, बल्कि इसमें संलिप्त व्यक्ति और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# ‘भारतीय ज्ञान परंपरा का उपयोग कर बढ़ाएं बच्चों की बौद्धिक क्षमता’

### राज्यपाल ने महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में ली बैठक

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत ज्ञान की दृष्टि से सर्वाधिक समृद्ध है। वैज्ञानिकों, प्रोफेसर्स को चाहिए कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा का शोध-अनुसंधानों में उपयोग करते हुए बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दें।

राज्यपाल बागडे उदयपुर में शुक्रवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विस्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, संबद्ध महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के अकादमिक ढांचे, नामांकन की स्थिति, छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित विद्यार्थियों, परीक्षा व्यवस्था, वित्तीय स्थिति, स्वीकृत एवं रिक्त पदों की स्थिति, रॉस्टर प्रणाली, विश्वविद्यालय की उपलब्ध एवं बिल्टअप भूमि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भारत आदिकाल से ज्ञान का कोष रहा है। उन्होंने भारद्वाज ऋषि सहित अन्य का उदाहरण देते हुए उनके लिखे ग्रंथों का उल्लेख किया। उन्होंने ऐसी पुस्तकों को विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में रखने तथा उनका अध्ययन करने तथा अनुसंधान करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे युवा पीढ़ी में देश के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव बढ़ेगा। राज्यपाल ने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। अमेरिका सहित पूरा विश्व भारतीय टेलेन्ट पर निर्भर है। यही वजह है कि 1998 के परमाणु परीक्षण के बाद अमेरिका की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद भारत पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा और वर्तमान में चल रहे हालातों में भी भारत मजबूती से खड़ा है।

बागडे ने विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए गांवों में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गोद लिए गांवों में स्वच्छता आदि गतिविधियां चलाना ही पर्याप्त नहीं हैं। वहां का समूचा वातावरण बदलना चाहिए। इन गांवों में महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों-शिक्षकों, कार्मिकों आदि को जोड़ते हुए प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को कहानी-प्रेरक किस्सों आदि के माध्यम से शिक्षित-दीक्षित करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए, ताकि उनकी नींव मजबूत हो और वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसी से गांव का परिदृश्य बदलेगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भी पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक स्तर पर बच्चों को अपने लोकल परिवेश के साथ जोड़ते हुए पढ़ाने की पक्षधर है।

## 5500 किसानों को मिलेगा सोलर-पंप लगाने का मौका

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** किसानों को बिजली संकट से निजात दिलाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार एक बड़ी पहल करते हुए प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कम्पोनेंट-बी में जयपुर जिले के 5500 किसानों के खेतों में सोलर पम्प लगाएगी। उप निदेशक उद्यान, हरलाल सिंह बिजारनियां ने बताया कि लागत का 60 प्रतिशत हिस्सा सरकार देगी, किसान को मात्र 40 प्रतिशत राशि देनी है। अनुसूचित जाति एवं अनुसचित जनजाति श्रेणी के किसानों को 45,000 रुपए की अतिरिक्त छूट देय है। राज्यभर में 60,000 किसानों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। उद्यान विभाग इस योजना का नोडल विभाग है। किसान को उसके खेत के क्षेत्रफल के आधार पर 3, 5, 7.5 या 10 एचपी क्षमता का सोलर पम्प दिलवाया जाता है। सौर उर्जा पम्प संयंत्र लगाने के लिए न्यूनतम 0.40 हैक्टेयर भूमि का होना आवश्यक है। जिस किसान के कृषि विद्युत कनेक्शन नहीं है एवं सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधन जैसे डीजल इंजन पर निर्भर है, वह योजना का लाभ लेने के लिए राज किसान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। सौर उर्जा पम्प लगने से किसान को डीजल खर्च एवं विद्युत बिल से छुटकारा मिल सकेगा।

# विधायक गोपाल शर्मा ने ईएसआई मेडिकल कॉलेज में किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ



महानगर संवाददाता



**जयपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई) चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, शांति नगर में सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत शुक्रवार को रक्तदान शिविर का उद्घाटन सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के अंतर्गत यह पहल स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली है। ईएसआई मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मनीष गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन समारोह में डीन प्रो. (डॉ.) राजेश चेतीवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरपी मीणा के साथ-साथ सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।


मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक बूंद नहीं, बल्कि जीवन की अमूल्य भेंट है। सेवा पखवाड़े में यह हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम जरूरतमंदों के लिए आगे आएं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि ईएसआई अस्पताल प्रबंधन इस प्रकार के प्रकल्पों से न केवल स्वच्छ भारत मिशन को गति देगा, बल्कि समुदाय को स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

सेवा पखवाड़े के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें ‘स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार’ पर सेमिनार, आयुष एवं योग जागरूकता सत्र, ‘एक पेड़ मां के नाम’ पौधरोपण अभियान, तथा रिड्यूस-रीसाईकिल-रीयूज पर कार्यशालाएं शामिल हैं।

# शेखावत पेरिस पहुंचे, फ्रांस की संस्कृति मंत्री से मुलाकात

### भारत-फ्रांस सांस्कृतिक रिश्तों को और मजबूत करने पर जोर

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शुक्रवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचे। उनका स्वागत फ्रांस की संस्कृति मंत्री रशीदा दाती ने किया। इस अवसर पर शेखावत पारंपरिक जोधपुरी सूट में दिखाई दिए, जिसने भारतीय सांस्कृतिक पहचान को विशेष रूप से उजागर किया। बैठक में दोनों नेताओं ने भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और गहरा करने पर जोर दिया। चर्चा के मुख्य विषयों में पेरिस में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना, वर्ष 2026 में प्रस्तावित भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष, और ‘नमस्ते फ्रांस’ महोत्सव के अगले संस्करण का आयोजन शामिल था। शेखावत ने बैठक के बाद कहा कि फ्रांस की संस्कृति मंत्री से मिलकर खुशी हुई। विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, नवाचार वर्ष और नमस्ते फ्रांस महोत्सव पर सार्थक चर्चा हुई। संस्कृति हमारी दीर्घकालिक मित्रता का आधार है और हम इसे नए आयाम देंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण संवाद दोनों देशों की साझेदारी को नई दिशा देगा। आने वाले वर्षों में भारत-फ्रांस संबंधों में न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बल्कि नवाचार और रचनात्मक सहयोग भी नए मुकाम तक पहुंचने की संभावना है। शेखावत का यह दौरा भारत-फ्रांस संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है, जिसमें शिक्षा, नवाचार और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रमुखता दी जाएगी।

# तकनीकी कार्य से रेलसेवाएं रहेंगी प्रभावित

### मदार-पालनपुर रेलखंड पर मार्ग परिवर्तित

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के मदार-पालनपुर रेलखंड पर मारवाड़ जं. व आउवा स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के कारण ट्रेफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। जिस कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी।

**मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं :** बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी ट्रेन 2 अक्टूबर को बान्द्रा टर्मिनस से रवाना होगी और परिवर्तित मार्ग वाया महेसाना-भीलडी-लूनी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेल भीलडी, मारवाड भीनमाल, जालोर व समदडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। बैगलुरू-जोधपुर ट्रेन 1 अक्टूबर को बैगलुरू से रवाना होगी और परिवर्तित मार्ग वाया महेसाना-भीलडी-लूनी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा भीलडी, मारवाड भीनमाल, जालोर व समदडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। हडपसर-जोधपुर ट्रेन 2 व 3 अक्टूबर को हडपसर से रवाना होगी और परिवर्तित मार्ग वाया महेसाना-भीलडी-लूनी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा भीलडी, मारवाड भीनमाल, जालोर व समदडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। बान्द्रा टर्मिनस-भगत की कोठी ट्रेन 3 अक्टूबर को बान्द्रा टर्मिनस से रवाना होगी और परिवर्तित मार्ग वाया महेसाना-भीलडी-लूनी होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेल भीलडी, मारवाड भीनमाल, जालोर व समदडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

**रीशिड्यूल रेलसेवाएं :** जोधपुर-साबरमती ट्रेन 3 व 4 अक्टूबर को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 45 मिनट देरी से रवाना होगी।

**रेगुलेट रेलसेवाएं :** बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर ट्रेन 2 व 3 अक्टूबर को बान्द्रा टर्मिनस से रवाना हेगी और आबूरोड-आउवा स्टेशनों के मध्य 2 घंटा 40 मिनट रेगुलेट रहेगी। मैसूरू-अजमेर ट्रेन 2 अक्टूबर को मैसूरू से रवाना होगी और आबूरोड-आउवा स्टेशनों के मध्य 2 घंटा 40 मिनट रेगुलेट रहेगी। श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन 2 व 3 अक्टूबर को श्रीगंगानगर से रवाना होगी और मारवाड़ जं. स्टेशन पर 10 मिनट रेगुलेट रहेगी। भगत की कोठी-बान्द्रा टर्मिनस ट्रेन 4 अक्टूबर को भगत की कोठी से रवाना होगी और भगत की कोठी-मारवाड़ जं. स्टेशनों के मध्य 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

# अग्रसेन जयंती महोत्सव पर प्रतिभा सम्मान समारोह आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अग्रवाल कॉलेज स्थित महाराजा अग्रसेन सभागार में शनिवार को प्रतिभा सम्मान व समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य संयोजक कैलाश मित्तल व मुख्य समन्वयक मनीष मंगोड़ीवाला ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत शाम 6 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इस मौके पर समाज समिति के अध्यक्ष ओ.पी. अग्रवाल, समारोह अध्यक्ष राजेन्द्र केडिया, अतिविशिष्ट अतिथि विधायक कालीचरण सराफ व प्रमखु समाजसेवी महेन्द्र डेरेवाला होंगे। जबकि एलएन इन्फ्रास्ट्रक्चर के एल.एन. अग्रवाल, प्रमुख समाजसेवी दामोदर दास मोदी, अग्रवाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, प्रमुख समाजसेवी व उद्यमी आनंदी लाल लालपुरिया प्रमुख समाजसेवी व उद्यमी ब्रजकिशोर गोयल, अनन्द गुप्ता प्रेसिडेंट झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया, एलआर गुप्ता, अल्ट्राटेक सीमेंट के महेश गुप्ता व प्रमुख समाजसेवी पवन गोयल होंगे। समारोह के संयोजक सीए सतीश गुप्ता ने बताया कि समारोह के दौरान जयपुर के प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि आईआईटी, एमबीए, सीए डाक्टर सहित अन्य परीक्षाओं में श्रेष्ठ रहे विद्यार्थी, आरजेएस, आईपीएस, आरएस, आईएएस, खेल प्रतिभाओं में देश व नाम रोशन करने वाले व शिक्षा जगत व कॉर्पोरेट में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 100 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

# बयाना-मथुरा व मथुरा-कोटा रेल का अलवर तक विस्तार

**जयपुर (मसं)।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा हेतु बयाना-मथुरा व मथुरा-कोटा ट्रेन का अलवर तक अस्थाई विस्तार किया है। बयाना-अलवर ट्रेन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक बयाना से प्रतिदिन 18.25 बजे रवाना होकर रात 23.45 बजे अलवर स्टेशन पहुंचेगी। अलवर-कोटा ट्रेन 2 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक प्रतिदिन रात 1 बजे अलवर से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 13.20 बजे कोटा पहुंचेगी।

# जवाहर कला केंद्र से शुरू होगा बच्चों का वैश्विक संग्रहालय चित्रण अभियान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** फ्यूचर सोसाइटी का डिजीटल बाल मेला इस विश्व पर्यटन दिवस पर एक अनूठा अभियान शुरू कर रहा है ‘संग्रहालयों की कहानी, बच्चों की जुबानी’। यह अभियान जवाहर कला केंद्र, जयपुर से 27 सितम्बर को शुरू होगा। इस पहल के अंतर्गत देश-विदेश के बच्चे अपने पसंदीदा संग्रहालयों की पेंटिंग बनाएंग और अपने रंगों में इतिहास और संस्कृति को जीवंत करेंगे। फ्यूचर सोसाइटी की उपाध्यक्ष रविता शर्मा ने बताया कि इस अभियान का समापन 30 मार्च, राजस्थान स्थापना दिवस पर होगा, जिसमें बच्चों की रचनाओं का भव्य प्रदर्शन होगा। डिजिटल बाल मेला की फाउंडर जान्हवी शर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य दुनिया भर के लगभग 10,000 संग्रहालयों की जानकारी बच्चों तक पहुंचाना और उन्हें इन धरोहर स्थलों की अहमियत से परिचित कराना है।



### सिल्क रूट अल्ट्रा और खारदुंगला चैलेंज-2025

# महेश द्विवेदी और सूरज मीणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रचा इतिहास

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** भारतीय अल्ट्रा रनिंग ने इस वर्ष एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है, जब कोच महेश द्विवेदी (वी जे) और सूरज मीणा ने हिमालय की सबसे कठिन ऊंचाई वाली अल्ट्रा मैराथनों में असाधारण प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया।

सिल्क रूट अल्ट्रा 2025 में कोच महेश द्विवेदी ने मात्र 15 घंटे, 06 मिनट और 56 सेकंड में दौड़ पूरी कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। लगभग 18,000 फीट की ऊंचाई, पतली हवा और कठिन चढ़ाइयों से जूझते हुए उन्होंने न केवल नॉन-लद्दाखी श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया बल्कि पुराना रिकॉर्ड भी एक घंटे से अधिक के अंतर से तोड़कर नया कोर्स रिकॉर्ड कायम किया। वहीं, युवा अल्ट्रारनर सूरज मीणा ने प्रसिद्ध खारदुंगला चैलेंज 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 घंटे, 21 मिनट और 15 सेकंड में दौड़ पूरी की। उनका यह प्रदर्शन प्रतियोगिता के इतिहास में दूसरा सर्वश्रेष्ठ कोर्स रिकॉर्ड है। दोनों धावक अपने सपनों को साकार करने के लिए पिछले 7 महीनों से रोजाना 8-8 घंटे कठिन प्रशिक्षण ले रहे थे। विशेष रूप से महेश द्विवेदी की कहानी प्रेरणादायी है। मई 2024 में हुए एक गंभीर हादसे में उनके दाएं पैर की सभी उंगलियां टूट गई थीं, लेकिन केवल तीन महीनों में उन्होंने खुद को संभाला और सूरज मीणा के साथ मिलकर लगातार कठिन परिश्रम करते हुए यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

# एसकेआईटी में आईसीआई फेस्ट-2025 का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथन (एसकेआईटी), जयपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से शुक्रवार को इंडियन कंक्रीट इंस्टिट्यूट स्टूडेंट चैप्टर के बैनर तले आईसीआई फेस्ट 2025 का भव्य उद्घाटन किया गया। फेस्ट के संयोजक अनिरुद्ध माथुर ने बताया कि यह फेस्ट विद्यार्थियों के लिए और विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत चेयरमैन सुरजाराम मील के स्वागत संबोधन से हुई। विशिष्ट अतिथि मनोज कावलकर, प्रेसीडेंट (इलेक्ट) ने विद्यार्थियों को सिविल इंजीनियरिंग में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. अनूप बार्तारिया, सीएमडी, सिंसियर आर्किटेक्ट इंजीनियर प्रा. लि. एवं वर्ल्ड ट्रेड पार्क लि. ने अपने कीनोट एड्रेस में विद्यार्थियों से सतत डिजाइन एवं नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। समारोह के समापन पर डॉ. बी.एल. शर्मा धन्यवाद ज्ञापित किया।



# उत्तर पश्चिम रेलवे पर 5561 किमी रेल मार्ग में 2300 करोड़ की लागत से स्वदेशी कवच प्रणाली लागू

### बीकानेर मंडल में 1775 किलोमीटर रेल मार्ग पर कवच प्रणाली स्थापित करने के लिए 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपने 5561 किलोमीटर रेल मार्ग पर ट्रेन सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए स्वदेशी टक्कररोधी कवच प्रणाली को लागू करने का निर्णय लिया है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 2300 करोड़ रुपए है। बीकानेर मंडल में 1775 किलोमीटर रेल मार्ग पर कवच प्रणाली स्थापित करने के लिए 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। यह कदम रेलवे की संरक्षा को मजबूत करने और संरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने के प्रयास का हिस्सा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार, बीकानेर मण्डल में अत्याधुनिक कवच 4.0 प्रणाली स्थापित की जाएगी। इसके तहत स्टेशन कवच, लोको कवच, दूरसंचार टावर और ऑप्टिकल फाइबर केबल का व्यापक नेटवर्क बिछाया जाएगा।

अजमेर, जयपुर और जोधपुर मंडल में शेष मार्गों के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है। कवच प्रणाली एक स्वदेशी विकसित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जिसे ट्रेन की गति की निगरानी और नियंत्रण करके दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है।

इसे सुरक्षा अखंडता स्तर 4 (एसआईएल 4) पर तैयार किया गया है। इसका विकास 2015 में शुरू हुआ और व्यापक परीक्षण के बाद दक्षिण मध्य रेलवे में लागू किया गया। कवच 4.0 को मई 2025 में 160 किमी प्रति घंटे तक की गति के लिए अनुमोदित किया गया।

#### कवच प्रणाली से रेल संरक्षा और संचालन सुदृढ़

कवच प्रणाली में कई उप-प्रणालियां शामिल हैं। आरएफआईडी टैग ट्रैक की हर किलोमीटर पर लगाकर ट्रेनों की स्थिति बताता है। दूरसंचार टावर और ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क के माध्यम से लोको कवच और स्टेशन कवच लगातार संचार करते हैं। लोको कवच इंजनों की ब्रेकिंग प्रणाली से जुड़ा है और आपातकालीन स्थिति में ब्रेक सक्रिय करता है। सिग्नलिंग प्रणाली, स्टेशन कवच और लोको कवच के साथ एकीकृत होकर सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करती है।

#### अत्याधुनिक सुरक्षा उपाय लागू

1586 किलोमीटर रेल मार्ग पर स्टेशन कवच, टावर और ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने के लिए टेंडर अवार्ड कर दिए गए हैं। सभी कार्य प्रगति पर हैं। बीकानेर मंडल में कार्य स्वीकृति मिलने के बाद उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों में कवच प्रणाली स्थापित हो जाएगी। इससे रेल संरक्षा और संचालन दोनों में काफी सुधार होगा। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संरक्षित और सुरक्षित रेल संचालन उनकी प्राथमिकता है। अत्याधुनिक तकनीक और नवाचारी प्रणाली के उपयोग से यात्रियों और माल दोनों के लिए रेल संचालन अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनेगा।

# गृह मंत्री शाह ने कोलकाता में दुर्गा पूजा मंडप का किया उद्घाटन

महानगर संवाददाता



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को उत्तर कोलकाता के प्रतिष्ठित संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा मंडप का शुभारंभ किया। सुबह 11.20 बजे पहुंचे शाह ने इस वर्ष की थीम 'ऑपरेशन सिन्दूर' का अवलोकन किया, जिसमें पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के आतंकवाद-विरोधी अभियान की झलक प्रस्तुत की गई है। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता व विधायक (विपक्ष के नेता) सुवेंदु अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य सहित पूरा प्रदेश भाजपा नेतृत्व मौजूद रहा।

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर शाह का यह दौरा राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। पूजा उद्घाटन के दौरान उन्होंने मां दुर्गा की आराधना की और कहा कि राज्य में जल्द ही ऐसी सरकार बनेगी, जो 'सोनार बांग्ला' के सपने को साकार करेगी। शाह ने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व में बंगाल को फिर से सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया जाएगा।

भारी वर्षा और बिजली गिरने से हाल के दिनों में हुई दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस प्राकृतिक आपदा में अब तक 10 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। उनकी टिप्पणी को विपक्ष द्वारा राज्य सरकार पर डाले जा रहे सवालों के बीच राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

संतोष मित्रा स्क्वायर पूजा के आयोजन में भाजपा नेता और नगर निगम सदस्य सजल घोष प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। शाह ने इससे पहले वर्ष 2023 में भी इसी मंडप का उद्घाटन किया था, जब इसकी थीम राम मंदिर रखी गई थी।

# बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 'स्वच्छता ही सेवा अभियान'




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बैंक ऑफ इंडिया के जयपुर अंचल कार्यालय स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आयोजन किया गया।

जवाहर नगर स्थित ऑटो-टेम्पो स्टैंड एवं आस-पास की सड़क पर स्टाफ सदस्यों की ओर से एक घंटा श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया। आंचलिक प्रबंधक राजेश कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक सीताराम मीणा, डॉ. विष्णु कुमार गोयल, पीयूष शर्मा, उमाशंकर, पूजा शर्मा सहित कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह एवं सुनील कुमार वर्मा ने दैनिक सफाईकर्मी को उपहार देकर सम्मानित भी किया। सभी ने स्वच्छता के लिए शपथ भी ली। इस दौरान सड़क किनारे लगे पेड़ो को पानी भी दिया एवं पशुओं के लिए पान सुधारा जा सकता था।

### शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर संबंधित सरकारी विभाग को कई बार फोन और अन्य माध्यमों से सूचित किया गया है। लेकिन, शिकायत के बावजूद विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और मीडियन कटों से झाड़ियों को हटाने का कोई काम नहीं किया गया। यह उदासीनता सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। लोगों ने हादसों को रोकने के लिए इन झाड़ियों को शीघ्र हटाने की मांग की है।

# ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया, 1 अक्टूबर से लागू होगा



अमेरिका को 30 फीसदी दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं।

भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था।

ट्रम्प ने कहा- '1 अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100त्न टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। 'लगा रही हैं' का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।' जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा- 'भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि प्रेसिडेंट का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है।'
भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है।

# संशोधित परिणाम से बाहर हुए कनिष्ठ लेखाकारों को हटाने पर लगाई रोक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में चयनित होकर बीते सात माह से काम कर रहे कनिष्ठ लेखाकारों को संशोधित परिणाम के चलते हटाने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख वित्त सचिव, प्रमुख कार्मिक सचिव और राजस्व मंडल सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने मामले में कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति की सिफारिश वापस लेने वाले गत 4 सितंबर और उन्हें रिलीव करने वाले 12 सितंबर के आदेश की क्रियान्विति पर भी रोक लगाई है। अदालत ने राज्य सरकार को छूट दी है कि वह चाहे तो याचिका में जवाब पेश करने के बाद अंतरिम रोक हटाने के लिए प्रार्थना पत्र पेश कर सकती है। जस्टिस मनीष शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश टिंकू कुमार मीणा व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।



### पेपर लीक से जुड़े ईडी प्रकरण में जमानत याचिकाएं खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक से जुड़े ईडी मामले में आरोपी भूपेन्द्र सारण, अनिल कुमार उर्फ शेरसिंह, अरुण शर्मा व पुखराज को जमानत से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। आरोपियों ने जमानत याचिकाओं में कहा कि उन्हें इस केस में झूठा फंसाया गया है। इसके जवाब में ईडी के अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने कहा कि पेपर लीक के इस मामले में बड़े पैमाने पर रुपयों का लेन-देन हुआ है। आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा से शेरसिंह ने भर्ती का पेपर लिया था और उसे भूपेन्द्र सारण को दिया था। सारण ने इसे अरुण शर्मा को दिया और अरुण शर्मा ने भर्ती में भाग लेने वाले अन्य अभ्यर्थियों को इसे बेचा। यह मामला पेपर लीक जैसे गंभीर अपराध से जुड़ा हुआ है। ऐसे में आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। इसलिए उनकी जमानत याचिका खारिज की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र लोढ़ा और अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 भर्ती निकाली थी। जिसमें याचिकाकर्ताओं को पात्र घोषित कर मेरिट में आने पर नियुक्ति दी गई। याचिका में कहा गया कि बीटेक और आरएससीआईटी की डिग्री के विवाद के चलते चयन बोर्ड की ओर से भर्ती का संशोधित परिणाम जारी किया गया। जिसके चलते याचिकाकर्ताओं को मेरिट से बाहर कर दिया और उनकी नियुक्ति की सिफारिश को भी बोर्ड ने वापस ले लिया। वहीं इसके आधार पर उन्हें रिलीव कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने भर्ती में किसी तरह की धांधली नहीं की और नियमानुसार उनका चयन हुआ है।

याचिकाकर्ता बीते सात माह से सफलतापूर्वक अपने पद पर काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भर्ती में करीब 62 पद अभी भी रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में याचिकाकर्ताओं को सेवा से हटाना गलत है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं को हटाने पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# सेवानिवृत्त हुए एक साल हो गया, नहीं मिला भुगतान



### जलदाय कर्मचारियों-अधिकारियों के मध्य हुई वार्ता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जलदाय विभाग के तकनीकी कर्मचारियों के सेवानिवृत होने के एक वर्ष से अधिक समय होने पर भुगतान नहीं होने, पदोन्नति के बावजूद भी पदनाम परिवर्तन का सर्विस बुक में इंद्राज नहीं होने, कर्मचारियों के सीपीएफ खाते की राशि को जीपीएफ में ट्रांसफर करवाने सहित अन्य मांगों को लेकर राजस्थान वॉटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को गांधीनगर स्थित अधीक्षण अभियंता नगर वृत अनिल शर्मा से चर्चा की। चर्चा में जिलाध्यक्ष शहीउद्दीन, जिला महामंत्री बनवारी लाल सैनी, अधिशासी अभियंता के के गुप्ता, सुभाष शर्मा, भावना मीणा, भंवर सिंह कृष्णावत, प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष प्रभु सिंह रावत, ओम प्रकाश मीणा, विजय सिंह, रामबक्ष वर्मा, गणेश नारायण गुर्जर, जगदीश गुर्जर, सत्यनारायण यादव, कैलाश शर्मा, राजकुमार वर्मा, कृष्ण मुरारी सारस्वत, शिवराम मीणा, जयसिंह मीणा सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों ने बताया कि जयपुर शहर के कई कर्मचारियों को रिटायरमेंट हुए एक साल से ज्यादा हो गया। मगर उनको किसी प्रकार का भुगतान नहीं हुआ। न ही पेंशन चालू हुई। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से कई कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं हुई। मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद भी जर्जर हालत में पंप हाउस, कार्यालय एवं क्वार्टरों की रिपेयर नहीं करवाई गई। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिवस में मांगों का निस्तारण नहीं किया तो फिर आंदोलन किया जाएगा।

# डब्ल्यूसीएस और ईडी विषय पर रोडा में सीआईटीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही पात्र : हाइकोर्ट

### कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती 2024 का मामला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाइकोर्ट जयपुर बैंच ने कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती 2024 में डब्ल्यूसीएस और ईडी विषय पर रोडा में सीआईटीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पात्र माना है। हाईकोर्ट ने आदेश में कहा है कि यदि अन्य ट्रेड से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की नियुक्तियां इस पद पर की जाती है तो वो गलत और नियम विरुद्ध होगी। वो सभी नियुक्तियां बृजेश राठौर एवं अन्य 9 याचिकाकर्ताओं की याचिका के अधीन ही रहेगी। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता आरके गौत्तम, जीएस गौत्तम ने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता रोडा से सीआईटीएस उत्तीर्ण हैं। उन्होंने डब्ल्यूसीएस और ईडी में आवेदन किया है लेकिन विभाग द्वारा इन विषयों के लिए सुसंगत विषय का गलत प्रकार से मतलब निकाल कर अन्य विषयों से सीआईटीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को डब्ल्यूसीएस और ईडी के लिए पात्र माना जा रहा है जो कि डीजीटी के नियमों के विरुद्ध है जबकि अन्य ट्रेड के अभ्यर्थियों के मामले में केवल जिस विषय में आईटीआई डिप्लोमा है। उसी विषय में सीआईटीएस उत्तीर्ण को ही पात्र माना जा रहा है जबकि डब्ल्यूसीएस और ईडी विषय के लिए केवल रोडा से सीआईटीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही पात्र है। विभाग के इस पक्षपातपूर्ण रवैए के कारण योग्य अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं। इस याचिका में विभाग द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया था लेकिन विभाग के अधिवक्ता के जवाब से न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ और डब्ल्यूसीएस और ईडी विषय पर अन्य ट्रेड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति को गलत माना और इन पदों पर की जा रही नियुक्तियों पर रोक लगाते हुए ऐसी सभी नियुक्तियां इस याचिका के अधीन रहेगी।

# राणा सांगा मार्ग पर जानलेवा बनी 'कनेर' की झाड़ियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रताप नगर, सांगानेर स्थित राणा सांगा मार्ग अब दुर्घटनाओं का गढ़ बनता जा रहा है। यहां सड़क के मीडियन (डिवाइडर) कटों के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से 'कनेर' की झाड़ियां उगी हुई है। इन झाड़ियों के कारण कट पर से गुजरते समय दूसरी तरफ से आ रहे वाहनों की विजिबिलिटी (दृश्यता) पूरी तरह खत्म हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप लगातार हादसे हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने बताया कि इसी जानलेवा विजिबिलिटी की समस्या के चलते शुक्रवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यह दुर्घटना प्रशासन और संबंधित विभाग की घोर लापरवाही का नतीजा है, जिसे समय रहते सुधारा जा सकता था।



### शिकायत के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर संबंधित सरकारी विभाग को कई बार फोन और अन्य माध्यमों से सूचित किया गया है। लेकिन, शिकायत के बावजूद विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और मीडियन कटों से झाड़ियों को हटाने का कोई काम नहीं किया गया। यह उदासीनता सीधे तौर पर दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। लोगों ने हादसों को रोकने के लिए इन झाड़ियों को शीघ्र हटाने की मांग की है।

# पीएम मोदी उड़ीसा से करेंगे बीएसएनएल की स्वदेशी 4 जी सेवा और सेचुरेशन साइट्स का उद्घाटन

**जयपुर(मसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को उड़ीसा के झारसुगुड़ा से बीएसएनएल 4 जी स्टेक और डी.बी.एन. के टावरों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस सम्बन्ध में राजस्थान बीएसएनएल परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने बताया कि बीएसएनएल अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर अपना रजत जयंती समारोह मना रहा है। प्रधानमंत्री देश के विभिन्न क्षेत्रों की बीएसएनएल की 92,633 पूर्ण स्वदेशी साइटों जिसमें 14,180 बीएसएनएल सेचुरेशन साइटों का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान चुनिन्दा सेचुरेशन साइटों पर आमजन ऑनलाइन मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर स्वदेशी 4 जी नेटवर्क के शुभारंभ के साथ, भारत ने एक उपलब्धि हासिल की है जो इसे उन पांच देशों में शामिल करती है जिनके पास घरेलू 4 जी दूरसंचार स्टैक है जो भारत सरकार के डिजिटल भारत, आत्मनिर्भरता एवं सुरक्षित संचार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी जयपुर के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# सेंसेक्स 790, निफ्टी 248 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 26 सितंबर को गिरावट जारी है। सेंसेक्स करीब 790 अंक गिरकर 80,368 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 248 अंक की गिरावट है, ये 24,642 के स्तर पर आ गया है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी है। कारोबार के दौरान फार्मा सेक्टर में सबसे ज्यादा करीब 2  की गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं सन फार्मा, सिप्ला, ऑरोबिंदो फार्मा, ल्यूपिन, जायडस लाइफसाइंसेज और डॉ रेड्डी जैसे फार्मा शेयरों में 4  तक की गिरावट है।

# बिजली बंद आज




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दीपावली पर्व को लेकर जयपुर शहर में 27 सितंबर को बिजली लाइनों का आवश्यक सुधार किया जाएगा। इस कारण शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी।

**सुबह 10 से दोपहर 2 तक :** गोविंद विहार, हरनाथ विहार, मां हिंगलाज नगर, शिवनाथ विहार, गुलाबी नगर, हनुमान नगर के आसपास क्षेत्र। प्रतापनगर क्षेत्र में महल योजना बी ब्लॉक एवं आस पास का क्षेत्र। जगतपुरा क्षेत्र में जय श्री पेरीवाल स्कूल, नन्दन एनक्लेव, गंगा विहार एनक्लेव, पैराडाईज योजना, गंगा विहार, जेवियर आर्केड, पृथ्वी ऐनक्लेव एवं आस पास का क्षेत्र। मुरलीपुरा क्षेत्र के अंतर्ग्रत वैध जी का चौराहा, प्रताप नगर विस्तार, अरावली नगर, नीलगिरी कॉलोनी, माताजी मंदिर व आस-पास का क्षेत्र विद्याधर नगर क्षेत्र के अंतर्गत भवानी नगर क,ख, ग,घ ब्लाक, अल्का मैरिज गार्डन, कांजी स्वीट्स, नेकचार होटल, सीकर रोड के आस-पास का क्षेत्र। अजमेर रोड, कमला बुधिया स्कूल, सत्य कॉलोनी, वेदांता हॉस्पिटल, टैगोर नगर, ओम स्वीट्स, रजनी विहार, हनुमान वाटिका, मोहित कोटेज, गोविन्द नगर, पीतल फैक्ट्री, घूंघट होटल, झुलेलाल पार्क, चांदपोल श्मशान, पाल वाले बालाजी, आरआर होम्स, आदिनाथ नगर, सिरसी विलास एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र। पी एंड टी चौराहा, बाजोरिया स्कूल, कब्रिस्तान मैन रोड वाला, सती माता मंदिर, मोहनदास चौक, खलील का चौराहा, भेरू जी का चौक, सरेंडर वाली डीपी, सरोज सिनेमा, बिसाऊ होटल, हाजी कॉलोनी, स्वामी बस्ती, सीकर हाउस, राममंदिर, नगर निगम ऑफिस, पुलिस चौकी एवं आस-पास का प्रभावित क्षेत्र।

**सुबह 10 से शाम 4 बजे तक :** झोटवाड़ा से पोषित क्षेत्र लक्ष्मी नगर, जगन्नाथपुरी, लक्ष्मीनारायणपुरी, हीराबाड़ी, निवारू रोड, उद्योग नगर, गोल्डन बेकरी, काटा चौराहा, कालवाड़ रोड, डायमंड रेजीडेंसी, 21 साउथ, नेता जी की चक्की, नांगल जैसा बोहरा, अजय नगर, झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया, दीप नगर, भवानी निकेतन व आस-पास का क्षेत्र।

**दोपहर 2 से शाम 6 तक :** मां हिंगलाज नगर विस्तार, आम्रपाली नगर के आस पास क्षेत्र। प्रतापनगर क्षेत्र में- सैक्टर-28 प्रतापनगर एवं आस पास का क्षेत्र। जगतपुरा क्षेत्र में कोलियों की ढाणी, केके स्विमिंग पूल, नन्दन एनक्लेव, मुरलीपुरा गांव, सिटी विले, ऑडीटर्स एनक्लेव, आनन्दम योजना, आशादीप रेजीडेंसी, रिक्षा गांव, श्याम विहार, गोल्डन पार्क, रामनगरिया विस्तार बी, सी ब्लॉक, गोविन्द रेजीडेंसी, गुलमोहर बिल्डिंग, साव्यास, सौम्या स्काई ऐलाईट एवं आस पास का क्षेत्र। मुरलीपुरा क्षेत्र के अंतर्गत सूर्य नगर, राहुल टेलर्स, अल्कापुरी, लालडिब्बा चौराहा व आस-पास का क्षेत्र। विद्याधर नगर क्षेत्र के अंतर्गत दादी का फाटक, रुचि विहार, गंगा जमुना कॉलोनी, सरदार जी का फार्म, मदन विहार, आइसक्रीम फैक्ट्री, रामेश्वर धाम, गणपति पैराडाइज, आर.ओ.बी के आस-पास का क्षेत्र। महात्मा गांधी नगर, विद्युत् नगर, डॉक्टर्स कॉलोनी, टैगोर नगर, चमत्कारेश्वर मंदिर, रोडवेज कार्यालय, अभिनन्दन गार्डन, राधा गोविन्द, मां हिंगलाज, जयपुर बाग, करणी कृपा, केडिया एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

# रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने खनकाए डांडिया




### नवरात्र 'डांडिया वाइब्स' का आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महर्षि अरविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट द्वारा विद्याधर नगर स्थित पीएस पैराडाइज में नवरात्रि कार्यक्रम 'डांडिया वाइब्स' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्व्वलन एवं मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. भारत पाराशर, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजीव अरोड़ा तथा विशिष्ट अतिथि राजस्थान युवा बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुशील पारीक की उपस्थित रहे। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर बेस्ट डांडिया ड्रेस, बेस्ट डांसर तथा ग्रुप परफॉर्मेंस जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

### श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव

# छाया डांडिया का खुमार, थिरके कदम


महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दिलकश परिधान, दमकते चेहरे और नवरात्र पर मां दुर्गा की आराधना के बाद मां शेरा वाला...निंबुड़ा-निंबुड़ा...आज गरबे की रात है...अंबे तू जगदंबे काली...जैसे भक्ति व पारंपरिक गीतों में डूबकर थिरकते हजारों कदम। ट्रेडिशनल म्यूजिक और फ्युजन बीट्स के बीच जयपुराइट्स के कदम खूब थिरके और ताल से ताल मिलाते नजर आए।

कुछ ऐसा ही नजारा शुक्रवार को श्री अग्रवाल समाज समिति के बैनर तले चल रहे श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित डांडिया महोत्सव के दौरान देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष ओपी अग्रवाल व समारोह अध्यक्ष राजेन्द्र केडिया, मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी व उद्यमी रमेश चन्द्र नारनौली राजवेश वाले, प्रमुख समाजसेवी व उद्यमी नारायण अग्रवाल चावल वाले, विशिष्ट अतिथि अंकित अग्रवाल, मेघना अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के समक्ष पूजा व महाराजा अग्रसेन की आरती व माता की आराधना कर किया। इस मौके पर श्री अग्रवाल शिक्षा समिति के महासचिव नरेश सिंघल, महोत्सव के मुख्य संयोजक कैलाश मित्तल, मुख्य समन्वयक मनीष मंगोड़ीवाला, अग्रचेतना मैराथन प्रभारी सफारी ग्रुप के पवन गोयल व शोभायात्रा संयोजक अशोक गर्ग सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इसके बाद शुरू हुआ डांडिया मस्ती का दौरान,जिसमें दिलकश परिधानों में युवक युवतियों ने जहां घेरा बनाकर गरबा खेला हाथों में स्टिक्स लेकर घेरे मे ढोली तारो ढोल बाजे...सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरावाली...नगाड़ा संग ढोल बाज... रंगीला मारो ढोलना... राधा कैसे ना जले मैं तो भूल चली बाबुल का देस...जैसे पारंपरिक गीतों पर डांडिया खनकाते दिखे। बच्चों से लेकर हर उम्र के लोग इस भव्य आयोजन के गवाह बने और गरबे -डांडिया का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर हर वर्ग का समाजबंधु डांडिया की खुमारी में डूबा नजर आया। इस मौके पर प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिला। डांडिया महोत्सव की आयोजन समिति में रहे चन्द्र शेखर चैधरी, सुरेन्द्र गर्ग, समिति के अतिरिक्त मंत्री विनोद कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रहलाद दादीया, उपाध्यक्ष सुनील मितल, आनन्द गुप्ता महावीर शाह उपस्थित रहे।

# अग्र स्वयंसेवक संघ-योग पैराडाइज के गरबा में झूमे



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मालवीय नगर में अग्र स्वयंसेवक संघ और योग पैराडाइज की ओर से गरबा 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित के साथ एडवांस योग टीम के दीप गरबा द्वारा हुआ। इस अवसर पर अग्र स्वयंसेवक संघ के डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. नितिन शारदा भगेरिया, अनिल गोयल, एडवांस योग गुरु प्रभाकर श्रीवास्तव, योग पैराडाइज निदेशक तान्या एवं नेहा, क्रिएटिव डायरेक्टर दिव्यांशु सक्सेना ने मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा का स्वागत किया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे गरबा प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विजेताओं को फाउंडर डॉ आलोक गुप्ता, अनिल गोयल और उभरते युवा राजनेता नीरज चतुर्वेदी ने पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



# रॉन्ग नंबर पर कॉल लगने से मुलाकात के बाद मूकबधिर से रेप

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर की होटल में मूकबधिर लड़की से रेप का मामला सामने आया है। रॉन्ग नंबर लगने पर वीडियो कॉल के जरिए आरोपी लड़के से उसकी मुलाकात हुई थी। धोखे से मिलने के बहाने बुलाकर आरोपी ने जबरन उसके साथ रेप किया। इस पर पीड़ित युवती के पिता ने जयपुर कमिश्नरेट के पुलिस स्टेशन में आरोपी लड़के के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी मूकबधिर बेटी के साथ अनजान लड़के ने रेप किया है। आरोप है कि करीब 10 दिन पहले मूकबधिर बेटी की रॉन्ग नंबर के चलते आरोपी लड़के से वीडियो कॉल पर इशारों में बातचीत हुई, इसके बाद वीडियो कॉल कर मूकबधिर लड़की से आरोपी ने दो-तीन बार इशारों में बात की। पिछले दिनों मिलने के बहाने बुलाकर उसे हाट बाजार में ले गया। इसके बाद वीडियो कॉल कर धोखे से मिलने के बहाने बुला लिया। मिलने जाने पर बाइक पर बैठाकर आरोपी उसे एक होटल में ले गया। होटल में अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ जबरन रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में किसी को नहीं बताने को लेकर भी धमकी दी। डरी-सहमी पीड़िता ने कुछ दिन चुपचाप रहने के बाद अपने परिजनों को आपबीती बताई। मूकबधिर बेटी के साथ दरिंदगी का पता चलने पर परिजनों ने थाने जाकर अनजान लड़के के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी युवक के मोबाइल नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# सेंट्रल जेल में नशीली दवाइयां सप्लाई करने वाले तीन बदमाश धरे

## उत्तर प्रदेश से मंगवाई गई लाखों रुपए की 37 हजार से अधिक नशीली टैबलेट बरामद

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर सेंट्रल जेल में नशीली दवाइयां सप्लाई करने वाले 3 आरोपियों को भांकरोटा इलाके से पकड़ गया है। आरोपियों से लाखों रुपए की 37 हजार 410 नशीली टैबलेट बरामद की गई है। तीनों को ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने पकड़ा है। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आरोपी संपत सिंह शेखावत निवासी जयसिंहपुरा भांकरोटा, अंकुश अग्रवाल निवासी अभिनंदन एनक्लेव जयसिंहपुरा और अभिराज सिंह निवासी गाजीपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। कमिश्नर ने बताया कि सीएसटी को कुछ दिन पहले इनपुट मिला था कि भांकरोटा इलाके में रहने वाले कुछ लोग उत्तर प्रदेश से नशीली टैबलेट मंगवा रहे हैं। इसके लिए आरोपियों ने ऑनलाइन पैसे भी ट्रांसफर किए हैं। कमिश्नरेट की तकनीकी टीमें लगाकर बदमाशों के मूवमेंट पर निगरानी रख रही थी। इस दौरान गाजीपुर से अभिराज सिंह टैबलेट लेकर जयपुर पहुंचा तो सीएसटी ने उसे दबोच लिया।

साथ ही यहां टैबलेट लेने वाले संपत सिंह शेखावत और अंकुश अग्रवाल को भी पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आया कि ये दवाइयां जयपुर सेंट्रल जेल और शहर में कई गिरोह को सप्लाई करना था। जेल में सामान सप्लाई करने वाले कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी भूमिका जांच की जा रही है।

### बदमाशों की पूर्व की गतिविधियों की जांच जारी

अब पुलिस तकनीकी आधार पर इन बदमाशों की पूर्व की गतिविधियों की जांच कर रही हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि उनकी टीम निरंतर नशे के खिलाफ एक्शन ले रही हैं, लेकिन अगर प्रभावी कार्रवाई चाहिए तो आमजन को पुलिस की मदद करनी होगी। आमजन किसी भी माध्यम से पुलिस को सूचना दे सकते हैं, उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा। अगर उनकी जानकारी में ऐसा काम करने वाला कोई व्यक्ति या गिरोह हो तो वह केवल सूचना दे। पुलिस टीम तत्काल एक्शन लेगी, जिससे नशे के सप्लायरों को रोका जा सकता है।

### जेल में तलाशी के दौरान बंदियों के 6 फोन जब्त

इससे पहले सेंट्रल जेल में जेल प्रशासन की ओर से सर्च ऑपरेशन किया गया था। बंदियों ने अपनी बैरकों में 6 मोबाइल छिपा रखे थे, जिन्हें जब्त कर चार बंदियों के खिलाफ लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। एसएचओ लालकोठी प्रकाश राम बिश्नोई ने बताया कि जेल में तलाशी के दौरान वार्ड नंबर-3 के बैरक नंबर-2 में विचाराधीन बंदी दानिश मोहम्मद उर्फ मक्खी के पास मोबाइल व सिमकार्ड मिला। वहीं वार्ड नंबर-6 में लावारिस मोबाइल पड़ा मिला। वार्ड नंबर-5 के बंदी गोगराज गड़वाल, रोहिताश उर्फ रावत व ब्रह्मस्वरूप बुनकर की तलाशी में एक मोबाइल बरामद किया गया। इसके अलावा भी तलाशी में जेल प्रशासन को तीन अन्य मोबाइल मिले हैं।

# कोचिंग छात्रा से मोबाइल छीनकर भागे स्कूटी सवार बदमाश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा से लूट का मामला सामने आया है। छात्रा अपने दोस्त से मिलने के लिए पीजी से निकली थी। इस दौरान स्कूटी से आए दो बदमाशों ने उसके साथ मोबाइल स्नैचिंग की वारदात की। सूचना पर शिप्रापथ थाना पुलिस ने नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। एएसआई राजाराम ने बताया कि टोंक के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी नेहा के साथ लूट की वारदात हुई है। वह महेश नगर इलाके में पीजी हॉस्टल में रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही है। वह शुक्रवार को रीको एरिया के सेक्टर-5 में अपने दोस्त से मिलने जा रही थी। सेक्टर-5 में जाते समय पीछे से दो लड़के स्कूटी पर आए और झपट्टा मारकर उसके हाथ में लगा मोबाइल छीन ले गए। इस पर छात्रा ने शोर मचाकर पीछा किया, लेकिन दोनों बदमाश तेजी से स्कूटी लेकर फरार हो गए। मोबाइल स्नैचिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ लुटेरों की तलाश कर रही है।

# अस्पताल में डिलीवरी के बाद इलाज के दौरान प्रसूता की मौत

## नवजात भी गंभीर, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप, परिजनों का विरोध-प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** जिले के जनाना अस्पताल में एक प्रसूता की डिलीवरी के बाद इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। प्रसूता के परिवार ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद परिवार ने क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। मृतक महिला का नवजात शिशु भी गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती है। परिवार का आरोप है कि जनाना अस्पताल के डॉक्टरों ने गलत तरीके से ऑपरेशन किया, जिसके कारण खून नहीं रुक रहा था। कोटड़ा बैरवा बस्ती निवासी त्रिलोक बैरवा ने बताया कि उसकी पत्नी पूजा बैरवा गर्भवती थीं। डिलीवरी के लिए उसे जनाना अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, वहां ऑपरेशन के जरिए एक लड़का हुआ। ऑपरेशन के बाद पूजा को ब्लीडिंग शुरू हो गई और बाथरूम बंद हो गया। पति ने बताया कि इसकी सूचना डॉक्टर संध्या चौधरी व नर्सिंग स्टाफ को दी गई। डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन करने की बात कही गई थी। बाद में डॉक्टर व स्टाफ ने उससे एक खाली पेपर पर साइन करवा लिए। इस मामले में जनाना अस्पताल की अधीक्षक डॉ. पूर्णिमा पचौरी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।




### ऑपरेशन के बाद बिगड़ी महिला की तबीयत

पति ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के बाद एक और ऑपरेशन किया गया, जिससे पत्नी पूजा की हालत बिगड़ गई। उसे जेएलएन अस्पताल रैफर किया गया, जहां भर्ती होने के कुछ दिन बाद शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी की मौत डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई। पूजा बैरवा की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार और समाज के लोग जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी पर इकट्ठा हो गए। डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### शिकायत पर जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

क्रिश्चियन गंज थाने के एएसआई सूरज कुमार ने बताया कि पूजा बैरवा की इलाज के दौरान मौत हो गई। पति की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया ने कहा कि उन्हें अभी तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बाल सुधार गृह में छापा मारकर मोबाइल व इयरफोन बरामद



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बाल सुधार गृह में बंद बच्चों के पास मोबाइल, चार्जर व इयरफोन मिले हैं। पुलिस टीम को इनपुट मिला था कि जयपुर जेल के अलावा बाल सुधार गृह में भी मोबाइल का उपयोग किया जा रहा है। इस पर टीम ने छापामारी की। मामले की जांच एएसआई शिवदयाल को सौंपी गई है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजु जार्ज जोसफ ने बताया कि बाल सम्प्रेषण गृह सेठी कालोनी में बच्चों की ओर से लगातार मोबाइल का उपयोग करने की शिकायतें मिल रही थी। इसे देखते हुए थानाधिकारी ट्रांसपोर्ट नगर को अतिरिक्त जाब्ता उपलब्ध करवाया गया। गोपनीय तरीके से तकनीकी सहायता से छापेमारी का प्लान बनाया गया। छापेमारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई थी। टीम बाल सुधार गृह पहुंची। सीआई ट्रांसपोर्ट नगर और उनकी टीम ने बाल सुधार गृह अधीक्षक सुनील भार्गव और उनके कर्मचारियों के साथ मिलकर तलाशी शुरू की। सर्च के दौरान पुलिस टीम को मौके से 17 मोबाइल, 6 मोबाइल चार्जर और 2 इयरफोन मिले। मोबाइल फोन और सिम जेल में कैसे पहुंचे, किन आधार कार्ड से यह मोबाइल सिम एक्टिव हुई, कौन लोग इसका उपयोग कर रहे थे, किन-किन नंबरों पर बाल सुधार गृह से फोन गए, इसकी जांच की जा रही है।

# बोलेरो में तस्करी कर ले जा रहा 10 क्विंटल डोडा-चूरा पकड़ा

## एस्कॉर्ट कर रही क्रेटा कार, बोलेरो और 1.62 करोड़ का माल जब्त



महानगर संवाददाता


**भीलवाड़ा।** जिले में 1 करोड़ 62 लाख का अवैध डोडा-चूरा पकड़ा गया है। यह 10 क्विंटल माल एक बोलेरो में भरकर ले जाया जा रहा था, जिसे एक क्रेटा कार एस्कॉर्ट कर रही थी। नाकाबंदी में रायपुर थाना पुलिस और डीएसटी ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। बोलेरो के साथ क्रेटा कार को भी जब्त किया गया। रायपुर थाना प्रभारी अर्जुन लाल ने बताया कि डीएसटी के कांस्टेबल गोपाल राम ने टेलीफोन पर पुलिस को बताया कि डीएसटी के इंचार्ज हैड कांस्टेबल अशोक कुमार गंगापुर से रायपुर की तरफ आ रही 2 गाड़ियों का पीछा कर रहे हैं। इनमें एक क्रेटा कार एक बोलेरो को एस्कॉर्ट कर रही है और गाड़ी का ड्राइवर पुलिस जीप को देखकर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। क्रेटा गाड़ी के पीछे आ रही बोलेरो पिकअप का ड्राइवर पुलिस को देखकर पिकअप को पारवती गांव की ओर कच्चे रास्ते की तरफ ले जाने लगा। इस दौरान जब पीछा किया तो अंधेरा होने के चलते ड्राइवर मौके से भाग निकला। पिकअप की तलाशी ली तो इसमें बड़ी मात्रा में अफीम डोडा चूरा भरा मिला। थाने लाकर वजन करवाने पर यह 10 क्विंटल 81 किलोग्राम निकला, जिसकी बाजार कीमत 1 करोड़ 62 लाख 15 हजार रूपए आंकी गई। पुलिस ने तस्करी के काम आ रही पिकअप व क्रेटा कार को जब्त किया है और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मामा-भांजे ने फाइनेंस कंपनी बनाई, करोड़ों रुपए लेकर फरार

## गुस्साए पीड़ितों ने आरोपियों के घर में की तोड़फोड़, तीन बाइक फूंकी

महानगर संवाददाता

**अलवर।** खैरथल-तिजारा में मामा-भांजे ने नवअंश इंडिया निधि लिमिटेड के नाम से फाइनेंस कंपनी बनाई। खुद का ऑफिस खोला और लोगों को रकम पर साल का 24 फीसदी तक ब्याज देने का झांसा दिया। उन्होंने बॉन्ड, पासबुक व रसीदें भी छपवाईं। पहले कुछ साल ब्याज के साथ रुपए लौटाकर विश्वास जीता। इसके बाद लोग झांसे में आकर मेहनत से कमाई हुई मोटी रकम एफडी और आरडी में जमा कराने लगे। 15 साल में निवेश के नाम पर जमा किए गए करोड़ों रुपए लेकर मामा-भांजा फरार हो गए। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने गांव में उनके घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी और तीन बाइक आग के हवाले कर दी। पुलिस पहुंची तो लोगों का गुस्सा देख लौटना पड़ा, लेकिन बाद में भारी फोर्स के साथ आई। फिलहाल गांव में शांति है। अब गांव के घर-घर में एक ही चर्चा है कि मेहनत से कमाकर जमा किया रुपया वापस कैसे आएगा? सिलाई, खेतों में मेहनत-मजदूरी कर जमा कराए रुपयों से किसी को बेटियों की शादी करनी थी तो किसी को मकान बनाना था। अब सभी सपने चूर होते दिख रहे हैं। जानकारी के अनुसार मातौर गांव में रहने वाला दाताराम चौधरी खेती-बाड़ी के साथ पशुओं से अच्छी कमाई कर रहा था। साल 2010 में हरियाणा में रहने वाले भांजे नरेश चौधरी ने ठगी की योजना बनाई।



### रकम पर सालाना 24 प्रतिशत ब्याज देने का झांसा

मामा-भांजा ने मिलकर नवअंश इंडिया निधि लिमिटेड के नाम से फाइनेंस कंपनी बनाई। इसके बाद मातौर गांव में बस स्टैंड के पास मेन रोड पर खुद की दुकानों में ऑफिस खोला। इसके बाद दोनों ने लोगों से संपर्क कर खाते खुलवाने और राशि अलग-अलग स्कीमों में जमा करवाने के लिए राजी किया। गांव के कुछ लोगों को एजेंट बनाकर खाते खुलवाने का टारगेट दिया। लोगों को राशि पर 2 प्रतिशत मासिक और सालाना 24 प्रतिशत ब्याज देने का झांसा दिया गया। लोन लेने पर राशि पर 3 प्रतिशत ब्याज और तय समय से पहले जमा राशि निकलवाने पर 10 प्रतिशत कटौती का नियम बनाया गया। इन शर्तों को रसीद और पासबुक पर प्रिंट करवाया गया।

### जरूरत पर लोन मिलने लगे और बढ़ता गया लेनदेन

सबसे पहले स्थानीय कमेटियों में बचत की राशि जमा कराने वालों को टारगेट किया गया। ब्याज के साथ जमा राशि लौटाने का वादा किया। लोगों को 3 प्रतिशत ब्याज पर रुपए दिए जाने लगे। जरूरत पर लोगों को लोन मिलने लगे और लेनदेन बढ़ता गया। 15 साल तक कई लोगों को ब्याज समेत राशि लौटाई गई। लालच बढ़ा तो निवेशक स्कीम मैच्योर होने वाली राशि को वापस जमा कराने लगे। इसके साथ ही अन्य लोगों ने भी बचत और पेंशन के रुपए के अलावा मोटी रकम जमा कराना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के अलावा खैरथल-तिजारा और मुंडावर के हजारों लोगों के खाते खोले गए। ऑफिस में करोड़ों रुपए जमा हो गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों की तलाश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पृथ्वीराज रोड पर सेंट्रल पार्क के सामने अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने युवक के शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक के परिजनों को खोज रही है। पुलिस के अनुसार गत 24 सितम्बर की अलसुबह सेंट्रल पार्क के गेट नम्बर 4 के सामने तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल लाया गया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 साल के बीच है और उसने हल्के हरे रंग का पायजामा व सफेद रंग की टी शर्ट पहन रखी है।

# कंटेनर ने सड़क पार कर रही मां-बेटी को कुचला, एक की मौत

महानगर संवाददाता

**कोटपूतली-बहरोड़।** जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर पावटा बस स्टैंड के पास एक तेज रफ्तार कंटेनर ने मां-बेटी को कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं, उसकी बेटी गंभीर घायल हो गई। दोनों रात्रि जागरण से लौट रही थी और सड़क पार करने के दौरान कंटेनर की चपेट में आ गईं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पावटा निवासी मृतका उर्मिला देवी के बेटे प्रहलाद ने बताया कि मां और बहन सीमा मामा के घर जागरण में कोटपूतली गई थीं। जहां मां और बहन उतरीं, वहां से 600 मीटर दूर मेरा घर है। घर आने के लिए वह हाईवे को पैदल पार कर रही थीं। इसी दौरान कंटेनर ने उन्हें कु चल दिया। हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बहन सीमा गंभीर घायल हो गई। ड्राइवर कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रहलाद सैन ने बताया कि डेढ़ साल पहले उनके माता-पिता रामेश्वर की यात्रा पर गए थे, लौटते समय पिता की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। बेटी सीमा 3 साल से मां के पास ही रही है। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कंटेनर ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग भतीजे से यौन उत्पीड़न के आरोप में चाची गिरफ्तार

## पास जाने से इनकार किया तो किया रेप केस, पैसे-मोबाइल भी छीने

महानगर संवाददाता

**बीकानेर।** जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने चाची को नाबालिग भतीजे से यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने जिले के नाल थाना में नाबालिग के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया। पुलिस जांच में महिला की कहानी झूठी निकली। वहीं नापासर थाने में नाबालिग के मां-बाप ने यौन-उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। जांच के बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार कर पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि 24 वर्षीय शादीशुदा महिला नाबालिग का देह शोषण करती थी। कुछ समय बाद नाबालिग उसके पास जाने से इनकार करने लगा। इस बात से नाराज आरोपी ने उसे धमकाने-डराने के लिए उस पर रेप केस कर दिया। जांच में महिला की कहानी झूठी निकली। वहीं, नाबालिग के परिवार ने भी नाल थाने महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया। उन्होंने यौन उत्पीड़न के साथ नाबालिग के रुपए-मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर और आईटीओ को 4-4 साल जेल

## रिश्वत मामले में 1.10 लाख का जुर्माना भी लगाया, बिचौलिए की भूमिका निभाने वाला ज्वेलर बरी

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** रिश्वत मामले में इनकम टैक्स विभाग के पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त पवन कुमार शर्मा और पूर्व आईटीओ शैलेंद्र भंडारी को चार-चार साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने दोनों पर 1.10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

जोधपुर के स्पेशल सीबीआई कोर्ट के जज भूपेंद्र सनाढ्य ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। वहीं बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले ज्वेलर को बरी कर दिया। सरकारी वकील भगवानसिंह भंवरिया ने बताया कि पवन कुमार शर्मा 1981 बैच का आईआरएस अधिकारी रहा। सीबीआई को जांच के दौरान उसके बंगलों में हर कमरे में 18-18 हजार रुपए के डिजाइनर पंखे लगे मिले थे। उसे चांदी के कप में चाय पीने और सोने के चम्मच का इस्तेमाल करने का शौक था। इसके अलावा अलग-अलग जिलों में भी संपत्ति मिली थी। मामला 31 मार्च 2015 का है। बाड़मेर के व्यापारी की शिकायत के बाद पवन कुमार शर्मा, शैलेंद्र भंडारी और ज्वेलर चंद्रप्रकाश कट्टा को गिरफ्तार किया गया था।



### व्यापारी से रिश्वत मांगी, 23 लाख में हुई डील

बाड़मेर के व्यापारी किशोर जैन ने सीबीआई को शिकायत दी थी, इसमें बताया था कि आयकर विभाग ने उसकी टैक्स देनदारी को मूल 2.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12 करोड़ रुपए कर दिया था। इस मामले को निपटाने के लिए विभाग के अधिकारियों ने शुरुआत में 25 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। बाद में बातचीत के बाद 23 लाख रुपए तय हुई। किशोर जैन की शिकायत के बाद सीबीआई ने ट्रैप ऑपरेशन की योजना बनाई। मार्च 2015 में जौहरी चंद्रप्रकाश कट्टा के शोरूम पर शैलेंद्र भंडारी को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों पकड़ा गया। यह रकम मुख्य आयकर आयुक्त पवन कुमार शर्मा की तरफ से ली जा रही थी। इस ऑपरेशन में सीबीआई ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था।

### सीबीआई जांच में 400 करोड़ की संपत्ति का दावा

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई की जांच में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। पवन कुमार शर्मा के पास जयपुर, जोधपुर, अजमेर व बेंगलुरु में कुल 400 करोड़ रुपए की संपत्ति होने का पता चला। इनमें बंगले व फार्महाउस शामिल थे। इन्हें लग्जरी फर्नीचर और बेशकीमती सामान से सजाया गया था, जिनकी कीमत भी करोड़ों रुपए में थी। उसके घर से 50 बोतल महंगी विदेशी शराब भी बरामद हुई थी। सीबीआई ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि विभाग के अफसरों ने किशोर जैन से उसकी कंपनी के वर्ष 2012-13 के आयकर असेसमेंट को सुलझाने के लिए 23 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

# युवती को टंकी पर बैठाकर युवक ने रफ्तार में दौड़ाई बाइक

महानगर संवाददाता



**अजमेर।** एक युवक के बाइक की टंकी पर एक युवती को बैठाकर ले जाने का वीडियो शेयर हो रहा है। वीडियो में युवक हाईवे पर तेज रफ्तार से बाइक दौड़ाता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद अजमेर जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मामले में अलवर गेट और आदर्श नगर थाना पुलिस जांच में जुट गई है। जमकर शेयर हो रहे इस 42 सैकंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक युवक हाईवे पर बाइक चला रहा है। वहीं एक युवती बाइक की टंकी पर बैठी हुई है। युवती बिना हेलमेट के नजर आ रही है, वहीं युवक हेलमेट पहनकर तेज रफ्तार में हाईवे पर बाइक दौड़ाते हुए दिखाई दे रहा है। हाईवे पर कार सवार एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर शेयर कर दिया।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें
और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# ‘शिल्पकार आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी’ का हुआ आगाज



## अपने कौशल का लोहा मनवा चुके राजस्थान के प्रतिष्ठित 12 शिल्पकारों की अद्वितीय प्रदर्शनी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अद्वितीय प्रदर्शन है-शिल्पकार आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी-2025, जिसमें 12 शिल्पकार अपने अद्भुत शिल्प कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। ये शिल्पकार, जिन्होंने विभिन्न पारंपरिक कलाओं में महारत हासिल की है, भारतीय शिल्पकला में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय पहचान और पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। इस प्रदर्शनी का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन सिविल लाइंस विधायक गोपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदर्शनी में प्रेजिडेंट, राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के.एल. जैन, डीसी हैंडिक्राफ्ट्स सीतापुरा जयपुर, वरिष्ठ सहायक निदेशक, रजत वर्मा और सुधीर माथुर शामिल रहे।

प्रदर्शनी में सबसे खास आकर्षण का केंद्र रहा प्रसिद्ध रत्न शिल्पकार, पृथ्वीराज कुमावत द्वारा बनाई गई पन्ना रत्न जड़ित उत्कृष्ट प्राकृतिक कृति, जिसके दोनों ओर गणेश जी की जटिल आकृतियां उकेरी गई हैं और इसे बड़ी ही कुशलता और बारीकी से तैयार किया है। इस नक्काशी को नाजुक फूलों और पत्तियों से सजाया गया है। मूर्ति का वजन 2367 कैरेट, ऊंचाई 8 सेमी., चौड़ाई 9 सेमी. तथा गहराई 6 सेमी. है। राज्य स्तरीय एवं कलारत्न पुरस्कार से सम्मानित, सुनीश मारू की बजरंग बलि की विश्व प्रसिद्ध जेमस्टोन पेंटिंग, जो अन्यत्र कहीं नहीं बनाती है, इस प्रकार की पेंटिंग को कांच के पीछे से बनाया जाता है। राम सोनी द्वारा भगवान कृष्ण की यमुना तट पर कदम वृक्ष के नीचे अपनी गाय चराते हुए बैठे सांझी आर्ट (पेपर कटिंग) चित्र जो गोचारण लीला को दर्शाता है और शिल्पगुरु विनोद कुमार जांगिड़ की चन्दन की लकड़ी पर नक्काशी से भगवान महावीर के मंदिर में भगवान की 24 तीर्थंकरों का निवास है।



### पेंटिंग्स की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा ने राजस्थान यूनिवर्सिटी के विजुअल एंड आर्ट्स के स्टूडेंट्स की ओर से ‘अनफोल्ड-दी नेक्स्ट चैप्टर’ थीम पर जवाहर कला केंद्र की सुकृति गैलरी में लगाई गई पेंटिंग्स की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसमें राजस्थान यूनिवर्सिटी के 9 विद्यार्थियों द्वारा तैयार विभिन्न पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई। विधायक शर्मा ने सभी विद्यार्थी कलाकारों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ में मूंग खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीयन आज से

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक के अनुसार श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ़ जिले में मूंग की आवक को देखते हुए ऑनलाइन पंजीकरण 27 सितम्बर से प्रारम्भ किए जा रहे हैं। किसान जनआधार कार्ड एवं ऑनलाइन गिरदावरी से अपना पंजीकरण ई-मित्र के माध्यम से करवा सकते हैं। दक ने यह भी बताया कि शेष जिलों में मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन के लिए पंजीकरण शीघ्र प्रारम्भ किए जाएंगे। भारत सरकार द्वारा मूंग का समर्थन मूल्य 8768 रुपए, उड़द का 7800 रुपए, मूंगफली का 7263 रुपए एवं सोयाबीन का 5328 रुपए प्रति क्विंटल एफ.ए.क्यू श्रेणी का घोषित किया गया है। समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीद के लिए पीएसएस गाइडलाइन के अनुसार भारत सरकार को अंडरटेकिंग भिजवाए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। भारत सरकार से खरीफ 2025 की दलहन-तिलहन की खरीद के लिए जिन्सवार लक्ष्य प्राप्त होने के साथ ही खरीद प्रारम्भ कर दी जाएगी। खरीद से संबन्धित सभी कार्यवाही/ व्यवस्थाएं पूर्ण करने हेतु राजफेड अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। दक ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन के लिए किसान को जनआधार कार्ड नम्बर, खसरा गिरदावरी की ऑनलाइन प्रति पंजीयन फार्म के साथ अपलोड करनी होगी। जिन किसानों द्वारा बिना गिरदावरी के पंजीयन करवाया जाएगा, उनका पंजीयन समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए मान्य नहीं होगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था ई-मित्र से प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक की गई है।

WORLD TOURISM DAY 2025
TOURISM AND SUSTAINABLE TRANSFORMATION
27th सितंबर, 2025



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

राजस्थान
जहां के आसमान से बरसता है आनंद




पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: www.tourism.rajasthan.gov.in
फॉलो करें:
राजस्थान
भारत का अतुल्य राज्य !
राजस्थान संवाद

MARUTI SUZUKI ARENA

त्योहारों की ख़ुशी
अब हुई और बड़ी

GST लाभ और सीमित अवधि फैस्टिव ऑफ़र्स के साथ
30 सितंबर, 2025 तक मान्य

| MODEL | S-PRESSO | ALTO K10 | CELERIO | WAGONR | SWIFT | DZIRE | BREZZA | ERTIGA | EECO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| REDUCTION IN PRICE^ (₹) UP TO | 129 600 | 107 600 | 94 100 | 79 600 | 84 600 | 87 700 | 112 700 | 46 400 | 68 000 |
| NOW STARTING AT^ (₹) | 349 900 | 369 900 | 469 900 | 498 900 | 578 900 | 625 600 | 825 900 | 880 000 | 518 100 |
| ADDITIONAL FESTIVE OFFERS* (₹) UP TO | 60 000 | 70 000 | 65 000 | 75 000 | 70 000 | 5 000 | 56 000 | 7 500 | 45 000 |

BOOK NOW
UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER ON CAR FINANCE#



ARENA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
Contact us at 1800-102-1800

T&C available at dealership. Features/accessories vary by variant. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. *Offers / Prices differ by variant/model/location/city and may change or end without notice. Includes consumer, exchange, and institutional/rural offers (where applicable) on select models. Offer values shown are maximums. Prices subject to GST rates as notified by the Government. ^Reductions and starting prices vary by variant. #Valid with select financiers, for personal-use vehicles only.

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25